* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 303


भारत-चीन सीमा पर तैनात होंगी आइटीबीपी की 4 बटालियन









## ‘चंदा मामा’ के नजदीक पहुंचा चंद्रयान-3, तस्वीरें भेजीं

# आज शाम 6.04 बजे चांद पर होगी लैंडिंग

- आखिरी 15 मिनट सबसे मुश्किल और अहम होगा
- सुनीता विलियम्स बोलीं, पल का बेसब्री से इंतजार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 अब ‘चंदा मामा’ के बिल्कुल करीब पहुंच गया है। वह केवल चांद से 70 किमी दूर और लैंडिंग पोजिशन में है। चंद्रयान-3 बुधवार शाम 6.04 बजे चांद पर लैंड करेगा। यह जानकारी मंगलवार को इसरो ने दी। इसरो ने कहा कि सभी सिस्टम्स को समय-समय पर चेक किया जा रहा है। ये सभी सही तरह से काम कर रहे हैं। इसके साथ ही इसरो ने चांद की नयी तस्वीरें शेयर की हैं, जो चंद्रयान-3 ने क्लिक की हैं।

चंद्रयान ने 70 किलोमीटर की दूरी से लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा की मदद से ये तस्वीरें खींचीं हैं। चंद्रयान-3 फिलहाल चांद पर लैंडिंग के लिए सटीक जगह खोज रहा है। इसे 25 किलोमीटर की ऊंचाई से लैंड किया जायेगा।

**15 मिनट अहम, तय करेगा लैंडिंग करना है या नहीं :** चंद्रयान-3 के लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग में 15 से 17 मिनट लगेंगे। इस अवधि को '15 मिनट्स ऑफ टेरर' यानी 'खौफ के 15 मिनट्स' कहा जा रहा है। अगर चंद्रयान-3 मिशन सफल होता है, तो भारत का चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश बन जायेगा। चंद्रमा पर उतरने से दो घंटे पहले, लैंडर मॉड्यूल की स्थिति और चंद्रमा पर स्थितियों के आधार पर यह तय करेंगे कि उस समय इसे उतारना उचित होगा या नहीं। अगर कोई भी फैक्टर तय पैमाने पर नहीं रहा, तो लैंडिंग 27 अगस्त को करायी जायेगी।

**सफलता के लिए जगह-जगह हवन :** मिशन की सफलता के लिए देश में जगह-जगह पर हवन कराये जा रहे हैं। इनमें उत्तरप्रदेश के वाराणसी का कामाख्या मंदिर, श्री मठ बाघंबरी गद्दी और महाराष्ट्र के मुंबई का चामुंडेश्वरी शिव मंदिर शामिल है। उधर, भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने कहा कि चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने का मुझे बेसब्री से इंतजार है। मैं खुश हूं कि भारत अंतरिक्ष में रिसर्च और चंद्रमा पर स्थायी जीवन की खोज में सबसे आगे है।

# पुंदाग की जमीन खरीद-बिक्री की जांच के लिए एसआइटी गठित होगी

## हाइकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई पर दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में गैरमजरुआ भूमि की खरीद-बिक्री की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने पुंदाग मौजा के खाता 383 में हुई जमीन की खरीद-बिक्री की जांच का निर्देश दिया। कोर्ट ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि वरीय अधिकारियों के नेतृत्व में स्पेशल इंवेस्टीगेटिंग टीम (एसआइटी) गठित की जाये। यह कमेटी जांच रिपोर्ट अदालत को देगी। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में मंगलवार को इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

दरअसल, रांची में जमीन की गोरखधंधा खुलेआम चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगड़ी अंचल के पुंदाग मौजा के खाता संख्या 383 की गैरमजरूआ जमीन की दलालों और राजस्वकर्मियों ने मिल कर अवैध बंदोबस्ती कर ली है। कुल जमीन 431 एकड़ है। सूत्रों के मुताबिक पुंदाग मौजा की जमीन के सरकारी रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गयी। दस्तावेज कुछ इस प्रकार बनाये गये, जिसमें रिकॉर्ड का वॉल्यूम 36 वर्ष 1945 में अंकित गैर मजरूआ जमीन को वॉल्यूम 23 वर्ष 1979 में बदल कर कब्जा दिखाया गया, ताकि दोनों दस्तावेज एक दूसरे के पूरक दिखें। पुंदाग मौजा की गैरमजरूआ जमीन की लगान रसीद निर्गत पर रोक होने के बावजूद गोंदू महतो के खाता संख्या 383 खेसरा संख्या 462 रकबा दो एकड़ 31 डिसमिल की लगान रसीद 1953-1954 से 2014-2015 तक काटी गयी।

# सोमवारी में आइएएस मनीष रंजन ने की देवघर बाबा मंदिर में स्पर्श पूजा

- वीडियो हुआ वारयल, आरोप-प्रत्यारोप शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/देवघर।** सावन का महीना चल रहा है। इस दौरान देवघर के बाबा मंदिर में स्पर्श पूजा पर पूरी तरह से रोक है। वीआइपी हों या आम भक्त, गर्भ गृह में जाकर स्पर्श पूजा करने की मनाही है। भक्तों की भारी संख्या को देखते हुए पूरे सावन माह में अरघा के जरिए बाबा भोलेनाथ पर जलार्पण होता है, लेकिन पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री कार्तिकनाथ ठाकुर ने अपने फेसबुक पर एक वीडियो जारी कर सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं> उन्होंने जो वीडियो जारी किया है, उसमें झारखंड के सीनियर आइएएस मनीष रंजन बाबा की स्पर्श पूजा करते नजर आ रहे हैं। गर्भगृह में अन्य लोग भी खड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि मंदिर की परंपरा भंग कर सुबह सवा तीन बजे श्रृंगार हुआ। साढ़े तीन बजे सबेरे भोग लगा। इसके जिम्मेवार कौन। कड़ी कार्रवाई हो। मंदिर प्रबंधक, महाप्रबंधक, उप प्रबंधक सभी को बर्खास्त करें।

इस मसले पर पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री कार्तिकनाथ ठाकुर से फोन पर संपर्क किया गया। उन्होंने कहा कि वह अयोध्या में हैं। उन्हें उनके लोगों ने वीडियो भेजा है। बाबा मंदिर में नियम और धर्म विरूद्ध काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह देवघर के उपायुक्त को पत्र लिखकर जांच और कार्रवाई की मांग करने जा रहे हैं। पूरा खेल कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है। इस सवाल पर देवघर डीसी विशाल सागर ने कहा कि पूरे सावन माह में स्पर्श पूजा पर रोक है। अगर ऐसा कुछ हुआ है, तो वह जांच के बाद ही कुछ कह पायेंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने डुमरी विधानसभा में जनसभा को किया संबोधित, कहा

# ठगबंधन पर चोट करें, एनडीए को वोट करें: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों से राज्य को लूटा है। खान-खनिज, जमीन, बालू, पत्थर आदि सब लूटे हैं। ऐसी सरकार को राज्य से उखाड़ फेंकने की जरूरत है। इसकी शुरुआत डुमरी विधानसभा उपचुनाव से करें। ठगबंधन पर चोट करें और एनडीए को वोट करें। बाबूलाल मंगलवार को डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी (आजसू) के पक्ष में प्रचार के लिए पहुंचे थे। उन्होंने नावाडीह, धावा टांड़ और डुमरी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वह हेमंत सरकार पर जम कर बरसे।

बाबूलाल ने कहा कि आज राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। हत्या, लूट, चोरी डकैती, अपहरण की घटनाएं आम हो गयी हैं। राज्य की बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं। रोज बलात्कार की घटनाएं हो रहीं। बेटियों की हत्या हो रही, पेट्रोल से बेटियों को अपराधी जला दे रहे हैं। ये सब इसलिए हो रहा, क्योंकि राज्य की पुलिस कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की जगह वसूली करने में लगी है। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। ब्लॉक, थाना, कहीं भी जायें, बिना पैसे के आवास, जाति प्रमाण पत्र भी नहीं बनते। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि खान-खनिज की लूट हो रही। लोहा, कोयला, बालू, पत्थर सब की तस्करी और अवैध खनन हो रहा। राज्य के लोगों को घर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू नहीं मिल रहा। कोई गरीब अगर बालू निकाल ले तो पुलिस उसे पकड़ कर जेल भेज देती है। लेकिन सत्ता के बिचौलिए, दलाल और तस्कर खनिजों को राज्य से बाहर बेहिचक भेज रहे।

बाबूलाल ने कहा कि राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को बदलना जरूरी है। हेमंत सरकार के रहते राज्य में विकास की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में वहां की जनता ने एनडीए प्रत्याशी को जिता कर हेमंत सरकार पर कड़ी चोट की। अब डुमरी की जनता की बारी है। एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी को केला छाप पर बटन दबा कर वोट करें। इस मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, प्रणव वर्मा, पूर्व सांसद रविंद्र राय, रविंद्र पांडेय, विधायक ढुल्लू महतो, लंबोदर महतो, नीरा यादव, नागेंद्र महतो, छोटेलाल यादव, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, सुरेश साव आदि उपस्थित थे।

# पीएम के चेहते मंत्रियों के विभागों में भ्रष्टाचार उजागर, कहां हैं जांच एजेसियां: सुप्रियो

- बाबूलाल अपने चुनावी और संकल्प यात्रा में कैग की रिपोर्ट पर प्रकाश डालें, झूठ और फरेब न परोसें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जम कर हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को झामुमो कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि पीएम के निगरानी वाले भारत माला प्रोजेक्ट, उनकी चहेती मंत्री स्मृति इरानी के विभाग, स्वास्थ्य मंत्रालय, वित्त विभाग और रेल मंत्रालय में करोड़ों रुपये की अनियमितता का खुलासा उनके ही गुजरात कैडर के अधिकारी ने कैग रिपोर्ट में किया है। मगर केंद्रीय जांच एजेंसियों को यह नहीं दिख रहा है। इससे यह साबित होता है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां किसके इशारे पर और किसके फायदे के लिए काम करती हैं। जहां भी बनी सरकार को गिराना है या फिर चुनाव के पहले उसे अपने पाले में लाना है, उसके खिलाफ जांच एजेंसियां लगा दी जाती हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण महाराष्ट्र है, जहां दागी नेताओं को अपने पाले में जांच एजेंसियों के माध्यम से किया गया। यहां तक कि उपमुख्यमंत्री तक बना दिया गया।

**पीएम ने लाल किले से फिर झूठ और फरेब परोसने का काम किया :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 में एक जुमला कहा था, ना खाऊंगा न खाने दूंगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लाल किले से कई तरह के झूठ और फरेब जनता के समक्ष परोसा। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हर दिन देश में विकास का काम हो रहा है। प्रतिदिन 250 किमी सड़क बन रही है। हर महीने एक मेडिकल कॉलेज खुल रहा है। हर महीने एक एम्स बन रहा है। मगर प्रधानमंत्री और भाजपा को बताना चाहिए कि आयुष्मान भारत के नाम पर करोड़ों-अरबों रुपये की अनियमितता कैसे हो गयी। झूठ पर झूठ बोलने वाली प्रधानमंत्री की चहेती मंत्री स्मृति ईरानी के विभाग में भ्रष्टाचार कैसे हो गया। इतना ही नहीं, वित्त और रेल मंत्रालय में भी भारी अनियमितता का खुलासा कैग की रिपोर्ट में किया गया है। मजे की बात यह है कि जिस प्रोजेक्ट की निगरानी खुद प्रधानमंत्री और मिनिस्टर ऑफ ग्रुप कर रहे हैं, उसमें भ्रष्टाचार हो रहा है। अभी तो केवल तीन मंत्रालय की ही रिपोर्ट आयी है। सारे मंत्रालय की रिपोर्ट आ जाये, तो पूरी केंद्र सरकार ही भ्रष्टाचार में लिप्त नजर आयेगी। क्या 9 साल तक यही विकास हुआ। ये सब ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब आनेवाले दिनों में भाजपा को देना होगा।

**भाजपा को डुबोने का ठेका बाबूलाल को दे दिया है :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कैग की रिपोर्ट के बहाने बाबूलाल मरांडी को भी निशाने पर लिया। कहा कि वह मंगलवार को डुमरी गये हैं। क्या वहां पर कैग की रिपोर्ट, अपने शासन काल में ओबीसी आरक्षण 27 से 14 फीसदी करने, 1985 की स्थानीय नीति बनाने वाले रघुवर दास और उनका समर्थन करने वाले आजसू के पूर्व मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी और रघुवर सरकार द्वारा सीएनटी-एसपीटी एक्ट में संशोधन करने पर आगबबूला होने वाले बाबूलाल कुछ कहेंगे। इसका डुमरी और पूरे राज्य की जनता को इंतजार है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाबूलाल को पार्टी को डुबोने का ठेका दे दिया है। इसकी शुरूआत डुमरी और अंत 2024 चुनाव में होगा। डुमरी में इस बार तो जीत का अंतर एक लाख पार कर सकता है।

## न्यूज रील्स

### अब भारतीय एजेंसी तय करेगी कारों की सेफ्टी रेटिंग

नयी दिल्ली। देश में चलने वाली कारें कितनी सुरक्षित हैं, अब यह भारतीय एजेंसी ही तय करेगी। 1 अक्टूबर से वे सेफ्टी रेटिंग देना शुरू कर देंगी। पहले यह काम दो विदेशी कंपनियां करती थीं। बता दें कि कारों को 0 से 5 स्टार तक की रेटिंग दी जाती है। 0 मतलब अनसेफ और 5 मतलब पूरी तरफ सेफ। मंगलवार को दिल्ली में हुए एक इवेंट में केंद्रीय सड़क-परिवहन राज्यमंत्री नितिन गडकरी ने भारतीय एजेंसी भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम लांच की।

### एमपी में सरकार बनी तो करायेंगे जातीय जनगणना: खड़गे

सागर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को सागर में कहा कि मध्यप्रदेश में हमारी सरकार बनती है, तो हम यहां जातीय जनगणना करायेंगे। इससे मालूम चलेगा कि राज्य में किस तबके के कितने लोग गरीब और पिछड़े हैं। यह भी सामने आयेगा कि यहां कितने भूमिहीन लोग हैं। भाजपा ने हमारे विधायक चुरा कर मध्यप्रदेश में सरकार बनायी है। ये नाजायज सरकार है।

### सांसद नवनीत राणा को जान से मारने की धमकी

अमरावती। अमरावती की सांसद नवनीत राणा को जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपी की पहचान विट्ठल रा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सांसद को मोबाइल फोन के जरिए धमकी दी है। नवनीत के सेक्रेटरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राहुल गांधी लेह में सेना के रिटायर्ड अफसरों से मिले

लद्दाख। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 25 अगस्त तक लद्दाख के दौरे पर हैं। उन्होंने लेह मार्केट में आर्मी के रिटायर्ड अफसरों से मुलाकात की। राहुल ने उनके साथ तिरंगा फहराया और भारत माता की जय के नारे भी लगाये। इस दौरान मार्केट में लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गयी। राहुल ने मार्केट में खरीदारी भी की। राहुल ने बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा से भी मुलाकात की।

### नूंह में हिंसा के आरोपी का एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

नूंह। नूंह हिंसा के आरोपी का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। नूंह की अपराध शाखा ने आमने-सामने फायरिंग के बाद आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया। वह ढिडारा तावडू का रहनेवाला है। मुठभेड़ के बाद उसे तावडू स्थित अरावली की पहाड़ियों के खंडहर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पैर में गोली लगी है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,300 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो

# लौट रहा गठबंधन का दौर, देश के लिए अच्छा संकेत नहीं

## ■ एनडीए बनाम आइएनडीआइए के बीच पिस कर रह जायेगी विकास की गाड़ी

## ■ बड़े राजनीतिक दलों को इसके नफा-नुकसान का आकलन कर लेना चाहिए

आजाद सिपाही विशेष

**लोकतंत्र के यज्ञ में सबसे बड़ी आहुति (यानी चुनाव) देने के लिए तैयार हो रहे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का सियासी माहौल अब गरमाने लगा है। इसकी फिजाओं में चुनावी गंध महसूस होने लगी है। लेकिन इस बार आकार ले रहे सियासी परिदृश्य ने एक चिंता भी पैदा कर दी है और वह है गठबंधन का दौर। देश पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में गठबंधन की राजनीति का दौर देख चुका है और उसकी कीमत भी अदा कर चुका है। इसलिए देश के लोगों को इसकी चिंता है। वास्तव में गठबंधन की राजनीति का ध्येय सर्वसमावेशी है। यह 'बहुजन हिताय' से 'सर्वजन हिताय' की ओर बढ़ने का माध्यम है। लेकिन गठबंधन की राजनीति के अंतर्विरोध भी खूब हैं। गठबंधन में शामिल छोटे-छोटे दलों के नेता व्यक्तिगत स्वार्थों और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के कारण गठबंधन का नेतृत्व करनेवाले दल पर दबाव बना कर अपने निजी हितों की पूर्ति करना चाहते हैं। इसलिए राजनीतिक विविधताओं से भरे भारत में गठबंधन की सरकारें हकीकत भी हैं और फसाना भी। शायद इसीलिए आजादी के बाद से ही मिली-जुली सरकारों को देश के लिए अभिशाप बताने वाली कांग्रेस पार्टी ने कांटे से कांटा निकालने की तर्ज पर वर्ष 2004 में यूपीए गठबंधन को अमली जामा पहनाया और गठबंधन के बूते लगातार 10 साल तक सत्ता सुख भोगा। लेकिन वर्ष 2014 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत प्राप्त होने के बाद छोटे दलों की अहमियत वह नहीं रही, जो 90 के दशक में थी। पिछले नौ वर्षों में विपक्षी एकता की तमाम कोशिशें हुईं, पर नतीजा सिफर ही रहा। अब जबकि 2024 का आम चुनाव नजदीक आ रहा है, एक बार फिर गठबंधन पर सबका जोर है। क्या है गठबंधन की राजनीति और इसका देश पर क्या असर पड़ता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की सियासत की वर्तमान गतिविधियों का पहला निष्कर्ष यही निकलता है कि भारत फिर से गठबंधन सरकारों और राजनीति के दौर में वापस जा रहा है। एक ओर विपक्ष द्वारा 26 दलों का गठबंधन बनाने और उसके मुकाबले भाजपा द्वारा 38 दलों को साथ लेने के बाद दूसरा निष्कर्ष आ भी नहीं सकता। संयोग से यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब गठबंधन की राजनीति का रजत जयंती वर्ष चल रहा है। आज से ठीक 25 साल पहले 1998 में नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) नामक राजनीतिक मोर्चे का गठन हुआ था। इसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। बाबरी विध्वंस के बाद राजनीतिक रूप से लगभग अछूत बना दी गयी भाजपा को इससे न सिर्फ संजीवनी मिली, बल्कि तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेनेवाले अटल जी के नेतृत्व में देश में पहली बार किसी गैर कांग्रेसी सरकार ने अपना कार्यकाल भी पूरा किया।

इस हकीकत को जानने के बाद यहां दो प्रश्न उत्पन्न होते हैं। पहला, क्या वाकई वर्तमान राजनीति में गठबंधन फिर से अपरिहार्य हो गया है या इसके कारण दूसरे हैं? दूसरा, क्या वाकई देश का मानस गठबंधन सरकार स्वीकार करने का संकेत दे चुका है? इन सवालों पर गौर करने से पहले देश की राजनीति की कुछ सच्चाई पर ध्यान देना जरूरी है। एक, 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अकेले लोकसभा में बहुमत हासिल किया, जिसकी संभावना बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषक भी नहीं व्यक्त कर रहे थे। दूसरे, 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 303 का बहुमत मिलना इस बात का परिचायक था कि लोगों ने एक दल की बहुमत वाली सरकार की नीतियों के प्रति संतोष व्यक्त किया है। तीसरे, वैसे तो कई राज्यों में कुछ दलों की अकेले बहुमत वाली सरकारें चलती रहीं, किंतु नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय राजनीति में आविर्भाव के साथ भाजपा को 2013 में तीन राज्यों में अपार बहुमत मिला। फिर 2017 में सबसे जबर्दस्त परिणाम उत्तरप्रदेश विधानसभा का आया और 2022 में भाजपा सत्ता में लौटी। ये तीन पहलू और इस तरह की और भी घटनाएं बता रही हैं कि देश किसी एक दल के गैर-बहुमत वाली गठबंधन सरकार को स्वीकार करने की मानसिकता में नहीं था। देश का यह मानस अचानक नहीं बना। दरअसल, वर्ष 1989 से देश में गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ था। 1990 और 2000 के दशक में राज्यों में कई सरकारों का समय पूर्व पतन हुआ। इससे राजनीति का पूरा परिदृश्य विकृत होता गया। चुनाव का चक्रीय क्रम अस्त-व्यस्त हो गया। केंद्र की 1989 में विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 11 महीने भी नहीं चली और उसके




बाद चंद्रशेखर की सरकार तो चार महीने भी नहीं चल सकी। फिर प्रधानमंत्री नरसिंह राव को अपनी सरकार बचाने के लिए जो कुछ करना पड़ा, उसका परिणाम देश के समक्ष रिश्वत कांड के रूप में सामने आया। संयुक्त मोर्चा की सरकार पहले एचडी देवगौड़ा, फिर इंद्र कुमार गुजराल जैसे प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व में भी डेढ़ साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी। 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी, जो एक साल में ही गिर गयी। इस बीच राज्यों में तो 'आया राम गया राम' की ऐसी स्थिति पैदा हुई कि अनेक मामलों में न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा। 2010 के बाद से भारी मतदान की प्रवृत्ति बढ़ी और धीरे-धीरे राज्यों में पूर्ण बहुमत की सरकारें बनने लगीं। और अंततः 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मतदाताओं ने गठबंधन वाली सरकारों का दौर खत्म कर दिया। प्रश्न है कि आखिर केंद्र में लगातार दो बार बहुमत मिलने तथा देश की प्रवृत्तियां समझने के बावजूद भाजपा को गठबंधन की प्रतिस्पर्धा में शामिल होने की आवश्यकता क्यों हुई।

महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना को पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार बनाने से इंकार करने के बाद स्थिति बदली और कांग्रेस और राकांपा की मदद से उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाया गया। वहीं बिहार में कम सीटें पाने के बावजूद नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया गया। अंततः उन्होंने भी पाला बदल लिया। ऐसा लगता है कि इससे राज्यों को लेकर भाजपा का मानस बदला।

साफ है कि गठबंधन की ओर फिर से लौटने के पीछे सकारात्मक सोच या कारण नहीं है। इसलिए इसे स्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस यह मान चुकी है कि अब उसका प्रभावी राष्ट्रीय विस्तार संभव नहीं, इसलिए सत्ता पाने और भाजपा को हराने के लिए छोटे क्षेत्रीय दलों के साथ जाना जरूरी है। दूसरी ओर भाजपा ने भी मान लिया है कि विपक्षी गठजोड़ में जितने ज्यादा दल होंगे, उसको चुनौती देने की संभावना उतनी ही ज्यादा बढ़ेगी। इसलिए उन सारे दलों को साथ लाने की रणनीति अपनायी गयी है। जाहिर है, गठजोड़ की यह राजनीति दलों की आपसी व्यवस्था की परिणति है और यह भारतीय राजनीति की सामान्य स्थिति नहीं है।

जहां तक देश में राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन कर चुनावी मोर्चा तैयार करने की बात है, तो यह आजादी के बाद से ही विभिन्न स्वरूप में सामने आता रहा है। सदन के भीतर विपक्षी दलों के गठबंधन की बात पहली लोकसभा, यानी 1952 के गठन के साथ ही शुरू हो गयी थी।

नीति, कार्यक्रम और सिद्धांत के आधार पर सबसे लंबा गठबंधन पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों का रहा है, लेकिन चूंकि अब वे 'न तीन में रह गये हैं, न तेरह में', इसलिए उनकी गिनती तो छोड़िए, चर्चा तक बेमानी हो गयी है। हाल के वर्षों में केंद्र से लेकर राज्यों तक समय-समय पर बनने वाले गठबंधनों को देख कर लगता है कि गठबंधन बनते ही हैं बिगड़ने के लिए। विडंबना यह है कि गठबंधन बनाते समय जोर चेहरे पर रहता है, चाल और चरित्र पर नहीं। कई बार जनता को दिखाने के लिए साझा न्यूनतम कार्यक्रम भी बनाया जाता है, पर वास्तव में साझा कार्यक्रम सत्ता की बंदरबांट का ही होता है। बहरहाल, पिछले 25 वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर दो दीर्घजीवी और सफल गठबंधन रहे हैं। पहला भाजपानीत एनडीए और दूसरा कांग्रेसनीत यूपीए। एनडीए का यह सिल्वर जुबली वर्ष है। मोदी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए विपक्ष अब नया गठबंधन बनाने में जुटा है, लेकिन लगे हाथों एनडीए के शिविर में छोटे-बड़े हर तरह के दलों को शामिल करने की भाजपाई कवायद से यह साफ संकेत मिलता है कि गठबंधन की राजनीति का दौर आगे भी बदस्तूर चलनेवाला है। ऐसे में जरूरी है कि गठबंधन राजनीति की तेजी से गिरती साख को बचाने के लिए न्यूनतम साझा कार्यक्रम के साथ-साथ नीति और सिद्धांत के आधार पर भी एकजुटता की जमीन तैयार की जाये, ताकि मौकापरस्तों की मनमानी से बचते हुए स्थिर सरकार और सुशासन का आधार मजबूत हो।

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा**

"मिनी रोजगार मेला-2023"
-: सूचना :-

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : **24 अगस्त, 2023** को **जिला नियोजनायल, कोडरमा में** पूर्वाहन **10:00** बजे से अपराह्न **04:00** बजे तक एक दिवसीय "**मिनी रोजगार मेला- 2023**" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

| S.N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification Essential | Qualification Desirable | Age | Pay & Allow. | Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Manoranjan Singh, Outsource Company of KTPS, Koderma | Supervisor | 02 | 10th Pass | --- | 18-40 Yrs. | 16250/PM | --- |
| 02 | Grizzly Vidyalaya, Jhumri Telaiya, Koderma | TGT/ Chemistry | 01 | M.SC/B.ED | -- | 22-35 Yrs. | 25K/ PM | Min. 02 Year |
| | | Assist. Personality Development | 01 | MBA/B.Tech | -- | 22-35 Yrs. | 25K/ PM | Min. 02 Year |
| | | BIO Lab Assist. | 01 | M.SC/B.SC | -- | 22-35 Yrs. | 18K/PM | Min. 01 Year |
| | | PRT Hindi | 01 | MA/B.ED | -- | 22-35 Yrs. | 18K/PM | Min. 01 Year |
| | | TGT English | 01 | MA/B.ED | -- | 22-35 Yrs. | 25K/ PM | Min. 01 Year |
| | | PRE Primary | 02 | B.ED | D.EL.Ed | 22-35 Yrs.. | 18K/PM | Min. 02 Year |
| | | Primary S.S.T | 01 | B.ED | D.EL.Ed | 22-35 Yrs.. | 18K/PM | Min. 02 Year |
| | | PRT Science | 02 | B.ED | D.EL.Ed | 22-35 Yrs.. | 18K/PM | Min. 02 Year |
| | | PRT English | 01 | B.ED | D.EL.Ed | 22-35 Yrs. | 18K/PM | Min. 02 Year |
| | | TGT Computer | 03 | B.ED | D.EL.Ed | 22-35 Yrs. | 22K/PM | Min. 02 Year |
| | | TGT Sanskrit | 02 | MA/B.ED | -- | 22-35 Yrs. | 18K/PM | Min. 02 Year |
| | | Typist | 02 | Graduation | -- | 22-35 Yrs. | 15K/PM | Min. 02 Year |
| | | P.E.T | 01 | NPED | -- | 22-35 Yrs. | 30K/PM | Min. 02 Year |
| 03 | JKI Infrastructure Pvt ltd, Jhumri Telaiya, Koderma | Bariman | 02 | Unskilled | --- | 22-40 Yrs. | 8940/PM | Min. 02 Year |
| | | Helper | 02 | Unskilled | --- | 22-40 Yrs. | 8940/PM | Min. 02 Year |
| | | Elect. Asst. | 02 | Matric | --- | 22-40 Yrs. | 8940/PM | Min. 02 Year |
| | | Mechanical Asst. | 02 | Matric | --- | 22-40 Yrs. | 8940/PM | Min. 02 Year |
| 04 | Sai Electrocasting Pvt. Ltd, Jhumri Telaiya, Koderma | Cleaner | 01 | Non Matric | -- | Below 40 Yrs. | 8996/PM | --- |
| | | Helper | 03 | 10th Pass | -- | Below 40 Yrs. | 8996/PM | --- |
| | | Guard | 02 | 10th Pass | -- | Below 40 Yrs. | 9425/PM | --- |
| 05 | Vivekanand Convent School, Chechai, Koderma | English Teacher | 01 | Graduate | B.Ed (English) | 21-35 Yrs. | 10K/PM | --- |
| | | Security Guard | 01 | 10th Pass | 12th Pass | 18-40 Yrs. | 9K/PM | --- |
| 06 | Mohit Ventures Pvt. Ltd, Jhumri Telaiya, Koderma | Sales Marketing | 01 | Graduate | -- | 25-55 Yrs. | 40100/PM | --- |
| 07 | PVSS DAV Public School, Jhumri Telaiya, Koderma | Nursery Teacher | 01 | M.A/B.Ed, | -- | 23-55 Yrs. | 18000/PM | --- |
| | | PRT English Teacher | 01 | M.A/B.Ed, | -- | 23-55 Yrs. | 18000/PM | --- |
| | | PRT Sanskrit Teacher | 01 | M.A/B.Ed, | -- | 23-55 Yrs. | 18000/PM | --- |
| 08 | Jharkhand Public School, Salaidih, Inderwa, Koderma | PGT | 12 | P.G/B.Ed | -- | Up to 30 Yrs. | 20K/PM | Min. 05 Year |
| | | TGT | 04 | Graduate/B.Ed | -- | Up to 28 Yrs. | 19K/PM | Min. 02 Year |
| | | M.P.Ed | 01 | M.P.Ed | -- | Up to 28 Yrs. | 20K/PM | Min. 02 Year |
| | | B.P.Ed | 01 | B.P.Ed | -- | Up to 25 Yrs. | 15K/PM | Min. 02 Year |
| | | Counsellor-cum- Wellness | 01 | PG in Phychology | Female | Up to 25 Yrs. | 15K/PM | --- |
| | | Accountant | 01 | PG in Accountancy | Female | Up to 25 Yrs. | 15K/PM | --- |
| 09 | Mahendra Skill Training & Development Pvt. Ltd., (BIRSA) Satgawan, Nasarganj Block Road, Satgawan, Koderma. | Counsellor | 01 | 10+2/Graduation | Knowledge of Comp. | 18-35 Yrs. | 7K-12K PM | 0-1 Years |
| | | MIS | 01 | 10+2/Graduation | Knowledge of Comp. | 18-35 Yrs. | 8K-12K/PM | 0-1 Years |
| | | Tranier(SET) | 02 | 10th /10+2 | With TOT | 18-35 Yrs. | 10K-15K/ PM | 0-1 Years |
| | | IT Trainer | 01 | 10+2/Graduation | Knowledge of Comp. | 18-35 Yrs. | 8K-12K/PM | 0-1 Years |
| | | Mobilizer | 02 | 10th /10+2 | Knowledge of Comp. | 18-35 Yrs. | 7K-10K/ PM | 0-1 Years |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त "मिनी रोजगार मेला" में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। **झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।** वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में "मिनी रोजगार मेला" में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR305189 (Labour Employment and Traning)23-24*D

# बीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों के खिलाफ चार्जशीट दायर

## काली कमाई के पैसे कैसे लौट कर आते थे बीरेंद्र के परिवार तक, जमा की थी अवैध संपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के करीबियों के खिलाफ आरोप पत्र इडी ने पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दाखिल कर दिया है। इन करीबियों में बीरेंद्र राम के सीए मुकेश मित्तल के सहयोगी नीरज मित्तल, हवाला कारोबारी राम प्रकाश भाटिया और फर्जी कंपनी बना कर पैसे का निवेश करनेवाले ताराचंद के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। आरोप पत्र में बताया गया है कि कैसे बीरेंद्र राम के सीए मुकेश मित्तल का सहयोगी नीरज मित्तल बीरेंद्र राम की काली कमाई को निवेश करने के लिए ताराचंद के पास पहुंचाता था। इन पैसों को ताराचंद फर्जी नाम से अपना एक आधार और चार पेन कार्ड बनवाया था। इसी नाम से कंपनी बनती थी और बीरेंद्र राम के द्वारा भेजे गये पैसों को उसमें निवेश कर दिया जाता था। यही पैसा कंपनी के माध्यम से बीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम के बैंक अकाउंट में आ जाता था। राम प्रकाश भाटिया हवाला के जरिये बीरेंद्र राम के पैसे को रांची से दिल्ली पहुंचाता था। ध्यान रहे कि बीरेंद्र राम के पिता और पत्नी दोनों जेल में हैं।



इससे पूर्व इडी की विशेष अदालत ने बीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। इन दोनों ने अब जमानत के लिए हाइकोर्ट में गुहार लगायी है। इडी ने 22 फरवरी को बीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उसके 24 ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी, जहां से डेढ़ करोड़ रुपये के जेवरात सहित संपत्ति अर्जित करने से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए थे।

### कमीशन के खेल में है खूब पैसा

कमीशन के खेल में खूब पैसा है। अगर इसे समझने की कोशिश करें तो चालू वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 615 करोड़ का बजट तैयार किया गया है। प्रावधान के मुताबिक ढाई गुना यानी करीब 1500 करोड़ की योजना ली जा रही है। सिस्टम के मुताबिक 1500 करोड़ में से 4.5% तो मुख्य अभियंता कार्यालय में ही वसूली होनी है। 70 करोड़ ऐसे ही ले लिये जा रहे हैं।

### वीरेंद्र राम और उसकी पत्नी की संपत्तियां

- डुप्लेक्स- ई-3, वाटिका ग्रीन सिटी जमशेदपुर, बीरेंद्र राम और पत्नी राजकुमारी के नाम
- डुप्लेक्स - ई-2, वाटिका ग्रीन सिटी जमशेदपुर, बीरेंद्र राम के नाम
- मकान - डी-70, साकेत, दिल्ली, बीरेंद्र और राजकुमारी के नाम
- फ्लैट - फ्लैट नंबर 334, सी ब्लॉक, दिल्ली, राजकुमारी और बीरेंद्र के नाम
- प्लॉट- पिठौरिया, रांची, बीरेंद्र के नाम गाड़ियां
- फॉर्च्यूनर- बेटा आयुष रौशन के नाम
- ऑडी ए 6- बेटा आयुष रौशन के नाम
- ऑडी- पत्नी राजकुमारी देवी के नाम
- स्कोडा सुपर्ब एलिगेंस- रिश्तेदार पन्ना मति देवी
- फर्च्यूनर- रिश्तेदार अंकित साहू
- फॉर्च्यूनर- परमानंद सिंह बिल्डर्स प्रा. लि.
- इनोवा- सुदेश कुमार प्रा. लि.

# पूछताछ के लिए विवेक कुमार भगत को लातेहार पुलिस ले गयी थी

**रांची।** अवैध खनन मामले की सीबीआइ जांच के लिए दायर याचिका के पैरवीकार विवेक कुमार भगत लापता हो गये थे। हालांकि काफी देर के बाद पता चला कि लातेहार पुलिस विवेक कुमार भगत को लेकर रविवार रात में गयी थी। बताया जाता है कि लातेहार के कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू हत्या की जिम्मेवारी टीएसपीसी ने ली थी। उसी हत्या मामले में नामकुम थाना क्षेत्र के लोअर चुटिया निवासी विवेक कुमार भगत को लातेहार पुलिस पूछताछ के लिए ले गयी थी। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। विवेक भगत मूल रूप से लातेहार जिला के बालूमाथ के कैरी गांव का निवासी है। **कई संबंधी टीएसपीसी से जुड़े हुए हैं :** बताया जाता है कि विवेक भगत के चाचा सहित कई संबंधी टीएसपीसी से जुड़े हुए हैं। उसी सिलसिले में लातेहार पुलिस की टीम रांची पहुंची और पुलिस ने उसके घर से एक किलोमीटर दूर वाहन खड़ा किया और सादे लिबास में पुलिसकर्मी विवेक कुमार भगत को साथ ले गये। परिजनों ने नामकुम थाना पुलिस को फोन कर विवेक के अपहरण की आशंका जतायी थी। नामकुम पुलिस ने उन्हें सच्चाई बता दी।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.2 °c | 24.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.17 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.28 बजे | |



## उपचुनाव : झामुमो ने स्टार प्रचारकों की सूची तैयार की

# डुमरी उपचुनाव में शिबू सोरेन और अविनाश पांडेय दिखेंगे प्रचार करते

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए कितना अहम है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने शिबू सोरेन को क्षेत्र में उतारने का निर्णय लिया है। इतना ही नहीं, पार्टी नये गठबंधन आइएनडीआइए के करीब-करीब सभी दलों के नेताओं को चुनावी अभियान में उतारेगी। पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची तैयार कर ली है, जिसमें आइएनडीआइए गठबंधन दल के कई नेताओं को शामिल किया गया है। कुल 36 नेता इस चुनावी अभियान का मोर्चा विभिन्न क्षेत्रों में संभालेंगे।

गौरतलब है कि पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद डुमरी विधानसभा सीट खाली हो गयी। झामुमो ने स्व जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कैबिनेट में बेबी देवी को जगह पहले ही दे दिया है। उन्हें मंत्री बनाया जा चुका है। अब चुनाव लड़ने की तैयारी है। डुमरी उपचुनाव 5 सितंबर को होना है, जबकि मतगणना 8 सितंबर को होगी। सरकार और आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल सभी मंत्री, विधायक और विभिन्न दलों के नेता स्टार प्रचारक होंगे।

### स्टार प्रचारकों के नाम

इसमें झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमो के मंत्री चंपई सोरेन, हफीजुल हसन, जोबा मांझी, मिथिलेश ठाकुर, कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, राजद नेता और मंत्री सत्यानंद भोगता, झामुमो सांसद विजय हांसदा, विधायक सरफराज अहमद, बसंत सोरेन, सुदिव्य कुमार सोनू, मथुरा प्रसाद महतो, सीता सोरेन, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, अंबा प्रसाद, कुमार जयमंगल, दीपिका सिंह पांडेय, माले विधायक विनोद सिंह आदि शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न दलों के नेताओं में राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, जदयू प्रदेश और राज्यसभा सांसद खीरू महतो, झामुमो नेता विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, योंगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद पिंटू, कांग्रेस नेता ममता देवी, कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित संजय यादव, निजामुद्दीन अंसारी भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में हैं।

### उप चुनाव में 50 फीसदी बूथों पर होगी वेबकास्टिंग

बोकारो (आजाद सिपाही)। डुमरी उपचुनाव को लेकर बोकारो जिला प्रशासन ने तैयारियां मुकम्मल करने का काम शुरू कर दिया है। बोकारो के डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी प्रियदर्शी आलोक ने मंगलवार को चुनाव की तैयारी को लेकर संयुक्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव के मद्देनजर तैयारी पूरी की जा रही है। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को कोई दिक्कत नहीं हो, उसके लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। सभी संवेदनशील बूथों में भी फोर्स की तैनाती की जायेगी। बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड में 129 और चंद्रपुरा प्रखंड में 45 मतदान केंद्रों में 5 सितंबर को मतदान होगा। चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से कराने के लिए कुल 27 सेक्टर बोकारो जिले में बनाया गया है। इसमें 20 सेक्टर नावाडीह और सात सेक्टर चंद्रपुरा में है। इसके अलावा 17 कलस्टर भी बनाये गये हैं। कुल 174 मतदान केंद्रों को तीन जोन में बांटा गया है। दो जोन नावाडीह और एक जोन चंद्रपुरा प्रखंड में बनाया गया है। मतदान के दिन 50 फीसदी मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग कराने की तैयारी की जा रही है, जिससे जिला और चुनाव आयोग इसकी मॉनिटरिंग कर सके। बूथों की संवेदनशीलता को देखते हुए फोर्स की तैनाती की जायेगी, ताकि निष्पक्ष रूप से चुनाव हो सके। एसपी ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद कुल 163 लोगों पर 107 की कार्रवाई की गयी है, जबकि 144 गैर जमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया है। आर वेरिफिकेशन 17 लोगों का करा कर जमा करा दिया गया है।

## मुख्यमंत्री 29 अगस्त को धनबाद में युवाओं को देंगे ऑफर लेटर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 29 अगस्त को धनबाद के स्पोर्ट्स स्टेडियम आठ लेन रोड में आयोजित कार्यक्रम में बेरोजगार युवाओं को ऑफर लेटर देंगे। हाल ही में चाइबासा में ऑफर लेटर देने के बाद अब हेमंत सोरेन धनबाद में युवाओं को ऑफर लेटर देंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन को पत्र भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से यह चिट्ठी भेजी गयी है। इसमें कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तैयारियां करने को कहा गया है। इस दिन लगभग 10 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

ऑफर लेटर वितरण का यह कार्यक्रम धनबाद में ही होगा। लेकिन इस कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर के सभी जिले के युवा शामिल होंगे। इस दिन धनबाद के एक हजार से अधिक और सभी जिले मिला कर लगभग 10 हजार युवाओं को ऑफर लेटर दिया जायेगा। इस ऑफर लेटर कार्यक्रम में सह रोजगार मेला श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग आयोजित कर रहा है। इन दिनों हेमंत सोरेन लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा जोर कौशल प्रशिक्षण लिए युवाओं को लेकर है।

### इन जिले के युवा होंगे शामिल

हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, चतरा, रामगढ़।

## केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया से कृषि मंत्री बादल बोले,

# झारखंड के कई जिले सुखाड़ की चपेट में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने केंद्रीय रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया के साथ हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में झारखंड के किसानों की बात रखते हुए कहा कि राज्य में सभी किसानों को उचित कीमत और समय पर खाद उपलब्ध हो सके, उसके लिए साहिबगंज, लोहरदगा और जमशेदपुर अथवा चाइबासा में रैक प्वाइंट का निर्माण अति आवश्यक है। मंगलवार को नेपाल हाउस स्थित कांफ्रेंस हॉल में केंद्रीय मंत्री से वे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत कर रहे थे। कृषि मंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अपील की कि फ्रेट रेट में संशोधन कर झारखंड जैसे सेमी हिल एरिया को राहत दी जाये। वर्तमान में जो फ्रेट रेट है, वह काफी कम है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी राज्य के कई जिले सुखाड़ की चपेट में हैं। अब तक मात्र 38 प्रतिशत ही भूमि पर आच्छादन हुआ है, जबकि औसत से करीब 53 फीसदी बारिश कम हुई है।

### खाद का फ्रेट रेट कम करने की जरूरत

झारखंड के कृषि मंत्री बादल ने कहा कि खाद का फ्रेट रेट कम करने की जरूरत है। केंद्रीय रासायनिक और उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया की सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में मंत्री बादल ने तीन शहरों में रैक प्वाइंट निर्माण कराने की मांग की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने नैनो यूरिया और ऑर्गेनिक खेती के प्रोत्साहन पर जोर दिया।

### बीमा कंपनियां नहीं कर सकेंगी धोखाधड़ी

कृषि मंत्री कहा है कि जिस तरह से पिछले बार कृषि का बीमा करने वाली कंपनियों ने मुआवजा देने के वक्त धोखाधड़ी की थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। बादल ने कहा कि इस बार नयी शर्तों के साथ बीमा कंपनियां काम करेंगी। राज्य के किसानों के हित से जुड़े मामलों को लेकर झारखंड सरकार काफी संवेदनशील है और किसानों के हित में इस बार बीमा कंपनियों के साथ शर्त में कई बिंदुओं को जोड़ा गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के साथ हुई बात के अनुसार बीमा कंपनियां किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी नहीं कर सकेंगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।
- **वृष** — लोकप्रियता का विस्तार,अधूरा कार्य पूरा होगामान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **मिथुन** — गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** — गृहपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** — परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे, आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **वृश्चिक** — चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।
- **कुंभ** — स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी,नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा
- **मीन** — कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### एसआइ रैंक के पुलिसकर्मियों का एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स शुरू

**रांची।** सब-इंस्पेक्टर रैंक के पुलिसकर्मियों का पांच दिवसीय एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स मंगलवार से शुरू हुआ। अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स और इन्वेस्टिगेशन प्रोसीजर्स विषय से संबंधित पांच दिनों का ऑफ लाइन और ऑन लाइन प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण 22 अगस्त से शुरू होकर 26 अगस्त तक चलेगा। इस प्रशिक्षण के दौरान आपराधिक मामलों की बेहतर तरीके से अनुसंधान के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री को सांसद दीपक प्रकाश का पत्र

# राज्य में बायो-सीएनजी प्लांट स्थापित करने की मांग की

**रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, दुमका, मेदिनीनगर और चाइबासा में प्लांट लगायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने केंद्रीय आवास और शहरी मामलों और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को मंगलवार को पत्र लिखा है। इसके जरिये झारखंड में रांची सहित अन्य शहरों जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, दुमका, मेदिनीनगर और चाइबासा में बायो- सीएनजी प्लांट स्थापित करने का आग्रह किया है।

पत्र में कहा है कि सीबीजी को विश्व स्तर पर हरित ईंधन के रूप में मान्यता प्राप्त है। आनेवाले दिनों में बायो-सीएनजी भारत के भविष्य का ईंधन बन सकता है। यह न केवल भारत के प्राकृतिक गैसों के आयात पर आनेवाले खर्च को कम कर सकता है, बल्कि देश में कचरे से निपटने में भी मदद कर सकता है। दीपक प्रकाश ने झारखंड में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता को देखते हुए राज्य में बायो-सीएनजी प्लांट की आवश्यकता पर जोर दिया। उनके मुताबिक बायो-सीएनजी प्लांट लगने से कचरे का निपटारा और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आयेगी। साथ ही साथ रोजगार सृजन का नया आयाम स्थापित होगा।

पत्र में लिखा है कि झारखंड में रांची सहित अन्य जगहों पर जैव-सीएनजी संयंत्र की स्थापना होने से यह परियोजना अन्य शहरों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत कई शहरों में भूमि के विशाल हिस्से से कचरे के ढेर को हटाने का प्रयास भी होगा। साथ ही संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) के उपयोग से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने, किसानों की आय, मवेशी पालने वाले ग्रामीणों की आय के स्रोत और उद्यमिता बढ़ाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में सार्थक सिद्ध होगा।

### सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की जमीन हड़पने के आरोपी ने किया सरेंडर

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के दिवंगत रिटायर्ड जस्टिस एमवाइ इकबाल की जमीन हड़पने की कोशिश करने के आरोपी शाहनवाज अली उर्फ कंजा गद्दी ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। फरार चल रहे आरोपी शाहनवाज ने सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश बेहरा की कोर्ट में सरेंडर किया, जिसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। लोअर बाजार थाना पुलिस ने उसके खिलाफ कुर्की जब्ती के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था। कोर्ट का आदेश आने से पहले उसने सरेंडर कर दिया। इस केस के अन्य आरोपी पहले से ही जेल में हैं, उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बता दें कि भू-माफियाओं ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस दिवंगत एमवाइ इकबाल की जमीन हड़पने की कोशिश की थी। अखबारों में इससे संबंधित खबरें प्रकाशित होने के बाद हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## सांसद ने राज कुमार की नयी पुस्तक का किया विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने देवघर में मंगलवार को राज कुमार झा की नयी पुस्तक संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा, स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य, नगरपालिका, औद्योगिक प्रशिक्षण परीक्षा में उपयोगी एग्जाम गुरु पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग चैप्टर वाइज वस्तुनिष्ठ खोरठा का विमोचन किया।

सांसद ने कहा कि झारखंड की प्रतियोगिता परीक्षा के लिए संपूर्ण जानकारी से भरी यह पुस्तक निश्चय ही विद्यार्थियों के लिए पठनीय है। राज कुमार झा का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। झारखंड सरकार से सम्मानित खोरठा गीतकार विनय तिवारी ने कहा कि राज कुमार झा का प्रयास काफी सराहनीय है। उम्मीद है कि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तक काफी उपयोगी साबित होगी।

पुस्तक के लेखक राज कुमार झा ने कहा कि मेरी यह पुस्तक झारखंड की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनेवाले विद्यार्थियों के लिए समर्पित है। झारखंडी भाषा संघर्ष समिति के संस्थापक सदस्य राजेश ओझा ने कहा कि मुझे विश्वास है कि कठिन परिश्रम से तैयार यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-पीएच53-टी03-एफओबी, दिनांक 21.08.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्य के संबंध में एस एंड टी कार्यों का निष्पादनः (1) टटीसिलवे (डाउन): टटीसिलवे (डाउन) में 6.10 मी चौड़े फूट ओवर ब्रिज द्वारा मौजूदा स्टेशन फूट ओवर ब्रिज का प्रतिस्थापन, (2) तुलिनः तुलिन स्टेशन में 6.10 मी चौड़े फूट ओवर ब्रिज द्वारा मौजूदा स्टेशन फूट ओवर ब्रिज का प्रतिस्थापन, (3) टांगरबंसली-टांगरबंसली स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफॉर्म का निर्माण एवं फूट ओवर ब्रिज का विस्तार। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 8,72,670.41; **बयाना राशि:** रु. 17,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.09.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 04.09.2023, **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा: www.ireps.gov.in** (कार्य निविदा)। (PR-533)

## केंद्रीय मंत्री ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्रों से की मुलाकात

# छात्रों का हो सर्वांगीण विकास, यही है हमारा संकल्पः अर्जुन मुंडा

**राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के 460 छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे नयी दिल्ली**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली/रांची।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमारा उद्देश एकलव्य स्कूलों में बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना तो है ही, मगर साथ-साथ उनके स्किल ओरिएंटेशन पर भी कार्य करना है। ताकि जब आप लोग यहां से बाहर जायें तो वैश्विक चुनातियों का सामना कर सकें। छात्रों का सर्वांगीण विकास हो, यही हमारा संकल्प है। केंद्रीय मंत्री मंगलवार को नयी दिल्ली में एकलव्य विद्यालय के छात्रों से मुलाकात के दौरान बोल रहे थे।

जनजातीय मामलों और एनइएसटीएस मंत्रालय द्वारा आयोजित एक शैक्षिक यात्रा के हिस्से के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नयी दिल्ली में डॉ. बीआर अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (इएमआरएस) के छात्रों के साथ बातचीत की। कार्यक्रम में छह राज्यों राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के लगभग 460 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्रों और 40 शिक्षकों ने भाग लिया है। अर्जुन मंडा ने कहा कि मेरा विश्वास है की इस तरह की यात्रा से आप लोगों को प्रेरणा और सफल जीवन जीने की आकांक्षा को और बढ़ावा मिलेगा। मुझे आशा है आज के इस मंथन से निकले अमृत से आप लोग लाभ लेंगे। एकलव्य से शुरू हुई विकास की यात्रा को जारी रखकर अपने जीवन को और राष्ट्र को समृद्ध करेंगे।

### राष्ट्रपति से मिले छात्र



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में पढ़ रहे 460 छात्रों को राष्ट्रपति भवन का भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जनजातीय मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के द्वारा किया गया था। इस मौके पर छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की। राष्ट्रपति ने छात्रों ने बातचीत की। इस अवसर केंद्रीय जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री बिंदेश्वर टुडू भी मौजूद थे। अपने भ्रमण के दौरान छात्रों ने अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन संग्रहालय और पुस्तकालय का भी दौरा किया।

### आज संसद भवन देखेंगे छात्र

एकलव्य के छात्र बुधवार को संसद में भी जाने का मौका मिलेगा। वहां वे संसदीय प्रणाली और वहां की कार्यपद्धति को देखेंगे एवं समझेंगे। साथ ही उन्हें यह जानने का अवसर मिलेगा कि संसद कैसे काम करता है। संसद की क्या-क्या जिम्मेवारी होती है।

**कोर्ट नोटिस**

ब अदालत,
माननीय प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय, रांची।
भरण-पोषण (ओ. एम.) वाद संख्या- 430 / 2022

सोनी तिग्गा, उम्र 35 वर्ष, पति श्री धर्मदेव उरांव ग्राम - करकट्टा, विश्रामपुर थाना खलारी, जिला - रांची, झारखंड, ......आवेदिका

बनाम्

धर्मदेव उरांव, उम्र 45 वर्ष, पिता स्व. लाखो उरांव ग्राम- करकट्टा, विश्रामपुर थाना खलारी, जिला - रांची, झारखंड, ...... विपक्षी

नोटिस बनाम :-
धर्मदेव उरांव, उम्र 45 वर्ष, पिता स्व. लाखो उरांव ग्राम करकट्टा, विश्रामपुर, थाना-खलारी, जिला - रांची, झारखंड।

चू बजरिये नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी/ आवेदिका ने आपके विरूद्ध उपरोक्त न्यायालय में भरण पोषण (ओ. एम.) वाद संख्या-430 / 2022 दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत भरण-पोषण का मुकदमा दाखिल की है जिसमें आपको नजारत एवं डाक के द्वारा नोटिस भेजा गया किन्तु आप उपरोक्त वाद में अभी तक उपस्थित नहीं हुए।

अतः आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 24.8.2023 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम प्रस्तुत करे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

यह नोटिस अदालत के मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक जारी किया गया।
19.8.2023 को जारी किया गया।

आदेशानुसार
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, रांची
सिरिस्तेदार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


## रांची की पुलिस ने यूपी पुलिस के सहयोग से की कार्रवाई

# सुखदेव नगर से गायब नाबालिग यूपी के रेड लाइट एरिया से बरामद

- पड़ोसी युवक बहला-फुसलाकर यूपी के रेड लाइट एरिया में छोड़ आया था
- आरोपी पड़ोसी युवक और महिला दलाल गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुखदेवनगर इलाके से गायब एक नाबालिग लड़की उत्तरप्रदेश के रेड लाइट एरिया से बरामद हुई है। नाबालिग लड़की को उसके ही पड़ोसी द्वारा एक महिला दलाल के पास भेज दिया गया था। यूपी पुलिस के साथ की गयी रेड में महिला दलाल के पास फंसी हुई कई अन्य लड़कियों को भी छुड़ाया गया है।



**13 अगस्त को मामला दर्ज हुआ था**

नाबालिग लड़की के परिजनों ने 13 अगस्त को सुखदेव नगर थाना में अपनी बेटी के गायब होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। दर्ज प्राथमिकी में नाबालिग को गायब करने का आरोप ज्वाला प्रसाद नाम के व्यक्ति पर लगाया गया था। ज्वाला प्रसाद नाबालिग के पड़ोस में ही रहा करता था। सुखदेव नगर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी तो उसे यह जानकारी मिली कि नाबालिग को उत्तरप्रदेश के कुशीनगर स्थित कासिया बाजार में एक महिला दलाल के पास बेच दिया गया है।

**महिला दलाल यूपी पुलिस की हिरासत में है**

सुखदेव नगर थाना की एक टीम यूपी के कासिया बाजार पहुंची और उसने स्थानीय पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। जिस महिला के बारे में यूपी पुलिस को जानकारी दी गयी थी, उसे लेकर यूपी पुलिस के पास भी कुछ जानकारियां थीं, जिसमें यह जानकारी मिली थी कि वह जिस्मफरोशी के धंधे में लिप्त है और बाहर से लड़कियों को लाकर अपने पास रखती है। उन्हें जिस्म के कारोबार के दलदल में धकेल देती है।

पुख्ता जानकारी मिलने के बाद यूपी पुलिस के साथ रांची पुलिस ने महिला के ठिकाने पर रेड किया, जहां से न सिर्फ रांची की नाबालिग को बरामद किया गया, बल्कि वहां कुछ अन्य लड़कियां भी थीं, जिन्हें विभिन्न शहरों से लाया गया था। उन्हें भी मुक्त करवा लिया गया। फिलहाल महिला दलाल यूपी पुलिस की हिरासत में है।

# 1000 करोड़ के अवैध खनन के केस में गवाही से मुकरनेवाले विजय हांसदा का कथित आडियो वायरल, इडी कर रही जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में इडी के गवाह रहे विजय हांसदा के मुकरने के बाद एक ताजा मामला सामने आया है। इडी को एक आडियो मिला है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि यह विजय हांसदा और प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगेरी यादव के सहयोगी के बीच बातचीत का आडियो है। उक्त आडियो में विजय हांसदा प्रकाश चंद्र यादव से पैसे की मांग कर रहा है और यह भी कह रहा है कि वे जल्दी इस पर विचार नहीं करेंगे, तो गुड्डू उसे कोर्ट चलने का दबाव बन रहा है। गुड्डू को पवितर यादव बताया जा रहा है, जो अवैध खनन का संदिग्ध है और इडी पूर्व में उससे पूछताछ भी कर चुकी है। आडियो में बातचीत का सारांश यही है कि अगर विजय हांसदा को पैसा नहीं मिला, तो वह इडी की गवाही से खुद को वापस कर लेगा। बताते चलें कि इसी विजय हांसदा ने गत 16 अगस्त को धुर्वा थाना में प्रकाश चंद्र यादव के दो सहयोगियों पर धमकाने के मामले में प्राथमिकी करायी है।

इस मामले की जांच जारी है। विजय हांसदा ने पिछले दिनों झारखंड हाइकोर्ट में याचिका वापस लेने की अपील की थी, जिसे ठुकराते हुए कोर्ट ने इस मामले की जांच के आदेश सीबीआइ को दे दी।

## हाइकोर्ट में राज्य सरकार ने अवैध माइनिंग मामले में दाखिल की स्टेटस रिपोर्ट

रांची। झारखंड हाइकोर्ट में पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर राज्य सरकार ने इन जिलों में अवैध माइनिंग की रोकथाम को लेकर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को याचिकाकर्ता को कहा कि वह यदि चाहे तो सरकार की रिपोर्ट पर अपना जवाब दायर कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने पलामू, गढ़वा और लातेहार के उपायुक्त और एसपी को निर्देश दिया था कि वे माइंस जाकर अवैध माइनिंग करनेवाले वाहनों की औचक निरीक्षण करें। साथ ही जरूरत पड़े तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। कोर्ट ने इस संदर्भ में राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी। मामले में राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपये की मांग से जुड़ा है। मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बतायी गयी है, लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई, उसे बाद में बंद कर दिया गया था।

# लैंड स्कैम से जुड़े दस्तावेजों की होगी फॉरेंसिक जांच, कोर्ट को सौंपे गये शहर अंचल के पेपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम से जुड़े दस्तावेज को रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट में जमा कर दिया गया है। शहर अंचल के कर्मचारियों ने जो दस्तावेज कोर्ट में जमा किये हैं, वे फॉरेन्सिक जांच के लिए भेजे जायेंगे। जो दस्तावेज कोर्ट में जमा किये गये हैं, उस पर जगदीश राय और सरस्वती देवी का नाम दर्ज है। पूर्व में इडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि लैंड स्कैम केस से जुड़े कुछ पेपर की फॉरेन्सिक जांच जरूरी है, जिसके बाद कोर्ट ने शहर अंचल के अधिकारियों को दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया था।

फर्जी दस्तावेज के सहारे करोड़ों की जमीन खरीदी गयी थी

बता दें कि रांची के अलग-अलग इलाकों में फर्जी दस्तावेज के सहारे करोड़ों रुपये की जमीन की खरीद-बिक्री हुई है। इस केस की जांच इडी कर रही है और अब तक की पूछताछ में कई चौंकानेवाले खुलासे हुए हैं। इसमें बड़े व्यवसायी और सरकारी अफसरों की भी मिलीभगत है। साथ ही इसमें करोड़ों रुपये की लेनदेन की बात भी सामने आयी है। इडी ने इस केस से जुड़े एक दर्जन से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और शहर के बड़े व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल भी शामिल हैं।

# वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लोगो का अनावरण, एमओयू भी साइन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पहली बार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। यह टूर्नामेंट रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक खेला जायेगा। मंगलवार को रांची हॉकी स्टेडियम में टूर्नामेंट के लोगों का अनावरण किया गया। साथ ही एमओयू साइन किया गया। वहीं झारखंड सरकार ने हॉकी इंडिया को कार्यक्रम के आयोजन के लिए 10 करोड़ का चेक सौंपा। मौके पर खेल मंत्री हफीजुल हसन, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष मौजूद रहे।



**भारतीय टीम में झारखंड की चार खिलाड़ियों को मिली जगह :** वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का 11वां संस्करण रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे। इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें (भारत, जापान, चाइना, साउथ कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड) हिस्सा लेंगी। इनके बीच कुल 21 मैच खेला जायेगा। इतना ही नहीं दर्शकों के लिए फ्री एंट्री रहेगी। इसकी जानकारी हॉकी झारखंड के महासचिव भोलानाथ सिंह ने दी। वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय हॉकी टीम भी मैच खेलेगी। भारतीय टीम में झारखंड की चार खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। इसमें सलीमा टेटे, निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग और संगीता कुमारी का नाम शामिल हैं।

**भारत ने आखिरी बार 2017 में जीता था खिताब :** बता दें कि वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जापान और साउथ कोरिया ने 3-3 बार जीता है। वहीं भारत और चाइना ने 2-2 बार मैच अपने नाम किया है। पहली बार टूर्नामेंट का आयोजन 1985 में किया गया था। भारत ने 2017 में आखिरी बार यह खिताब जीता था।

# हाइकोर्ट ने सरकार और नगर निगम को रांची के जलस्रोतों से अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में रांची के जलस्रोतों के अतिक्रमण और शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को राज्य सरकार और नगर निगम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी समेत अन्य जलस्रोतों के आसपास यदि कोई अतिक्रमण है, तो उसे अविलंब हटाया जाये। साथ ही इन जलस्रोतों में सॉलिड एंड लिक्विड कचरा जाने से रोकने की भी समुचित व्यवस्था की जाये।

कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार और रांची नगर निगम को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही अगली सुनवाई में नगर आयुक्त को वर्चुअल रूप से कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने की बात कही है। मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि नगर निगम क्षेत्र में आनेवाले वाटर बॉडी के आसपास अतिक्रमण हटाने को लेकर कई पहल की गयी है। साथ ही इन वाटर बॉडी में किसी तरह की गंदगी ना जाये, इसे लेकर पम्फलेट बांट कर, विज्ञापन के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया गया है। बड़ा तालाब में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का सिविल वर्क करीब 65 फीसदी हो चुका है और मैकेनिकल कार्य भी करीब 35 फीसदी हो चुका है। मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर को होगी।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को तीन माह का समय राजधानी के जल स्त्रोतों जैसे कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के अलावा बड़ा तालाब के आसपास से अतिक्रमण हटाने को कहा था। साथ ही अतिक्रमण नहीं हटने पर कोर्ट ने कड़ा आदेश पारित करने की बात भी कही थी।

# स्वतंत्रता सेनानियों और टाना भगतों से संबंधित तीन योजनाओं की स्वीकृति बेहद महत्वपूर्ण : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं टाना भगतों के ऐतिहासिक स्थलों एवं स्मारकों के विकास के लिए दी गयी तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की स्वीकृति ऐतिहासिक होने के साथ ही बहुत ही सराहनीय कदम है। श्री तिर्की ने कहा कि, सरकार के इस कदम से एक बार फिर से यह प्रमाणित हो गया है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काम कर रही झारखंड सरकार, सही-सटीक दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ ही सभी सहयोगी दलों का ध्यान बिना हल्ला-गुल्ला और शोरगुल के जनहित पर अपना पूरा ध्यान केंद्रीत करना है।

श्री तिर्की ने कहा कि न केवल टाना भगतों बल्कि राज्य की आम जनता की भी यह बहुप्रतीक्षित मांग थी कि सरकार टाना भगतों से सम्बंधित इन योजनाओं को



अविलम्ब स्वीकृति प्रदान करे।

श्री तिर्की ने कहा कि इस मामले में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी अपने स्तर से गंभीर प्रयास किया था और इससे संबंधित माँग को उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान भी उठाया था। श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के अनेक नेता और कार्यकर्ता गंभीरता के साथ सरकार के साथ ही संबंधित अधिकारियों को इस बात से अवगत कराने का लगातार प्रयास कर रहे थे कि ये सभी योजनाएं केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है श्री तिर्की ने कहा कि आज सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा एक करोड़ 16 लाख 24 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल के मुख्य द्वार एवं परिसर के सौंदर्यीकरण की अनुमति प्रदान की गयी है। इसके अलावा टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल के बाउंड्री वाल व स्टेज के निर्माण एवं कैंपस के उन्नयन के संदर्भ में 39 लाख 60 हजार छह सौ रुपये वाली योजना को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके साथ ही टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल के परिसर में कॉन्फ्रेंस हॉल एवं अतिथि गृह के निर्माण के लिये कुल एक करोड़ 76 लाख 53 हजार 9 सौ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## कारोबारी विष्णु अग्रवाल रिम्स में भर्ती

**रांची।** होटवार जेल में बंद कारोबारी विष्णु अग्रवाल को रिम्स में भर्ती किया गया है। अनियंत्रित शुगर, ब्लड प्रेशर, सांस लेने में समस्या और पेट के निचले भाग में सूजन के बाद रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के पहले तल्ले पर भर्ती कर उनका इलाज चल रहा है। मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ विद्यापति ने कहा कि विष्णु अग्रवाल को प्रारंभिक चरण में इलाज के बाद दवाइयां दी गयी हैं। रूटीन जांच में सीबीसी, आरएफटी, एलएफटी, अल्ट्रासाउंड, ब्लड शुगर, इसीजी, इको और यूरिन टेस्ट के लिए सैंपल लिया गया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे इलाज की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

# खेल मैदान को बचाने के लिए मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्य सचिव झारखंड, सुखदेव सिंह से झारखंड में खेल मैदानों को बचाने के लिए अनुरोध किया गया है। मुख्य सचिव ने जनमंच के सदस्यों को आश्वासन दिया है कि पर्यावरण संरक्षण एवं खेल मैदानों के बचाव के लिए आगामी दिनों में आवश्यक कार्ययोजना बनाकर काम किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा मोरहाबादी सहित समस्त झारखंड के मैदानों को बचाने से संबंधित कार्ययोजना बनाकर काम किया जायेगा। उन्होंने रांची रिवोल्ट जनमंच एवं मैदान बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा कोविड- 19 के राष्ट्रीय आपदाकाल के दौरान किये गये जन जागरण अभियान की सराहना की । इस अवसर पर रांची रिवोल्ट जनमंच के विजय दत्त पिंटू, अभिषेक कुमार मिंकू , सुनील टोप्पो, संजय शौर्य, मो. नदीम अख़्तर, मुन्ना यादव, विजय सिंह, सूरज सिन्हा समेत मैदान बचाओ संघर्ष समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने आर्थिक रूप से कमजोर 21 विद्यार्थियों को दिया लैपटॉप

# बीआइटी सिंदरी का रहा है गौरवशाली इतिहास : सीपी राधाकृष्णन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राज भवन में 'अनंत प्रयास' संस्था के सहयोग से बीआइटी सिंदरी में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान 21 विद्यार्थियों को लैपटॉप दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के अथक परिश्रम एवं त्याग का ही परिणाम है कि आज हमारे देश में उच्च स्तर के संस्थान उपलब्ध हैं और आप वहां उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बीआइटी सिंदरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां के विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी प्रतिभा से



उच्च संस्थानों में कार्य कर रहे हैं। यह उनका अपने शिक्षण संस्थान के प्रति निष्ठा ही है कि वह अपने शिक्षण संस्थान को नहीं भूले हैं और अनंत प्रयास संस्था के माध्यम से यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को कहा कि जिस प्रकार आपको शिक्षण के लिए सहायता प्राप्त हो रही है, अपेक्षा है कि आप भी उसी प्रकार शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात समाज की मदद करेंगे। मदद के बिना कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए अत्यावश्यक सुविधा नहीं मिल पाती है और समाज उनकी प्रतिभा के लाभ से वंचित रह जाता है। अतः हम सबका दायित्व है कि हम न सिर्फ समाज एवं राष्ट्र बल्कि मानवता के प्रति भी हर संभव योगदान दें। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में विगत दिनों आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं, जिसका समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रधानमंत्री के उत्साहवर्धन से हमारे वैज्ञानिकों ने अत्यल्प समय में कोविड का टीका विकसित किया। प्रधानमंत्री ने विश्व के कई देशों को निःशुल्क टीका उपलब्ध कराकर विश्वबंधुत्व और मानवता की भावना का परिचय दिया। उनके नेतृत्व में हमारा देश वर्तमान में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है तथा तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर हैं।

## 10 सितंबर को अखिल भारतीय कानू महासंघ की आम सभा

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कानू महासंघ की वार्षिक प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक 2023 शांति वाटिका, झारखंड मोड, धनबाद जिला में होना सुनिश्चित हुआ है। इस बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक कार्य की समीक्षा तथा अन्य जिला को संगठन में जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में झारखंड के सभी जिलों के समाज के अगुआ को आमंत्रित किया गया है।बता दें कि अखिल भारतीय कानू महासंघ की स्थापना 10 सितंबर 2022 को किया गया। अखिल भारतीय कानू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार और संगठन के अन्य जिलों के अधिकारियों की मेहनत रंग लायी और पिछड़े हुए कानू समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त जानकारी अखिल भारतीय कानून महासंघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार और मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार ने दी।

महत्वपूर्ण न्यूज

## हाइकोर्ट ने निजी विद्यालयों पर मान्यता के प्रश्न पर पीड़क कार्रवाई न करने का स्टे आर्डर अगले आदेश तक बहाल रखा : आलोक दुबे



**रांची (आजाद सिपाही)।** उच्च न्यायालय ने पासवा द्वारा जारी केस में निजी विद्यालयों पर मान्यता के प्रश्न पर पीड़क कार्रवाई न करने का स्टे आर्डर अगले आदेश तक बहाल रखा है। निजी विद्यालयों के मान्यता के प्रश्न पर प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को उच्च न्यायालय ने 2019 के निजी विद्यालयों पर मान्यता के प्रश्न पर कार्रवाई न करने के पुराने आदेश (स्टे आर्डर) को कंटिन्यू रखा है। पासवा के तरफ से इस केस के वरीय अधिवक्ता और उनकी की टीम ने इस प्रश्न पर निजी विद्यालयों का पक्ष रखते हुए कहा कि जब माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में ही निजी विद्यालयों पर किसी तरह की पीड़क कार्रवाई पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाया गया था तथा स्टे जारी किया गया था तब भी लगातार निजी विद्यालयों को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों द्वारा लगातार मान्यता के प्रश्न पर पुनः आवेदन देने को बाध्य किया जा रहा है। इसपर उच्च न्यायालय ने अपने स्टे आदेश को कंटिन्यू किया और स्पष्ट किया की वर्तमान समय में निजी विद्यालयों पर अगले आदेश तक मान्यता के प्रश्न पीड़क कार्रवाई नहीं करने के आदेश को बहाल रखा। अगली सुनवाई 17 अक्टूबर 2023 को होगी। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे केस की सुनवाई के लिए स्वयं अधिवक्ताओं की टीम के साथ माननीय उच्च न्यायालय में सशरीर उपस्थित रहे।

## मॉल के लिए काटा जा रहा था पेड़, तीन पेड़ कटा भाजमो ने किया विरोध, पेड़ों का कटना रुका



**रांची (आजाद सिपाही)।** एक तरफ सरकार वृक्षारोपण के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ शहर के बीचोबीच 25 साल पुराने पेड़ों को बेरहमी से काटने का काम चल रहा है। हार्ट ऑफ द सिटी कहे जानेवाले सैनिक मार्केट वेलफेयर सिनेमा हॉल क्षेत्र में मंगलवार को तीन पेड़ काट दिये गये। दो माह पहले भी आठ पेड़ काटे गये थे और भी पेड़ काटने की योजना थी। यह तो भला हो उन दुकानदारों का, जिन्होंने पेड़ काटने की सूचना भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी को फोन पर दी। श्री तिवारी ने सूचना मिलते ही तत्काल डीएफओ को फोन किया और उन्हें अवगत कराया कि पेड़ काटे जा रहे हैं। डीएफओ ने तत्काल एक्शन लेते हुए पेड़ काटने की कार्रवाई पर रोक लगा दी। हालांकि, तब तक तीन पेड़ कट चुके थे। धर्मेंद्र तिवारी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सैनिक मार्केट परिसर के पार्किंग एरिया में 50 नये पेड़ लगाए गये हैं क्योंकि इनकी जरूरत थी। उन्होंने बताया कि एक तरफ तो पेड़ लगाये जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ 25 साल पुराने पेड़ों को काटा जा रहा है। ये पेड़ इसलिए काटे जा रहे हैं, ताकि वहां शापिंग मॉल बनाया जा सके। यह बिल्कुल गलत है। श्री तिवारी के अनुसार, सैनिक कल्याण निदेशालय ने उन्हें बताया कि पेड़ कटवाने का काम वन विभाग करवा रहा है। जब श्री तिवारी ने डीएफओ से बात की तो उन्होंने कहा कि निदेशालय झूठ बोल रहा है। हम लोगों ने कोई भी पेड़ काटने का ऑर्डर नहीं दिया है। पहले एक आदेश दिया भी गया था, जो निरस्त कर दिया गया है। श्री तिवारी का आरोप है कि सैनिक कल्याण निदेशालय शॉपिंग मॉल बनवाने के लिए गलत तरीके से पेड़ कटवा रहा है। इसकी तत्काल जांच होनी चाहिए। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार बिरसा हरित क्रांति योजना के तहत और पेड़ लगवाए ताकि पूरे झारखंड में पर्यावरण शुद्ध रहे।

## रांची नगर निगम के साथ मिलकर हरियाली और स्वच्छ हो रांची शहर का अभियान चला रही हैं नीलम चौधरी



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेत्री नीलम चौधरी रांची नगर निगम के साथ मिलकर हरियाली और स्वच्छ हो रांची शहर का अभियान चला रही है। नीलम चौधरी खुद शहर में घूम-घूम कर लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक होने और और अपने जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील कर रही है। नीलम चौधरी ने कहा कि अपने क्षेत्र में अभियान चला रही हूं। जहां-जहां सड़कों पर फैले डंप कूड़े, कचड़े पड़े है, उस कूड़े कचड़े को हटाकर उसके ऊपर मिट्टी डलवा कर उसके ऊपर पौधों को लगवा रही हूं। ताकि लोग रोड के किनारे कूड़ा कचरा ना फेंके और हमारा शहर भी स्वच्छता की ओर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि मैं अभी कुछ वार्डो में काम पूरा कर रही हूं इससे लोग जागरूक भी हो रहे हैं और स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान दे रहे हैं। कूड़ा को रोड पर ना फेंककर नगर निगम कर्मी के हाथों कूड़ा दे रहे हैं। इसके लिए जागरूक जनता को दिल से आभार प्रकट करती हूं।

## सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में होगा हृदय रोग संबंधी नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच और चिकित्सीय सलाह देंगे। सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के मार्ग निर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों और हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृत संकल्पित है।

# उत्पाद विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, 273 लीटर विदेशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**विभिन्न ब्रांड के रैपर, ढक्कन और खाली बोतल बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग रामगढ़ ने मंगलवार को रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोबरदरहा में बड़ी कार्रवाई की है। सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। यहां छापामारी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया।

**गुप्त सूचना पर उत्पाद विभाग ने की कार्रवाइः** सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोबरदरहा के एक भाड़े के मकान में नकली शराब का कारोबार चल रहा है। सूचना पर कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि दीपचंद महतो के मकान यह कारोबार चल रहा था, अगर उनकी भी इसमें संलिपिता पायी गयी तो कार्रवाई की जायेगी।

### विभिन्न ब्रांड के 885 बोतलों में 272.925 लीटर अवैध शराब जब्त

छापामारी के दौरान उत्पाद विभाग ने विभिन्न ब्रांड के 885 बोतलों में 272.925 लीटर अवैध शराब जब्त किया। साथ ही 50 कार्टून विभिन्न ब्रांड एवं साइज के खाली बोतल, 10 बंडल विभिन्न ब्रांड के लेबल, 3 कार्टून विभिन्न ब्रांड के ढक्कन, 2 बंडल उत्पाद आसंजक लेबल, होलोग्राम और 1 टेम्पो वाहन को जब्त किया। वही, इस मामले में एक कारोबारी जारा टोला निवासी छलदेव महतो पिता मुन्ना महतो को गिरफ्तार किया गया।

### अरुणाचल प्रदेश के शराब को विभिन्न ब्रांड की बोतलों पर भरकर भेजता था बिहार

पकड़ा गया छलदेव महतो ने बताया कि कोरोना कल से पहले सुरेंद्र सिंह मुझे यह काम सिखाया था। जब उससे पूछा गया कि यह तो अरुणाचल प्रदेश का शराब है तो यहां कैसे आता है तो उसने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा उसे यहां पहुंचाया जाता है, जिसके बाद मैं यहां विभिन्न ब्रांड की बोतलों पर भरकर बिहार भेज देता था, अभी 15 दिनों से ही या काम शुरू किया था। एक बार ही मात्र पांच बोतल बिहार के बाढ़ में एक व्यक्ति को शराब भेजा था।

**अरुणाचल प्रदेश के ब्लैक हॉर्स की शराब, झारखंड का लेबलः** छापामारी के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि अरुणाचल प्रदेश की ब्लैकहॉर्स नामक शराब 750 एमएल की बोतल को बी 7, मैकडॉवेल, आरएस सहित विभिन्न प्रकार के 375, 180 एमएल को बोतलों में भरकर बिहार भेजा जाता था।

**छापामारी टीम में ये थे शामिलः** छापामारी टीम में सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड, अवर निरीक्षक उत्पाद कांग्रेस कुमार, सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद अमित मड़की सहित गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

## आजसू प्रत्याशी के लिए अधिक से अधिक वोट देकर जिताने की अपील की




**गिरीडीह (आजाद सिपाही)।** डुमरी विधान सभा गिरिडीह उपचुनाव के प्रचार के लिए जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, रवींद्र पांडेय, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, महादेव दुबे, अशोक उपाध्याय, नागेंद्र महतो, जिला, देवी आजसू प्रत्याशी के लिए अधिक से अधिक विशाल वोट देकर जिताने की अपील की गयी।

## दो लुटेरों ने एक लाख रुपये लूटे, एक लुटेरा गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के पालकोट रोड स्थित एसबीआई के मुख्य शाखा से रुपये की निकासी कर अपने डीएसपी रोड स्थित घर की ओर लौट रहे विद्युत विभाग के एक रिटायर्ड कर्मी अजय किशोर से मंगलवार को दिनदहाड़े करीब दो बजे एक लाख रुपये लूट की घटना को अंजाम दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि इस घटना के बाद पुलिस व लोगों की जागरूकता के कारण एक लुटेरा पकड़ा गया है। पुलिस की पकड़ में आये लुटेरे का नाम रौनक कुमार यादव है। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। जबकि उसका साथी जगदीश कुमार यादव बाइक को एसएस हाई स्कूल रोड मार्ग पर छोड़ कर रुपये से भरा थैला लेकर भाग निकलने में सफल रहा है। जिसके बाद पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी को लेकर शहर के ही कई गली मोहल्लों में दबिश बनाये हुए है। दोपहर तीन बजे तक फरार जगदीश का लोकेशन मुरली बगीचा के आसपास बता रहा था। पुलिस मुरली बगीचा के इलाकों का चप्पा चप्पा तलाशी में जुटी हुई थी।

इधर घटना के बावत बताया जाता है कि विद्युत विभाग के रिटायर्ड कर्मी अजय किशोर मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। मगर वर्तमान में वे सपरिवार डीएसपी रोड में किराए पर रहते हैं। वे नॉकरी के दौरान विद्युत विभाग में प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। साथ ही वर्ष 2017 में उनका रिटायरमेंट हुआ था। मंगलवार को रिटायर्ड पदाधिकारी अपने निजी काम को लेकर रुपये की निकासी करने बाइक में सवार होकर एसबीआई ब्रांच गए थे। जहां से वे एक लाख रुपये की निकासी करने के बाद उसे एक थैला में रखकर टॉवर चौक स्थित एक बैग के दुकान की ओर गए। इसके बाद वे उक्त बैग दुकान में रुकते हुए रुपये से भरा बैग दुकान के दरवाजे के पीछे रखकर पंखा के नीचे बैठ गए साथ ही हवा खाने लगे। इसी बीच बैंक से ही उनका पीछा कर रहे एक बाइक में सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे। और दुकानदार से एक थैला की मांग की। साथ ही पलक झपकते ही रुपये से भरा बैग लेकर भागने लगे, तभी शोर शराबा करने पर स्थानीय लोग लुटेरों का पीछा करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई, तभी भागने के दौरान बाइक सवार लुटेरे एसएस हाई स्कूल रोड पर गिर पड़े। इसके बाद वे बाइक छोड़ कर पैदल ही भागने लगे। तभी खदेड़ कर पुलिस ने लोगों के सहयोग से एक लुटेरे रौनक कुमार यादव को पकड़ लिया, जबकि एक लुटेरा जगदीश कुमार यादव भीड़ से बचते हुए भाग निकला।

## नगर परिषद क्षेत्र में हो रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

# ट्रैफिक जाम और भीड़वाले इलाकों को चिह्नित कर विशेष ध्यान दें और समस्याओं का करें निराकरण: चंदन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र में हो रहे कार्यों की डीसी चंदन कुमार ने सोमवार को समीक्षा किया। डीसी ने बरसात के मौसम को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को नगर परिषद क्षेत्र में तत्काल फॉगिंग कराने का निर्देश दिया। वही छत्तरमांडू क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों के साथ रामगढ़ शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा किया। इस दौरान उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से शहर के विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित कर पाथवे, पार्क, वॉल पेंटिंग आदि से संबंधित प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

**समस्याओं का निराकरण करने में कोई कोताही नहीं बरतेः** शहर में प्रतिदिन लगने वाले ट्रैफिक जाम व भीड़ भाड़ के मद्देनजर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सह अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त के समक्ष बोंगावार क्षेत्र में बस स्टैंड निर्मित करने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगर परिषद, रामगढ़ द्वारा वार्ड नंबर 11, 16, 18 और 19 में बनाये गये मैरिज हॉल के सुचारू रूप से संचालन के मद्देनजर उपायुक्त ने मैरिज हॉल के संचालन हेतु महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेने के लिए प्रत्येक मैरिज हॉल एक कमिटी गठित करने के संबंध में कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**छत्तरमांडू में नवनिर्मित स्विमिंग पूल का संचालन करें जल्दः** बैठक में उपायुक्त ने छत्तरमांडू स्थित नवनिर्मित स्विमिंग पूल का संचालन जल्द से जल्द शुरू कर जिले वासियों को इससे लाभांवित करने का निर्देश दिया। नगर परिषद द्वारा लाइवलीहुड क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ते हुए उन्हें सिलाई सहित अन्य प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को उपायुक्त के समक्ष रखा गया।

महत्वपूर्ण न्यूज

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने चंद्रयान 3 चांद की सतह पर सही तरीके से उतरने की मंगल कामना की



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने चंद्रयान 3 के विकम लैंडर के बुधवार को शाम में चांद की सतह के दक्षिणी ध्रुव पर सही तरीके से उतरने की मंगल कामना की गयी। इस क्रम में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य संजय जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पहाड़ी मंदिर में मंगलवार को शाम में पूजा-अर्चना की। इस दौरान पहाड़ी मंदिर स्थित शिवलिंग पर जल चढ़ाया और आरती की गयी। इसके साथ ही कार्यकताओं ने परमपिता शिव से विक्रम लैंडर के सुरक्षित तरीके से चांद पर उतरने की प्रार्थना की गयी। भाजपा नेता संजय जायसवाल ने कहा कि बुधवार को शाम में विक्रम लैंडर के चांद पर उतरने का क्षण हम सभी देशवासियों के लिए ऐतिहासिक और गौरव का क्षण होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हौसला आफजाई के बाद तीन साल बाद इसरो के वैज्ञानिकों ने फिर से चंद्रयान 3 को चांद पर भेजा है और हम सभी को उम्मीद है कि इस बार अभियान सफल रहेगा। इसके साथ ही भारत दुनिया के उस चौथे देश के रूप में यह सफलता हासिल करने वाला बन जाएगा। इसके वैज्ञानिकों ने चांद पर यान को सफलता पूर्वक भेजा है। मुख्य रूप से उपस्थित शुभम जायसवाल, तरुण जयसवाल, निशांत यादव, राज चौधरी, पीयूष गुप्ता, हर्ष यादव, शिवा साहू, किशन, कौशल केशरी, प्रिंस, अंकित सत्य कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## 600 स्कूली बच्चों ने पीएम और सीएम से स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव को बचाने की अपील की



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पोस्टकार्ड लिखकर रांची के एलपी पब्लिक स्कूल के 600 बच्चों ने स्वर्णरेखा नदी और इक्कीसो महादेव को बचाने की अपील की है। कक्षा पांच से लेकर 10 तक के 600 बच्चों ने पोस्टकार्ड लिखे हैं। अभियान की शुरूआत करने वाले सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री कार्यालय से जबतक संज्ञान नहीं लिया जाता तबतक यह अभियान चलेगा। प्रथम चरण में रांची, बुण्डू, मैक्लुस्कीगंज और रामगढ़ में यह अभियान चलाया जाएगा। समिति का लक्ष्य कम से कम 21 लाख पोस्टकार्ड लिखकर अपील करनी है। उल्लेखनीय है कि स्वर्णरेखा उत्थान समिति स्वर्णरेखा को बचाने और इक्कीसो महादेव को संरक्षित करने की मुहिम विगत कई दिनों से चला रही है। 13 अगस्त को समिति ने लोगों में जनजागरुकता के उद्देश्य से स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल रानीचुआं से इक्कीसो महादेव तक की 21 किलोमीटर की कांवर यात्रा का आयोजन किया था।

## पारस अस्पताल में महिला के गर्भाशय से सर्जरी कर बड़ा ट्यूमर निकाला गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** मरीज छह माह से पेट में दर्द की शिकायत के साथ गंभीर स्थिति में राँची के पारस एचईसी अस्पताल आयी थी । अस्पताल में डॉ अंशु अग्रवाल ने जाँच में पाया की महिला के पेट में एक बहुत बड़े आकार (12७12 सेमी) का ट्यूमर (फाइब्रॉइड) था, जिसके कारण महिला को पीरियड्स के दौरान अत्यधिक रक्तस्त्राव होता था और उसके पेट में बहुत दर्द होता था। सामान्यतः इतना बड़ा ट्यूमर बहुत कम लोगों को ही होता है। पारस अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंशु अग्रवाल ने तत्काल महिला के पति को इसकी जानकारी दी और सर्जरी के द्वारा ट्यूमर (फाइब्रॉइड) को हटा दिया गया। सर्जरी सफल रही। सर्जरी के अगले ही दिन मरीज उठने में सक्षम हो गया और सामान्य भोजन लेने लगी । सर्जरी के बाद मरीज और उसके पति दोनों खुश थे। डॉक्टर ने बताया कि वह पिछले छह महीने से पेट दर्द से पीड़ित थी। दर्द बहुत तेज था और वह इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी।

## जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए झारखंड बचाओ मोर्चा का महाधरना आज



**रांची (आजाद सिपाही)।** जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के साथ स्थानीय नीति, सीएनटी/एसपीटी और पेशा एक्ट को लागू करने सहित अन्य मांग के समर्थन में झारखंड बचाओ मोर्चा बुधवार को रांची के राज्यपाल भवन के समक्ष एक दिवसीय विशाल महाधरना देगी। जिसमें विभिन्न आदिवासी मूलवासी संगठन के नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने बताया कि झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक सह विधायक लोबिन हेंब्रम की अध्यक्षता में महाधरना कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। धरना के पश्चात एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से भेट कर उन्हें आठ सूत्री मांग के समर्थन में एक ज्ञापन भी सौपेंगा।

**RANCHI UNIVERSITY, RANCHI**

**Urgent Notice**

Due to unavoidable circumstances, the Scheduled **Walk-In-Interview** on **24.08.2023** vide **RU/CVS/5425-26/2023** dt.12.08.2023, regarding appointment of **Director** (Principal) **Institute of Legal Studies**, R.U is postponed to **09.09.2023** the other matter remains the same further the interested candidates must posses at least Ph.D. in Law.
For details visit to **www.ranchiuniversity.ac.in.**

**By order of the Vice-Chancellor**
**Sd/- Registrar**
**Ranchi University, Ranchi**

**Memo No.:** RU/ CVS/5430/2023
**Dated :** 22.08.2023

# मल्लिकार्जुन खड़गे की नयी टीम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आखिर अपनी नयी कार्यसमिति गठित कर ली। इसके साथ ही जो यह शिकायत की जा रही थी कि पार्टी ने नया अध्यक्ष तो चुना, लेकिन उसे अपनी टीम नहीं दे पा रही, वह दूर हो गयी। नयी कार्यसमिति का यह गठन ऐसे समय किया गया है, जब आम चुनाव करीब आ चुके हैं। इससे पहले कई राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जो राजनीतिक तौर पर अहम माने जा रहे हैं। इस संदर्भ में नयी कार्यसमिति पर गौर किया जाये, तो साफ हो जाता है कि बतौर पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने तीन अहम संदेश इसके जरिये दिये हैं। पहली बात यह कि अध्यक्ष के निर्वाचन से पहले पार्टी में जो मतभेद और अस्थिरता का आलम था, वह दूर हो चुका है। पार्टी अब अपने नये अध्यक्ष की अगुआई में एकजुट है। यह स्पष्ट होता है इस तथ्य से कि कथित जी-23 यानी असंतुष्ट नेताओं में शामिल सभी प्रमुख नेता कार्यसमिति में शामिल कर लिए गये हैं। हालांकि यह जी-23 कभी औपचारिक रूप नहीं ले पाया था, लेकिन फिर भी इनमें से कई नेताओं ने नेतृत्व के सामने अपनी मांगें रखी थीं। पार्टी अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद इन नेताओं ने स्पष्ट कर दिया था कि उनके उठाये मुद्दों को पार्टी ने सही ढंग से संबोधित किया और अब उन्हें कोई शिकायत नहीं है। फिर भी यह बात कई लोगों के मन में रही होगी कि चूंकि ये नेता खुल कर तत्कालीन पार्टी नेतृत्व के खिलाफ स्टैंड लेते दिखे थे, इसलिए हो सकता है उन्हें दरकिनार कर दिया जाये। खड़गे ने इन नेताओं को कार्यसमिति में स्थान देते हुए ऐसी आशंकाओं को गलत करार दिया। दूसरी बात पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की भावना को प्रतिष्ठित करने की है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के तौर पर शशि थरूर ने पार्टी के खिलाफ तो कुछ नहीं कहा था, लेकिन यह इंप्रेशन जरूर दिया था कि वह स्वतंत्र फैसले करेंगे। ध्यान रहे, खड़गे को गांधी परिवार समर्थित प्रत्याशी माना जा रहा था। ऐसे में उनकी बातों से साफ था कि वह पार्टी को खास परिवार के साये से बाहर लायेंगे, जबकि खड़गे शायद ऐसा न कर पायें। जाहिर है, संकीर्ण नजरिया कह रहा था कि चुनाव हार जाने के बाद शशि थरूर पार्टी में हाशिये पर पहुंचा दिये जायेंगे, लेकिन खड़गे ने कार्यसमिति में शामिल कर उन्हें वह सम्मान दिया, जिसके थरूर हकदार थे। तीसरा बड़ा संकेत सचिन पायलट को इसमें शामिल करके दिया गया है। भले अशोक गहलोत राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर बने रह गये हों, लेकिन खड़गे का संकेत स्पष्ट है कि सचिन पायलट की अहमियत कम नहीं हुई है, आगे की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा वह बने रहेंगे। इसके अलावा युवा नेतृत्व को मौका देने और विभिन्न क्षेत्रों और तबकों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश भी है, जो स्वाभाविक है। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि खड़गे ने टीम बनाने में थोड़ी देर जरूर की, लेकिन काम ठोक-बजाकर किया।

**खड़गे का संकेत स्पष्ट है कि सचिन पायलट की अहमियत कम नहीं हुई है, आगे की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा वह बने रहेंगे। इसके अलावा युवा नेतृत्व को मौका देने और विभिन्न क्षेत्रों और तबकों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश भी है, जो स्वाभाविक है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**केंद्र सरकार ने अंग्रेजों के काल के बने हुए मूलभूत तीन कानूनों भारतीय दंड संहिता (1860), भारतीय दंड प्रक्रिया (1873) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) में आधारभूत एवं महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने का प्रस्ताव पेश किया है, जिसके अनुसार दंड तो मिलेगा, मगर समय रहते न्याय भी जल्दी मिलेगा। संपूर्ण न्यायिक प्रक्रिया में परिवर्तन किया जा रहा है तथा पुलिस व न्यायालयों को एक निश्चित समय सीमा में अन्वेषण व ट्रायल पूरा करने के लिए बाध्य किया जा रहा है तथा गैर-अनुपालना के लिए जिम्मेदार भी ठहराया जायेगा।**

# कानूनों में परिवर्तन प्रशंसनीय, परंतु अभी भी त्रुटियां बेशुमार

**राजेंद्र मोहन शर्मा**



केंद्र सरकार ने अंग्रेजों के काल के बने हुए मूलभूत तीन कानूनों भारतीय दंड संहिता (1860), भारतीय दंड प्रक्रिया (1873) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) में आधारभूत एवं महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने का प्रस्ताव पेश किया है, जिसके अनुसार दंड तो मिलेगा, मगर समय रहते न्याय भी जल्दी मिलेगा। संपूर्ण न्यायिक प्रक्रिया में परिवर्तन किया जा रहा है तथा पुलिस व न्यायालयों को एक निश्चित समय सीमा में अन्वेषण व ट्रायल पूरा करने के लिए बाध्य किया जा रहा है तथा गैर-अनुपालना के लिए जिम्मेदार भी ठहराया जायेगा। इन अधिनियमों में किये जाने वाले कुछ बदलाव इस प्रकार से हैं।

1. भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (1860), भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1873 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के नए नाम क्रमशः इस प्रकार से होंगे-1) भारतीय न्याय संहिता (2023), 2) भारतीय नागरिक सुरक्षा (2023) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम (2023)

2. राजद्रोह वाले अपराधों, जिनका दुरुपयोग किया जाता रहा है, को पूर्णतयः समाप्त कर दिया गया है।

3. 3 साल तक की सजा वाले मुकद्दमों में आपसी समझौते को आधार बनाया गया है तथा अपराधियों को अच्छे आचरण एवं सामुदायिक कार्य करने के लिए बाध्य किया जायेगा।

4. मॉब लिंचिंग एवं बच्चों के साथ कुकर्म जैसे अपराधों में मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है।

5. पुलिस को 90 दिन के भीतर या फिर न्यायालय की स्वीकृति के साथ 180 दिन में अन्वेषण पूरा करना होगा।

6. यदि कोई ऐसा मुकद्दमा, जिसमें 7 साल तक की सजा हो, को रद्द करना हो तो फरियादी की इस संबंध में रजामंदी लेनी आवश्यक होगी।

**नये अधिनियमों की धाराओं का क्रम बिल्कुल आगे-पीछे कर दिया गया है जिसे इस्तेमाल करने में अन्वेषण अधिकारियों को निश्चित तौर पर प्रारम्भिक मुश्किलें आयेंगी।**

7. तलाशी एवं कब्जे में ली जाने वाली वस्तुओं की वीडियोग्राफी करवाना अनिवार्य होगा।

8. भ्रष्टाचार सम्बन्धी अपराधों में सरकार को अभियोजन स्वीकृति 120 दिन के भीतर प्रदान करनी होगी।

9. यौन अपराधों में पीड़िता के बयान की वीडियोग्राफी आवश्यक तौर पर करवानी होगी।

10. 15 साल तक के बच्चों, महिलाओं व 60 वर्ष से ऊपर वाले नागरिकों को गवाही इत्यादि के लिए थानों में नहीं बुलाया जायेगा।

11. 7 साल से अधिक सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की राय लेना आवश्यक होगा।

12. दाऊद इब्राहिम जैसे भगौड़ों का ट्रायल उनकी अनुपस्थिति में भी मान्य होगा।

13. पुलिस को हिरासत में लिए गये आरोपियों के रिश्तेदारों को सूचना देना आवश्यक होगा।

14. उपभोक्ता संरक्षण संबंधी मामलों में फरियादी का सारा खर्च सरकारें वहन करेंगी।

15. ट्रायल समाप्त हो जाने के बाद न्यायालयों को 30 दिन में अपना फैसला देना होगा।

16. कोई व्यक्ति, यदि अपनी 18 वर्ष से कम आयु वाली पत्नी से बलात्कार करता है, तो उसे 10 साल तक की सजा होगी।

17. किसी लड़की को शादी का झूठा वायदा/ प्रलोभन दिया हो तो 10 साल तक सजा होगी।

18. अब सजा माफी पूर्णतयः समाप्त नहीं होगी। सजा माफी का स्तर इस प्रकार से होगा-1) मृत्युदंड को आजीवन कारावास, 2) आजीवन कारावास को 7 वर्ष तथा 7 वर्ष की सजा को 3 वर्ष तक घटा कर माफ किया जा सकता है।

19. तीनों एक्ट्स में कुल धाराओं में परिवर्तन इस प्रकार से किया गया है:-

1. भारतीय दंड संहिता (भारतीय न्याय संहिता-23 में अब कुल 356-धाराएं रखी गयी हैं, जिनमें 175 को परिवर्तित किया गया, 23 को निरस्त किया गया एवं 8 नयी धाराएं जोड़ी गयी हैं। 2. भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (भारतीय नागरिक सुरक्षा (23) में अब 533 धाराएं होंगी। 150 धाराओं को बदला गया, 23 को निरस्त किया गया व 8 नई धाराएं जोड़ी गयी हैं। 3) भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 (भारतीय साक्ष्य अधिनियम-23) में 25 धाराओं को बदला गया तथा 5 को रद्द किया गया व एक नई धारा जोड़ी गयी है।

सरकार ने राष्ट्र हित में कानूनों में उपरोक्त संशोधन किये हैं, मगर इन सब प्रयासों के बावजूद भी इन संशोधित नियमों में बहुत-सी कमियां हैं, जिनका विवरण इस प्रकार से है:-

1. पुलिस द्वारा लिखी गयी एफआइआर मुकद्दमे की दशा व दिशा बदलती है। थाने में शिकायतकर्ता काफी सहमा हुआ आता है तथा उसके बयान को कई बार तोड़-मरोड़ कर लिख लिया जाता है तथा पीड़ित से हस्ताक्षर करवा लिये जाते हैं, परिणामस्वरूप उसे वांछित न्याय नहीं मिल पाता। यहां पर चाहिए कि एफआइआर कत्रा की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाये तथा जिसकी अग्रिम प्रतिलिपि न्यायालय को भी भेजी जानी चाहिए।

2. पुलिस को किसी गवाह के बयान पर उसके दस्तखत करवाने की इजाजत नहीं है। ऐसा न करने से पुलिस अपने ढंग से बयान लिख लेती है तथा न्यायालय में गवाहों के बयानों का विरोधाभास हो जाता है तथा मुलजिम संदेह के लाभ के कारण सजा मुक्त हो जाता है। पुलिस को गवाहों के बयानों पर दस्तखत करवाने की मान्यता होनी चाहिए।

3. राजद्रोह वाले अपराधों का संज्ञान न लेना कोई तर्कसंगत नहीं है। संबंधित धारा में संशोधन किया जाना चाहिए।

4. 3 साल तक की सजा वाले अपराधों में अपराधियों को सजा की जगह उनसे सामुदायिक कार्य करवा कर उन्हें सजा मुक्त कर देना भी इसलिए तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि ऐसा कार्य करवाने में लगाये गये लोग अपराधी को फायदा पहुंचा सकते हैं। ऐसे मामलों में दोनों पक्षों को आपसी सहमति से विवाद को सुलझा लेने की इजाजत तो होनी ही चहिए, मगर पीड़ित की क्षतिपूर्ति के लिए अपराधी से एक निश्चित जुमार्ना राशि वसूली का प्रावधान भी होना चहिए।

5. यदि कोई व्यक्ति अपनी 18 वर्ष की आयु से कम वाली पत्नी से बलात्कार करता है, तो उसे 10 साल तक की सजा दी जा सकती है, का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि 18 वर्ष से कम आयु वाली लड़की से विवाह करना पहले ही गैर-कानूनी है।

6. बेगुनाह आरोपी जिन्हें वर्षों तक सजा से पहले ही जेल में रखा जाता है, को अग्रिम जमानत पर छोड़ने का कोई प्रावधान नहीं रखा गया है।

7. जजों को किसी केस के ट्रायल के पूरे होने पर अपना फैसला 30 दिन के अंदर देने के लिए बाध्य किया गया है, मगर मुकद्दमे के ट्रायल को एक निश्चित अवधि में पूरा करने का कोई प्रस्ताव नहीं रखा गया है।

8. मॉब लिंचिंग में शामिल हुए अपराधियों को मृत्युदंड की सजा का प्रावधान रखना तो उचित है, मगर ऐसे लोग जो इसके वास्तविक सूत्रधार होंगे, उनके संबंध में कुछ भी नहीं कहा गया है।

9. अभियोजन पक्ष, जिनकी लापरवाही व सांठ-गांठ से भी अपराधी छूट जाते हैं, को कहीं भी जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है।

10. नये अधिनियमों की धाराओं का क्रम बिल्कुल आगे-पीछे कर दिया गया है जिसे इस्तेमाल करने में अन्वेषण अधिकारियों को निश्चित तौर पर प्रारंभिक मुश्किलें आयेंगी तथा उन्हें विशेष प्रशिक्षण की जरूरत अवश्य रहेगी।

**(लेखक : हिमाचल प्रदेश के रिटायर्ड डीआइजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# डालसा ने मोबाइल वैन के माध्यम से चलाया जागरूकता अभियान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के द्वारा टाटा स्टील के जेनरल ऑफिस गेट व टीएसआरडीएस कार्यालय के समीप मोबाइल वैन के माध्यम से कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गाया। मंगलवार को अभियान के माध्यम से मजदूरों के बीच श्रम कानून एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गयी। मौके पर कंपनी मे काम करने वाले मजदूरों के पीएफ, इएसआइ एवं सरकार के कल्याण कारी योजनाओ के बारे में बताया गया। साथ ही डालसा के कार्य व उद्देश्यों के बारे में भी लोगों ने जाना। इसके अलावा ई श्रमिक कार्ड, प्रधान मंत्री श्रमिक बीमा योजना, पेशन योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, घरेलू हिंसा, सीनियर सिटीजन के अधिकार, सड़क दुर्घटना, एसिड अटैक, माध्यस्थता के बारे में बताया गया। चाइल्ड प्रोटेक्शन, बाल विवाह, बाल श्रम कानून के बारे मे जानकारी दी गयी। इस मौके पर पीएलवी नागेंद्र कुमार, संजय तिवारी एवं सदानंद महतो शामिल रहे।

## डीसी ने डेंगू जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# डेंगू की रोकथाम में जनभागीदारी जरूरी जागरूक और सतर्क रहें : मंजूनाथ भजंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में सावन के महीने में हो रही वारिस को देखते डेंगू की बीमारी फैलने का संभावना बनी हुई है। मंगलवार को जिले के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री डेंगू जिसे बीमारी से बचाव व रोकथाम के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जागरूकता रथ जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घूम कर लोगों को डेंगू रोग एवं उसके रोकथाम के बारे में जागरूक करेगी। मौके पर डीसी ने कहा डेंगू के रोकथाम व नियंत्रण के लिए जनभागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से डेंगू को लेकर जागरूक रहने व इसके रोकथाम के लिए सभी



एहतियाती कदम उठाने की अपील की। डीसी श्री भजंत्री ने कहा डेंगू का प्रसार जिले में नहीं हो इसके लिए प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। डेंगू एवं चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं। इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी को ढक कर रखें। साथ ही घर के आस-पास सफाई रखें।जब भी सोयें,मच्छरदानी के अंदर ही सोयें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। डेंगू और चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू चिकनगुनिया के लक्षण दिखायी दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना जरूरी है। डीसी ने कहा घर के आसपास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर या कोई सामान न रखें, घर में कूलर बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें। मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की व दरवाजे पर जाली लगवायें। टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें। क्योकि बारिश के मौसम में पानी जमा होता है। जिसमें एडिस मच्छर पनपने का संभावनाएं बनी रहती हैं। तेज बुखार, जोड़ों एव मांसपेशियों में दर्द, आंख के पीछे दर्द को अनदेखा न करें। यह डेंगू व चिकनगुनिया हो सकता है। उन्होंने कहा लक्षण दिखाई दें,तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

# जेजे और पॉस्को एक्ट पर प्रशिक्षण कार्यशाला, डीसी - एसपी हुए शामिल



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के जिला समहारणालय सभागार मे बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार शिविर का विधिवत शुभारंभ डीसी रवि शंकर शुक्ला व एसपी डॉ विमल कुमार नें द्वीप प्रज्वलित कर किया। पुलिस उपाधिक्षक मुख्यालय चन्दन कुमार वत्स के द्वारा जेजे एक्ट एवं डालसा सचिव कांति प्रसाद के द्वारा पोस्को एक्ट के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर डीसी ने कहा प्रशिक्षण कार्यशाला मे समय का सदुपयोग करते हुए एक्ट के प्रवधान को समझें, ताकि बच्चों की मदद की जा सकें। डीसी नें कहा बच्चो के द्वारा की जा रही अपराध व बच्चो पर हो रहे अत्याचार पर बाल अधिकार अधिनियम के तहत प्रोटोकोल फॉलो करे। जेजे एक्ट व पोक्सो एक्ट में यौन शोषण व बच्चों के साथ छेड़छाड़ की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यशाला मे पुलिस उपाधिक्षक ने जेजे एक्ट के प्रवधान, एक्ट पर लगाए जाने वाली धाराओ, संम्प्रेक्षण गृह, विशेष गृह, सुरक्षित स्थान, बाल गृह इत्यादि के बारे मे विस्तृत जानकारी साझा की। वही डालसा सचिव ने पोस्को अधिनियम 2012 पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया सीडब्ल्यूसी बोर्ड के सदस्यों की अनुशंसा पर डालसा द्वारा कानूनी सहायता, मुआवजा व सहायता प्रदान की जायेगी। एफआइआर और मेडिकल रिपोर्ट जमा होने के बाद अदालत में अंतरिम मुआवजे के लिए आवेदन किया जा सकता है। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, पुलिस उपाधिक्षक चन्दन कुमार वत्स, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती शिप्रा सिन्हा, कार्यपालक दंडाधिकारी डॉ सुधा वर्मा उपस्थित रहीं।

# प्रोडक्ट या कंपनी की सफलता में डेटा एनालिटिक्स की अहम भूमिका : सयानदेब

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में पीजीडीएम जीएम के विद्यार्थियों की ओर से फायरसाइड चैट 2023 का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य वक्ता द मैथकंपनी के सीईओ सयानदेब बनर्जी उपस्थित हुए। मौके पर एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर कनगराज ने उनका स्वागत किया। सीईओ श्री बनर्जी ने प्रतिस्पर्धी दौर में डेटा एनालिटिक्स के महत्वों से सभी को अवगत कराया। मुख्य रूप से डेटा मेकिंग,डेटा के आधार पर निर्णय लेने व इनोवेशन से संबंधित विषयों पर बातों को विस्तार पूर्वक रखा। श्री बनर्जी ने कहा आज के दौर में डेटा की शक्ति से हर कोई अवगत है। बड़ी कंपनियां निवेश करने से लेकर प्रोडक्ट को तैयार कर उसकी मार्केटिंग में भी डेटा का इस्तेमाल करती है। उन्होंने विभिन्न एजेंसियों द्वारा डेटा का इस्तेमाल करने वाले सर्वे पर भी अपनी बातों को रखा। डेटा के एथिकल इस्तेमाल पर भी बल दिया। कहा कई बार डेटा लीक की बातें भी सामने आती है यह गलत है। उन्होंने किसी भी हाल में अनैतिक तौर पर डेटा का इस्तेमाल नहीं करने का आह्वान किया। द मैथ कंपनी के बेसिक्स से जुड़ी बातें भी सभी के बीच रखी। मौके पर सौविक रॉय के द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर श्री बनर्जी को सम्मानित किया गया। एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम जीएम बैच के छात्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# संघ रत्न सेवा अवार्ड के चयन के लिए शहरवासी सुझाव दें : काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था हर हर महादेव सेवा संघ जनसेवा, साहित्य और कला साधना , खेलकूद, उद्यमिता, चिकित्सा, सामाजिक कुप्रथाओं के उन्मूलन, वन और पर्यावरण संरक्षण, कानूनी सेवा, पत्रकारिता आदि के क्षेत्रों में अपना जीवनपर्यंत योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों का चयन करके उन्हें अंतिम सोमवारी भजन संध्या के भव्य शिव दरबार से संघ रत्न सेवा अवार्ड प्रदान किया जाता है।



पूर्व में विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित हुए विशिष्ट महानुभावों में स्व. दीनानाथ पांडे, डॉक्टर सिद्धू, डॉक्टर बीपी सिंह, डॉ चंद्रशेखर झा, आरके अग्रवाल, हरि बल्लभ सिंह आरसी, राधेश्याम अग्रवाल, चंद्रेश्वर खां, डॉ जकारिया, डॉ स्वर्ण सिंह, डॉ एसएस रजी, प्रेम लता अग्रवाल, गोविंद दोदराजका चामी मुर्मू, यमुना टुडू, लखबीर सिंह लक्खा, भरत शर्मा व्यास, अरुणा मिश्रा, डॉ एमएल अली, पद्मश्री छुटनी महतो, डॉ आरके मिश्रा, प्रेमचंद, गणेश राव आदि को संघ रत्न सेवा अवार्ड दिया गया है।

संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने शहरवासियों से अनुरोध किया है किआपकी नजर में उक्त क्षेत्रों में विशेष पहचान रखने वाले विशिष्ट और गण्यमान्य जो भी व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपने जीवन काल में उपरोक्त क्षेत्रों में वि समाज हित में उल्लेखनीय कार्य किया हो, आप हमें वाट्सएप नंबर 9523590999 पर अपनी राय से अवगत करायें। उन्होंने कहा की यह सुझाव गोपनीय रहेंगे और आये सुझावों पर गंभीरता से समिति विचार करेगी।

# आदित्यपुर जयराम यूथ स्पोर्टिंग क्लब के दुर्गापूजा पंडाल में दिखेंगे राजस्थान के जर्जर मंदिर : अरबिंद



**आदित्यपुर।** कोल्हान के जमशेदपुर सरायकेला सहित पूरे झारखंड में चर्चित रहने वाले आदित्यपुर के जयराम यूथ स्पोर्टिंग क्लब का दुर्गा पंडाल इस वर्ष भी एक नए रूप में दिखेगी। मंगलवार को अदित्यपुए जयराम यूथ स्पोर्टिंग क्लब का भव्य दुगार्पूजा पंडाल का भूमि पूजन का आयोजन किया गया। क्लब के संरक्षक सह ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने बताया इस वर्ष राजस्थान के एक जर्जर मंदिर का प्रतिरूप जनता को देखने मिलेगा। भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगर के द्वारा दिन रात एक कर किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा पंडाल का अंदर का बैकग्राउंड भी काफी आकर्षक का केंद्र होगा। पंडाल में मां दुर्गे की तीन मूर्तियां स्थापित की जाएगी। अंदर व दोनो तरफ बाहर से रहेगी। इसके अलावा विद्युत सज्जा भी इस वर्ष नए तरीके से आकर्षक का केंद्र बनेगा। मैकेनिक लाइट से रंग-बिरंगे रोशनी बिखरेगी जो लोगों को आकर्षित करेगी।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



महत्वपूर्ण न्यूज

## विधायक भानु प्रताप शाही के कार्यक्रम में भोजपुर पंचायत के दर्जनों लोगों ने भाजपा का दामन थामा




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत भोजपुर पंचायत में विधायक भानू प्रताप शाही ने सोमवार शाम को जल-नल योजना का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के बाद आयोजित जनसभा में विधायक ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता को बताया। इस दौरान विधायक ने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी के साथ भोजपुर गढ़ के दीपक प्रताप देव पर जमकर प्रहार किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाजपा का दामन थामा। सभी को भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि भाजपा की नीति सिद्धांतों से प्रेरित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। इस दौरान विधायक ने दीपक प्रताप देव पर हमला करते हुए कहा कि झामुमो के गढ़ कहे जाने वाले भोजपुर राजा के घर में सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हुए हैं। चेतावनी देते हुए कहा कि तुम एक विकेट गिराओगे तो हम पूरी टीम ही साफ कर देंगे। भाजपा में शामिल होने वालों में अनिल शर्मा, उदय शर्मा, उदय यादव, संतोष शर्मा, राजेन्द्र मेहता, विजय यादव, सोनू कुमार, मनी उरांव, बसंत उरांव, संतोष उरांव, अनिल भुइयां, मुकेश कुमार सिंह, भोले उरांव, संतोष पासवान, लाला पासवान सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल हैं।

## घर पहुंचने से पहले ही पलायित नाबालिग मजदूर चंदन सिंह ने रास्ते में दम तोड़ा

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** घर पहुंचने से पहले ही पलायित नाबालिग मजदूर चंदन सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। नाबालिग मजदूर चंदन सिंह पिता नंदू सिंह भवनाथपुर प्रखंड के मकरी पंचायत के असनाबांध बांध निवासी था। चंदन सिंह अपने घर का बड़ा बेटा था, उसके अन्य दो भाई जो उससे छोटे हैं। चन्दन सिंह घर की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए अपने बहनोई प्रेमचंद सिंह ग्राम धंगरडीहा मकरी पंचायत के साथियों के साथ तीन माह पूर्व गुजरात कमाने गया था। वह यह सोच कर गया था कि कमा कर अपने घर की आर्थिक स्थिति का सुधार करेगा। लेकिन उसे क्या पता कि घर पहुंचने से पहले रास्ते में उसकी मौत हो जाएगी। समाचार के अनुसार चंदन सिंह गुजरात के रिफाइनरी फैक्ट्री में काम करता था, जहां तबीयत बिगड़ने पर वह धंगरडीहा के मंटू सिंह व अन्य साथियों के साथ घर आ रहा था। सोमवार को भवनाथपुर पहुंचने पर उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह असनाबांध घर न जाकर अपने बहनोई प्रेमचंद सिंह के घर धंगरडीहा चला गया। वहां पहुंचने के साथ ही उसकी तबीयत और बिगड़ने लगी और अचानक ही उसकी मौत हो गई। मंटू सिंह ने बताया कि चंदन सिंह को पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत थी। जिस पर वह घर चलने की बात कहा, जिसे हम सब साथी लेकर भवनाथपुर तक पहुंचे और उसकी मौत हो गई।

## भटके मन को एक जगह केंद्रित करके बांध लेने का नाम है योग : जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** शुकदेवजी महाराज से राजा परीक्षित ने पूछा कि ये हमारे भावना आएंगे कैसे, तो सुकदेव जी महाराज ने कहा कि इसके लिए योग को करना पड़ेगा। तो फिर प्रश्न किया कि योग कितने हैं किसे कहते हैं। योग केवल इतना ही नहीं कि सांस को लेना फिर छोड़ना। यह केवल स्वास्थ्य लाभ के लिए अच्छा है। लेकिन इतने से हम योग के अधिकारी हो जाएंगे यह बात नहीं है। योग का अर्थ है कि हमारा मन, चित बुद्धि कहीं भटक गया है, कहीं अटक गया है, उसको चारों तरफ से केन्द्रित करके, पकड़ करके, समझा करके और एक जगह ला करके बांध लेना इसी का नाम है योग। स्वामी जी महाराज ने बताया कि चित की चंचलता को रोका नहीं जा सकता है। मोड़ा जा सकता है। इसको दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा सकता है। प्रतिस्थापित किया जा सकता है। जो चीज नहीं रूकने वाली है उसे कैसे आप रोक सकते हैं। इसलिए मन को लगाना है तो वहां लगाइए जिसने पूरे संसार को बनाया है। उन्हीं में अपनी चित की चंचलता को लगा दीजिए। और जब जब मन करता है कुछ गुनगुनाने की तो मुरली वाले का नाम को गाइए। घूमने की इच्छा हो तो क्लब में मत जाइए। बल्कि विन्ध्याचल, अयोध्या, मथुरा, काशी चले जाइए। ऐसा करने से एक न एक दिन जो गलत प्रक्रियाओं में लग गया है वह अगत्या मुड़ जाएगा और मुड़कर हमेशा-हमेशा के लिए उससे अलग हो जाएगा। हर व्यक्ति को मर्यादा के अंतर्गत अपने जीवन को जीना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में मर्यादा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। विषम परिस्थिति में भी मर्यादा का पालन करते रहना चाहिए। क्योंकि मर्यादा ही पुरुष की शोभा है।

वर्चस्व की लड़ाई : बस एजेंट से सोहैल खान ने फोन कर मांगी एक लाख की रंगदारी

# पैसा नहीं देने पर बबलू केसरी को जान से मारने की दी धमकी

- सोहैल खान ने बस एजेंट को 16 अगस्त की शाम में किया था फोन
- धमकी मिलने के बाद से डरा हुआ है एजेंट, थाना व एसपी को दिया आवेदन
- वर्चस्व को लेकर हत्या का गवाह बन चुका है गढ़वा का बस स्टैंड





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वर्चस्व को लेकर गढ़वा बस स्टैंड में कई बार गोली चल चुकी है। गोलीकांड की घटना में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वर्तमान में बस एजेंट बबलू केसरी से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। इसकी जानकारी देते हुए एजेंट बबलू केसरी ने बताया कि 16 अगस्त की शाम में सुहैल खान नामक अपराधी ने फोन कर एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। रंगदारी का पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। बबलू ने बताया कि उसने गत 18 अगस्त को गढ़वा थाना में आवेदन दिया है। थाना में आवेदन देने के बाद 19 अगस्त को एसपी को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। बताते चलें कि गढ़वा शहर के इस अंतराज्यीय बस स्टैंड में कई बार गोली चल चुकी है ।

बस स्टैंड में एजेंट को धमकी मिलने की घटना नयी बात नहीं है। इससे पहले भी कई एजेंटों को धमकी मिली थी। उसके बाद अपराधी का बात नहीं मानने पर एजेंट को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

सोनपुरवा बस स्टैंड में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर कई बार गोलीबारी की घटना घटित हुई है। कुछ वर्ष पूर्व में बस एजेंट शैलेश केसरी की बस स्टैंड में दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

## उत्सव गार्डेन में कौशल मेला सह कैरियर गाइडेंस का आयोजन 24 अगस्त को

- मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर होंगे मुख्य अतिथि
- प्रतियोगी परीक्षाओं के विशेषज्ञ अभ्यर्थियों को देंगे करियर संबंधी मार्गदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में जिला कौशल कार्यालय गढ़वा तथा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जिले में कौशल मेला सह कैरियर गाइडेंस का आयोजन 24 अगस्त 2023 को उत्सव गार्डेन, नवादा मोड़, गढ़वा में किया जाएगा।

उक्त जानकारी जिला नियोजन-सह-कौशल पदाधिकारी, नीरज कुमार द्वारा दिया गया। आगे उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, मंत्री, मिथिलेश कुमार ठाकुर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार एवं जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर संग अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस कौशल मेला सह कैरियर गाइडेंस में इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्रशासनिक एवं जेनरल कंपटीशन से जुड़े विशेषज्ञ आएंगे तथा अभ्यर्थियों को करियर से जुड़ी विभिन्न बातों पर मार्गदर्शन देंगे। इस कैरियर गाइडेंस सेशन का लाभ कोई भी दसवीं पास युवा ले सकते हैं। जिनको इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, फमाशिष्ट, प्रशासनिक आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में कैरियर बनाना हो वे युवक एवं युवतियां भाग ले सकते हैं। साथ हीं अभ्यर्थी के मन में जो भी प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित कंफ्यूजन है, वह सारी जानकारी प्राप्त कर कंफ्यूजन दूर कर सकते हैं।

कौशल मेला में जिले में संचालित कौशल केंद्रों के द्वारा अपनी प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। कौशल केंद्र के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

जिला नियोजन-सह-कौशल पदाधिकारी, नीरज कुमार ने बताया कि सुबह 10.00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने सभी युवक-युवतियों से अपील की है कि इस कार्यक्रम में जरूर भाग लें।

## प्रखंड स्तरीय मुखिया की बैठक में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने रीड एलांग ऐप की दी जानकारी

- रीड एलांग ऐप बच्चों को भाषाई दक्षता को हासिल करने में मदद करता है



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड में सभी मुखिया की बैठक हुई, जिसमें पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सत्यम प्रकाश और पूजा यादव ने नीति आयोग द्वारा संचालित निपुण भारत मिशन और बुनियादी शिक्षा अभियान के तहत रीड एलांग ऐप की जानकारी दी गयी।

उन्होंने बताया कि रीड एलांग ऐप बच्चों को टेक्नोलॉजी के माध्यम से भाषाई दक्षता को हासिल करने में मदद करता है। इसके साथ ही मनोरंजक कहानियों के माध्यम से भाषाई समझ को विकसित करने का काम किया जा रहा है।

यह ऐप गढ़वा जिले में बच्चों को भाषा के स्तर पर आ रही चुनौतियों को कम करने और बेसिक शिक्षा को मजबूत करने में सहायक है। युवा इस ऐप की मदद से क्षेत्रीय भाषा और किन्हीं विदेशी भाषा को भी सीख सकते हैं।

यह ऐप नई शिक्षा नीति के तहत लॉन्च किया गया है। गढ़वा के शिक्षा विभाग द्वारा इस ऐप के लिए पार्टनर कोड (123 जीएआरएच) जारी किया गया। इस कोड के जरिए लाभार्थी की बेहतर निगरानी की जा रही है। जिससे कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समय रहते प्राप्त किया जा सके।

इस दौरान मेराल बीडीओ प्रवेश कुमार ने ऐप को बच्चों के लिए बहुत उपयोगी बताया। साथ ही इस ऐप को सभी मुखिया से प्रयोग करने की बात कही। अन्य मुखियाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और इसे सरकार द्वारा सकारात्मक पहल बताया।

इस कार्यक्रम में अलग- अलग पंचायतों से आये लगभग 40 मुखिया मौजूद थे।

## गढ़वा के युवक की इलाज के दौरान हैदराबाद में मौत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के गढ़देवी मोहल्ला निवासी सह चंद्रवंशी समाज के युवा सेना युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सनी चंद्रवंशी के बड़े भाई विकास चंद्रवंशी उर्फ विक्की का इलाज के दौरान हैदराबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। पिछले दो माह से हैदराबाद में इलाज चल रहा था। निधन की सूचना मिलने पर गढ़देवी मोहल्ला सहित उनके परिजन शोक में डूब गए। शव यात्रा में पूर्व सांसद घुरन राम, विनोद चंद्रवंशी, उमेश सिंह, अनिल चंद्रवंशी, रिंकू तिवारी, डॉ एमएन खान, दौलत सोनी, संतोष केसरी, जितेंद्र चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, चंद्रवंशी, करीमन बघेल, पंचम साहू, राहुल साहू,सुमित पाल, अजीत पासवान, बंपी पटवा, रंजीत सरदार, प्रीतम गोड़, राजू सिंह, शिवकुमार पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पत्रकार को पितृशोक



**केतार (आजाद सिपाही)।** स्थानीय पत्रकार सूरज वर्मा के पिता राम प्रवेश वर्मा का निधन अपने पैतृक आवास पर सोमवार की शाम हो गया। वे पिछले एक माह से बीमारी से पीड़ित थे। रामप्रवेश वर्मा चंद्रवंशी समाज के प्रखंड अध्यक्ष के साथ-साथ समाज के एक मजबूत स्तंभ थे। उनके निधन से चंद्रवंशी समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन की खबर सुनकर काफी लोगों ने पहुंच कर अंतिम दर्शन शोक जताया। उनका अंतिम संस्कार पंडा नदी के तट पर किया गया। उनके अंतिम संस्कार में मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, बलिगढ़ मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, पूर्व मुखिया अनिल पासवान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बदहाल सड़क पर धानरोपनी कर ग्रामीणों ने जताया विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बन रही सड़क ग्रामीणों के लिए बीते पांच वर्षों से सरदर्द बनी हुई है। यह सड़क कांडी से भवनाथपुर भाया कवलदाग, कैलान तक बनने वाली है। सड़क पर चलने वाले राहगीरों के लिए सड़क जंजाल बनी हुई है। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। कांडी से कवलदाग के बीच में सड़क की हालत नाजुक है। जिसमें सड़क किनारे बसे बहेरवा गांव व मझिगावां गांव की हालत सबसे नाजुक है। तंग आकर ग्रामीणों ने बनने वाली सड़क का अनोखा विरोध प्रदर्शन किया है। मझिगावां गांव से गुजरने वाली मुख्य सड़क पर गुस्साए ग्रामीणों ने कीचड़ व पानी से भरी सड़क पर ही धान की रोपाई कर अपना गुस्सा जाहिर किया। विरोध करने वाले ग्रामीणों का एक स्वर में कहना था कि उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे में मजबूरन उन्हें सड़क पर धान की रोपाई कर अपना गुस्सा जाहिर करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अन्य तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे। विदित हो कि बहेरवा बस्ती तथा मझिगावां गांव से गुजरने वाली सड़क पर मझिगावां बस्ती, बस्ती व पोखरा टोला के बीच में तथा बिन्हचला ढोड़ा पर पुलिया नहीं होने के कारण राहगीर जान जोखिम में डाल कर सफर करते हैं। क्षेत्र में हल्की सी बारिश में ही पूरी सड़क कीचड़ युक्त हो जाती है, जो आये दिन अक्सर विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों या शिक्षकों या अन्य राहगीरों को कीचड़ की वजह से गिरते देखा गया है।

धान रोपकर विरोध करने वालो में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू नाथ साह, पंचायत समिति सदस्य पति नरेश पासवान, पूर्व उपमुखिया अरुण मिश्रा, वार्ड सदस्य सत्यप्रकाश चौबे, मुखलाल यादव, विशुन साह, कामेश्वर राजवंशी, बलराम चौबे, मुकेश चौबे, उमापति प्रसाद गुप्ता, मुनि यादव सहित कई ग्रामीणों का नाम शामिल है।

## डीडीसी की अध्यक्षता में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सभी रोजगार सेवक को बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण बागवानी को लेकर क्या करें और क्या न करें, इस संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। जिससे वह प्रशिक्षित होकर अपने क्षेत्र में पौधों का संरक्षण कर बेहतर बागवानी करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, कार्यालय प्रबंधक मिथिलेश कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रंका सोनू कुमार द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से पौधों को लगाने से पूर्व पिट फिलिंग करने की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने शत प्रतिशत पिट फिलिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिससे पौधों के लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ कराई जा सके। प्रशिक्षण के दौरान पौधा रोपण से पूर्व एवं पौधों के संरक्षण को लेकर सिंचाई, पौधों की पहचान समेत कई अन्य तकनीकी जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गयी। साथ हीं खाद, यूरिया समेत अन्य विषयों पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बागवानी के तहत मिश्रित पौधा लगाने को कहा गया। नमी बनाए रखने के लिए इंटर क्रॉपिंग करने से संबंधित भी प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी को बिरसा हरित ग्राम मोबाइल एप्लिकेशन भी डाऊनलोड कराया गया, जिससे बागवानी से जुड़ी पूर्ण जानकारी मिल सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, कार्यालय प्रबंधक मिथिलेश कुमार, लेखापाल रंजीत राम, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## नगर उंटारी-गढ़वा रोड में टेंपो और बाइक की टक्कर में नौ लोग घायल, दो की स्थिति गंभीर



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर उंटारी-गढ़वा रोड स्थित पाल्हे कला गांव के समीप एनएच-75 पर टेंपो और बाइक की टक्कर में नौ लोग घायल हो गए। घायलों में दो लोगों की स्थिति गंभीर है। घटना मंगलवार तीन बजे की है। टेंपो नगर उंटारी से सवारी लेकर रमना जा रहा था। पाल्हे गांव के समीप एक बछड़े को बचाने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर होने के बाद पलट गई। घटना में सात टेंपू यात्री व दो बाइक सवार घायल हो गए। इस घटना में 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। वहीं दो गंभीर रूप से घायल बाइक सवार विलासपुर निवासी विष्णु पासवान व टेम्पो यात्री रमना थाना क्षेत्र के चुन्दी गांव निवासी रामलगन भुइयां को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के तेनार गांव निवासी जितेंद्र राम, दीपक कुमार, धर्मजीत राम, चुन्दी निवासी पवित्री देवी, गम्हरिया निवासी लालमोहन राम, बहियार निवासी सुचिता कुमारी व बाइक सवार बिलासपुर निवासी प्रेमन राम का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पाकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, संजय पांडेय सहित कई लोगों ने अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना।

प्रतियोगिता : नागपंचमी के अवसर पर मेला एवं कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# विजेता पहलवानों को किया गया सम्मानित

- मंदिर प्रांगण को पूरी तरह विकसित किया जाएगा : नितेश सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के हुरदाग मंदिर के प्रांगण में मेला कमेटी के तत्वावधान में नाग पंचमी के अवसर पर मेला एवं कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह ने फीता काटकर एवं पहलवानों से परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से नितेश कुमार सिंह के द्वारा मेला कमेटी को 21 हजार रुपये नगद सहयोग प्रदान किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नितेश कुमार सिंह ने कहा कि रंका के हुरदाग मंदिर प्रांगण में मेला कमेटी हुरदाग के द्वारा प्रतिवर्ष नागपंचमी के अवसर पर मेला एवं कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के बगल में खुली जगह पर आयोजित किया जाता है जिसे विकसित करने की जरूरत है, ताकि आगे चलकर यहां शादी-विवाह आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जा सके। उन्होंने कहा इसका प्रस्ताव तैयार कर विकसित करने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं के द्वारा महावीरी झंडा के साथ जुलूस भी निकाला गया जो गांव भ्रमण के पश्चात मेला प्रांगण में आकर समाप्त हुआ। भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सोनदाग पंचायत की मुखिया रीमा देवी, हेमंत पासवान, मुखिया प्रतिनिधि अजय गुप्ता, बीडीसी रीना भारती, जितेंद्र कुमार रवि, विजय राम, लखन राम, गढ़वा जिला युवा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण विभाग श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू, रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचलाधिकारी शंभू राम, झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, समाजसेवी गुलाब सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव, राज किशोर राम, संतोष कुमार रवि, रामबाबू ठाकुर, उत्तम पांडेय, इंद्रदेव राम, शिव चंद यादव, कुलदीप यादव, पूर्व मुखिया मालती देवी, अरविंद यादव, मेला कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता एवं समस्त ग्रामीण जनता हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

**बैठक :** उपायुक्त ने की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की प्रगति की समीक्षा

# बैंकों से समन्वय बना कर योजना के लक्ष्य को पूरा करें: लोकेश मिश्र

**उपायुक्त ने योजना के तहत जैकफ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की बात कही**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक में उपायुक्त लोकेश मिश्र ने प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें। डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को बैंक से समन्वय स्थापित कर लक्ष्य को पूर्ण करने को कहा। बैठक में उपायुक्त ने सभी डीआरपी को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि वर्तमान समय में लोगों को इस योजना के संबंध में जागरूक करें। उन्हें योजना की जानकारी देते हुए लाभ उपलब्ध कराएं।

डीसी ने कहा कि जिले का कुल लक्ष्य 38 है। अब तक 26 आवेदनों को ऑनलाइन जिले के विभिन्न बैंक शाखाओं को अग्रसारित किया गया है। उपायुक्त ने योजना के तहत जैकफ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की बात कही। अधिकारी ने बताया कि जिले के कर्रा प्रखण्ड में किसान पाठशाला में जैकफ्रूट प्रोसेसिंग पर कार्य किया जा रहा है।

उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि इस योजना से संबंधित कार्यशाला का आयोजन करें तथा इसमें सभी सदस्यों के अलावा जिले के सभी बैंकों और एनजीओ को शामिल करें। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएएफएमइ) केन्द्र प्रायोजित (60:40) एक रोजगारोन्मुखी योजना है। इस योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्यमों की स्थापना व उन्नयन के लिए अनुदान का प्रावधान है।

एफपीओ स्वयं सहायता समूहों को पूंजी निवेश पर 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड अनुदान का प्रावधान है। स्वयं सहायता समूहों को शुरूआत करने के लिए 40 हजार रुपये तक की प्रारंभिक पूंजी समर्थन का प्रावधान है। चिह्नित खाद्य उत्पाद की ब्रांडिंग और विपणन की सहायता के लिए कुल व्यय का 50 प्रतिशत तक की सहायता का प्रावधान है। व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को उन्नयन के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत लाभार्थी का योगदान अनिवार्य है। एक जिला एक उत्पाद के अन्तर्गत चिह्नित उत्पाद आधारित उद्यमों को अनुदान में प्राथमिकता का प्रावधान है।

**चंद्रयान 3 मिशन में तोरपा प्रखंड के तपकरा गांव के वैज्ञानिक सोहन यादव भी जुड़े हैं**

# चंद्रयान की सफलता को लेकर युवाओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** पूरे देश की नजर मंगलवार को चंद्रयान 3 के चांद पर लैंडिंग पर रहेगी। इसरो के अनुसार बुधवार को भारतीय समयानुसार शाम छह बजकर चार मिनट पर सॉफ्ट लैंडिंग की संभावना है। चन्द्रयान तीन मिशन में तोरपा प्रखंड के तपकरा गांव निवासी वैज्ञानिक सोहन यादव भी जुड़ा है। इसको लेकर तोरपा तपकरा के लोगों में काफी उत्साह है। लोग चंद्रयान के सॉफ्ट लैंडिंग के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। मंगलवार शाम को तोरपा मेन रोड स्थित महावीर मंदिर में स्थानीय युवाओं ने चंद्रयान की सफलता के लिए सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया।

ऋषभ, विशाल, रौनक ने कहा कि हम सभी चंद्रयान तीन की सफलता के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण मिशन में हमारे क्षेत्र का वैज्ञानिक शामिल है, यह हम सब के लिए गर्व की बात है।

### सोहन की मां आज करेगी विशेष पूजा

वैज्ञानिक सोहन यादव की मां देवकी देवी चंद्रयान तीन के सफल लैंडिंग व बेटे की कामयाबी की कामना को लेकर बुधवार को विशेष पूजा करेगी। उन्होंने बताया कि कल दिनभर उपवास रहकर मंदिरों में जाकर पूजा करेगी। शाम में टीवी में लाइव प्रसारण देखेगी। उन्होंने बताया कि एक माह पूर्व बेटे से बात हुई थी। उसने कहा था कि अब चंद्रयान के सफल लैंडिंग के बाद ही बात हो पायेगी।

### ट्रक ड्राइवर का बेटा है सोहन यादव

कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई कर तपकरा जैसे छोटे से गांव का सोहन वैज्ञानिक बना है। पिछले सात साल से इसरो से जुड़ा है। एक ट्रक ड्राइवर का बेटा सोहन का इसरो तक पहुंचना काफी रोमांचक है। गरीब परिवार में जन्मा सोहन ने कभी नहीं सोंचा था वह वैज्ञानिक बनेगा। मां देवकी देवी बताती हैं कि सोहन बचपन से ही काफी होनहार था। सोहन ने तपकरा स्थित शिशु मंदिर में प्राथमिक शिक्षा हासिल की। इसके बाद दसवीं तक की शिक्षा सरकारी स्कूल में की। मैट्रिक के बाद प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई और हॉस्टल में रहने के कारण खर्च को लेकर काफी परेशानी हुई। पिता घुरा यादव ट्रक ड्राइवर थे। महीने में मुश्किल से 6-7 हजार रुपया कमा पाते थे। इसी में परिवार चलाना व पढ़ाई का खर्च उठाना पड़ रहा था, पर पिता ने पढ़ाई में गरीबी को बाधा नहीं बनने दिया। जवाहर नवोदय विधालय मेसरा, डीएवी बरियातू पढ़ाई की। इसके बाद इंडियन इंस्टीटयूट आर्फ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी केरल में इंजीनियरिंग करने के बाद 2016 में इसरो से जुडा है।

# सोनाहातू के सतीघाट स्थल में वन महोत्सव का आयोजन

**पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधरोपण आवश्यक है : सुदेश महतो**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** वन प्रमंडल खूंटी के द्वारा 74वां वन महोत्सव का आयोजन प्रखंड के बारेंदा पंचायत अंतर्गत सतीघाट के पावन स्थल में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो और डीएफओ कुलदीप मीणा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधरोपण आवश्यक है। पौधरोपण के साथ हम उनका संरक्षण का जिम्मा भी लेनी होगी। सतिघाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये पौधरोपण आवश्यक था और इसे पेड़ का स्वरूप देना जिम्मेवारी है। इस स्थल में 22 सौ पौधा लगाये जायेंगे। जल्द ही सतीघाट का कायाकल्प होगा। पूरे क्षेत्र में हाथियों का प्रकोप है। इससे निजात पाने के लिये वन विभाग के साथ ठोस कदम उठाया जायेगा।

डीएफओ कुलदीप मीणा ने कहा कि पौधा भी बच्चे की तरह होते हैं उनको अच्छी तरह देखभाल होने से ही पेड़ का रूप लेते हैं। हमें पौधा लगाकर पेड़ का रूप देना होगा। संकल्प के साथ पौधारोपण कार्यक्रम को सफल करना होगा। उपस्थित सभी लोगों को पौधरोपण का जिम्मा दिया गया और उनके देखभाल करने को कहा गया।

मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी, सविता देवी सुभद्रा देवी, बेनीमाधव सिंह मुंडा, अमरनाथ भगत, चितरंजन महतो, बीणा मुंडा रमेश मुंडा, संजय महतो, अनिता देवी, अशोक महतो, बसंत महतो, सत्यनारायण सिंह मुंडा, विश्वनाथ महतो, गौतम सिंह देव, नवल सिंह देव आदि मौजूद थे।

## सोनाहातू में मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत 14 पंचायतों से मिट्टी संग्रह कर प्रखंड लाया गया



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सोनाहातू प्रखंड के सभी 14 पंचायत और शहीदों के गांव से मिट्टी संग्रह कर कलश में लेकर प्रखंड मुख्यालय लाया गया। मंगलवार को एकत्रित मिट्टी के कलश को सम्मान और श्रद्धा के साथ जिला मुख्यालय भेजा गया। मौके पर बीडीओ सुचित्रा मिंज, मुखिया सावना महली, मुखिया सविता देवी, मुखिया सरिता देवी, फणीभूषन सिंह मुंडा,रूप कुमार साहू,सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## तमाड़ पुलिस ने शराब भट्ठी ध्वस्त की

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तमाड़ थाना अंतर्गत ग्राम तिलाईपीढ़ी में करीब 300 केजी जावा महुवा एवं शराब भट्ठी को विनष्ट किया गया।

## फरार आरोपी देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार




**टायमारा (आजाद सिपाही)।** दशम फॉल थाना के फरार अप्राथमिकी अभियुक्त मोहम्मद आमिर उम्र 35 वर्ष, पिता मोहम्मद कयूम सा. ऐदलहातू, थाना बुंडू जिला- रांची को कांड में प्रयुक्त देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी में दशमफॉल थाना प्रभारी प्रेम प्रकाश व सदल बल शामिल थे।

## कस्तूरबा विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अस्पताल बुंडू की ओर से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की कुल 191 छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गयी। शिविर में कुल 129 छात्राओं की हीमोग्लोबिन, 27 की शुगर, 42 की बीपी, 42 छात्राओं की मलेरिया स्लाइड द्वारा तथा 8 पारा चेक द्वारा, 22 की आंख जांच तथा 11 को चश्मा एवं 13 छात्राओं का मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। मौके पर उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार पासवान ने बताया कि इसी तरह से समय समय पर स्कूलों में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में डॉ मधु तमवार, डॉ पंक्षि कच्छप, सदानंद महतो, ईश्वर दयाल साहू, अमन कुमार, उत्तम प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

## पूर्व अध्यक्ष के पिपरवार पहुंचने पर इनमोसा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सेवानिवृत सीनियर ओवरमैन सह इनमोसा के पूर्व एरिया अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान के पिपरवार पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर हाजी अब्दुल रहमान का बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि हाजी अब्दुल रहमान पिपरवार परियोजना में सीनियर ओवरमैन के पद से रिटायर हुए हैं। साथ ही इनमौसा पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं। पिपरवार में उनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। इनमोसा कमेटी को मजबूत बनाने में उनका योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर हाजी अब्दुल रहमान के अलावे अनिल कुंवर, एसडी राम, इकबाल हुसैन, एसके सिंह, सुरेश महतो, कलवंत सिंह, सिद्धनाथ सिंह, दीपक उरांव, बसंत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पेसा कानून को दरकिनार कर रही है राज्य सरकार : विजय गुड़िया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखण्ड उलगुलान संघ के तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा स्थित नगर भवन में झारखण्ड सरकार द्वारा पेसा कानून नियमावली के निर्माण के लिए प्रकाशित औपबंधिक प्रारूप पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने की। बैठक निर्णय लिया गया कि खेती-बारी के समय को देखते हुए इस औपबंधिक प्रारूप पर पारम्परिक अगुवों के सलाह, सुझाव एवं मंतव्य के लिए एक माह का समय और बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि ग्राम सभा में व्यापक चर्चा कर सशक्त और सर्वमान्य सुझाव सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। तत्पश्चात औपबंधिक प्रारूप में पेसा कानून की धारा 4(ण) में उल्लेखित प्रावधान को दरकिनार करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि राज्य सरकार पेसा कानून को प्रभावी बनाने पर गम्भीर नहीं है तथा पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था को संवैधानिक शक्ति से सम्पन्न नहीं करना चाहती है। विचार गोष्ठी में विजय गुड़िया, अनिल वीरेन कंडुलना, मसीहदास गुड़िया, निरल तोपनो, जोन जुरसन गुड़िया, जोसेफ होरो, अमृत गुड़िया, सुदर्शन भेंगरा, बेनेडिक्ट नवरंगी, आशीष गुड़िया, वाल्टर सांगा, संजय भेंगरा, एडमोन सोय, मनसिद्ध गुड़िया, मिखाएल सांगा, कलिया मुंडा आदि उपस्थित थे।

# जर्जर सड़क पर जल जमाव से लोग कपड़ों को घुटनों तक उठाकर चलने को विवश हैं

**जल जमाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है और जगह-जगह तालाबनुमा गड्ढे बन गए हैं**





आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू कॉलेज के निकट स्थित सड़क जो कई गावों एवं शिक्षण संस्थानों को आपस में जोड़ती है लेकिन इस महत्वपूर्ण सड़क के आसपास गंदगी एवं जल जमाव से उत्पन्न दुर्गंध के कारण उक्त सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के लिए इन दोनों उक्त पथ नरक साबित हो रहे हैं। इस सड़क पर गंदा पानी के जल जमाव के कारण लोग अपने कपड़ों को घुटनों तक उठाकर चलने को विवश हैं। इस पथ पर नाली नहीं होने से तथा लोगों का घरों का पानी सड़क पर ही निकासी करने के कारण सड़क में कीचड़ जमा हो रहा है। जल जमाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है और जगह-जगह तालाबनुमा गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में अक्सर आए दिन लोग गिरते हैं। बता दें कि इसी रास्ते पर छात्र छात्राएं पांच परगना किसान महाविद्यालय एवं संत जेवियर स्कूल सहित कई कोचिंग क्लासेज आना-जाना करते हैं।

इन सब समस्याओं को देखते हुए उपप्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार महतो के द्वारा गढ्ढों पर मोरम डालकर समतलीकरण किया गया। इस कार्य से ग्रामीणों को थोड़ी राहत मिली है।

# पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा उलिहातू : उपायुक्त

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को उलिहातू के विकास को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को उचित कार्य योजना के आधार पर उलिहातू के समग्र विकास का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना से जनजातीय विकास के उद्देश्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक में विकास के आवश्यक मानकों पर चर्चा की गई। इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, पेयजल, बिजली, रोड कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र और



पर्यटन विकास शामिल है। इन सभी मानकों में उत्तरोत्तर सुधार सुनिश्चित करते हुए उलिहातु का समग्र विकास किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य उप केंद्रों को क्रियाशील करें एवं लोगों को स्थानीय स्तर पर सुगम रूप से स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराएं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक 15 दिनों में उलिहातू में स्वास्थ्य कैंप लगाया जाए। उन्होंने आपूर्ति विभाग के अधिकारी को सभी घरों में गैस कनेक्शन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श बनाते हुए सभी सुदृढ़ बनायी जाये। साथ ही खेल स्टेडियम को विकसित करें, ताकि स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को बढ़ावा मिले। उलिहातू को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से पर्यटन विकास की योजना बनाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त बिरसा मुंडा कॉम्प्लेक्स को कम्युनिटी हॉल के रूप में विकसित करने की चर्चा की गई। साथ ही शहीद ग्राम विकास योजना के तहत बनाए जा रहे आवास कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**बैठक :** पिपरवार जीएम ऑफिस में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन और प्रबंधन के बीच हुई एजेंडा मीटिंग

# कोयला मजदूरों की समस्याओं पर यूनियन को मिला सकारात्मक आश्वासन

**30 सूत्री मांगों पर एजेंडा मीटिंग में हुई चर्चा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन सीटू और सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के बीच 30 सूत्री मांगों पर एजेंडा मीटिंग हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया। इस मीटिंग में संगठित और असंगठित मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से मजदूरों के प्रमोशन, आवास आवांटन, आवास मरम्मति, शुद्ध पेयजल, वर्षों से एक ही पद पर जमे कामगारों का टेबल ट्रांसफर, खदानों में मजदूरों की सुरक्षा, कैन्टीन, शौचालय, लाईटिंग, हॉल रोड ठीक करने, मशीनों के रखरखाव, आवासीय कॉलोनी में समुचित बिजली, पानी की व्यवस्था करने, साफ-सफाई, पुनर्वास केंद्र में मूलभूत सुविधा बहाल करने, जमीन के बदले लंबित नौकरी और मुआवजा जल्द देने सहित कई मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त सभी मांगों पर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। प्रबंधन के द्वारा क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। बैठक में मुख्य रूप से जीएम सीबी सहाय, एसओपी आलोक मनीष सोय, एसओसी सुमन कुमार, रवि बाड़ा, नागेश कुमार, बिरेन्द्र महतो के अलावे यूनियन की ओर से केन्द्रीय अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, केन्द्रीय सदस्य धनेश्वर तुरी, जोनल सचिव जंगबहादुर राम,जोनल अध्यक्ष रतिया गंझु, एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान,मिथिलेश पासवान, दर्शन गंझु, मन्टु मिश्रा, सुभाष कुमार, मो. शमीम, संतोष मेहता, रोहित गंझु, मो. जमशेद, इंदर सिंह, अशोक सिंह सहित यूनियन के एनके पिपरवार के कई लोग मौजूद थे।

## हेसालोंग बाजार की जमीन को लेकर अंचलाधिकारी ने की ग्रामीणों के साथ बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** हेसालोंग बाजार की जमीन की अवैध जमाबंदी की शिकायत मामले को लेकर खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने ग्रामीणों से बात की। अंचलाधिकारी ने मंगलवार को अंचल कार्यालय में हेसालोंग के ग्रामीणों से बाजार की जमीन की जमाबंदी संबंधित शिकायत की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि हेसालोंग बाजार की जमीन को कुछ लोगों ने गलत तरीके से जमाबंदी करायी है जबकि उस जगह पर शुक्रवार को सप्ताहिक बाजार एवं एकादशी मेला कई पीढ़ियों से लगता रहा है। इसलिए अंचल सहित कई विभागों में लिखित शिकायत की गई है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से आग्रह किया है कि हेसालोंग बाजार की जमीन की अवैध जमाबंदी को रद्द किया जाये। इस मामले पर अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों को कहा है कि जमीन की जमाबंदी पर संबंधित लोगों को नोटिस किया जाएगा। साथ ही मामले की जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया पुतुल देवी, किरण देवी, अरविन्द कुमार, बसन्त प्रसाद पंकज, लखन प्रसाद, पंकज कुमार प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, पवन प्रसाद, रविन्द्र मुंडा, जयप्रकाश साहु, रामकुमार मुंडा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## महिलाओं के बीच बत्तख चूजों का वितरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड मुख्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत महिलाओं के बीच बत्तख के चूजों का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, राय पंचायत मुखिया शीला देवी एवं पशु चिकित्सक डॉ. प्रतिमा कुमारी ने राय पंचायत व बमने पंचायत की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से महिलाओं के बीच बत्तख के चूजों का वितरण किया। मौके पर डॉ. प्रतिमा कुमारी ने बताया कि झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में यह भी एक योजना है। जिससे ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ कर स्वावलंबी एवं उनका आर्थिक विकास करना है। इस योजना के तहत बत्तख पालन, सुकर पालन, बकरी पालन, गाय पालन सहित अन्य कई योजनाएं शामिल हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सभी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आमजनो को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से 50 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जाता है। वहीं प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने कहा कि इस योजना का लाभ किसानों को बढ़-चढ़ कर लेना चाहिए। मौके पर लाभुक महिलाएं सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# नामकुम की पूनम मिश्रा ने बेंच प्रेस में जीता स्वर्ण पदक



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम के जोरार बस्ती पंडित सदन निवासी पूनम मिश्रा ने झारखंड स्टेट बेंच प्रेस प्रतियोगिता में कुल 62.5 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। गौरतलब है कि झारखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के द्वारा 20 अगस्त को रांची बरियातू स्थित लाइफलाइन फिटनेस जिम में स्टेट बैंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से 300 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। मंगलवार को पूनम मिश्रा ने आजाद सिपाही से बात करते हुये अपनी जीत का श्रेय फिटनेस फर्स्ट जिम के संचालक सह ट्रेनर सुनील मुंडा, अपने परिजनों व पूरी टीम को दिया। वहीं फिटनेस फर्स्ट जिम के संचालक सुनील मुंडा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से जिले के बॉडी बिल्डर्स का हौसला बढ़ा है। साथ ही हमें इस प्रतियोगिता से और बेहतर परिणाम देने की प्रेरणा मिली है।

पूनम मिश्रा की जीत पर फिटनेस फर्स्ट जिम के ट्रेनर सुनील मुंडा, बादल सांगा, राजू मिंज, राहुल भूटकुमार, श्रिदार्थ सिंह, आशीष कच्छप, अभय किंडो, डोली बक्सी, निंतू बाली, अनुषा तिर्की, अंकिता मोहरा, सीमा बाली के साथ अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के चतरा गांव में सबमर्सिबल पंप की हुई चोरी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड अंतर्गत टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के चतरा जैप टू और रेलवे लाइन के नजदीक सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों नें धर्मनाथ महतो की जमीन पर लगे सबमर्सिबल पंप को चुरा लिया। चोर पंप के साथ केबल तार और पाइप को भी उड़ा ले गए। धर्मनाथ महतो ने बताया कि सबमर्सिबल पंप की चोरी न हो सके इसके लिए उन्होंने सुरक्षा का पूरा बंदोवस्त कर रखा था। सुरक्षा के लिए पंप लगे स्थान को चारों तरफ से इंट की जोड़ाई कर मजबूत ग्रील से ढक कर उसमें ताला जड़ दिया था। बावजूद चोर ईंट की जोड़ाई और ग्रील को तोड़कर सबमर्सिबल पंप की चोरी में कामयाब हो गए। इस संबंध में धर्मनाथ महतो ने थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने हेतू आवेदन दिया है।

## रांची-लोहरदगा रेलवे लाइन पर ट्रेन से कट कर युवक की हुई मौत



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** रांची-लोहरदगा रेलवे लाइन पर नगड़ी थाना क्षेत्र के नयासराय के नजदीक ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। युवक की सोमवार रात ट्रेन से कटकर मौत हुई। मंगलवार को सुबह मार्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों ने रेलवे लाइन पर पड़े युवक के शव को देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना नगड़ी थाने को दी। सूचना मिलने पर पहुंची नगड़ी पुलिस ने शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। शव की पहचान नयाटोली निवासी स्वर्गीय इसराइल अंसारी के पुत्र अफताब आलम (उम्र 22 वर्ष) के रूप में हुई। ट्रेन से कटकर युवक की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं हुई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शमीमा गर्ल्स हाई स्कूल के पूर्व प्राचार्य का निधन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी प्रखंड स्तरीय शांति समिति के वरीय सदस्य सह शमीमा गर्ल्स हाई स्कूल के पूर्व प्राचार्य इटकी फिरदौस नगर निवासी डॉ असलम जमाल उर्फ भाईजान (82)का मंगलवार को निधन हो गया। जनाजे की नमाज के बाद रानीखटंगा स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

## अभाविप के शिविर में 22 लोगों ने किया रक्तदान




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और एचडीएफसी बैंक खूंटी शाखा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 22 लोगों ने रक्तदान किया। एचडीएफसी बैंक खूंटी शाखा की और से रक्तदाताओं को विशेष उपहार भी दिये गये। मौके पर बिरसा कॉलेज के खेल प्रमुख राजकुमार गुप्ता ने कहा कि रक्तदान से लोगों की जान बचती है, चलिए हम रक्तदान के लिए जागरूकता बढ़ाएं और सुनिश्चित करें कि जरूरतमंदों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण रक्त समय पर और किफायती दर पर मिले। हम सभी रक्तदान करें, किसी दूसरे के लिए यह कार्य करें। सदर अस्पताल खूंटी ब्लड बैंक के अनुज झा ने कहा कि थेलेसिमिया के मरीज कई बार मिलने आये और मुझे फोन और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीमार रोगियों की अपील-शिकायत प्राप्त होती हैं, जिन्हें स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से खून चढ़ाने की आवश्यकता होती है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम हर समय उनकी आवश्यकताओं को पूरा करें और ब्लड बैंक में ताजा रक्त की नियमित आपूर्ति बनाए रखें। एबीवीपी जिला सह संयोजक प्रकाश टूटी ने कहा कि दूसरों की जान बचाना मानव जाति की सेवा करना है। एक स्वस्थ व्यक्ति 65 वर्ष की आयु तक रक्तदान कर सकता है। प्रत्येक तीन महीने में एक बार वर्ष में कुल चार बार रक्तदान कर सकता है। मौके पर एचडीएफसी के महावीर राम, सूरज नायक, सूर्या प्रताप, मनीष कुमार और सदर अस्पताल खूंटी के विक्रम, पूनम और एबीवीपी के गौतम नाग, आदर्श राज, अजय जयसवाल, अशोक टूटी, पवन कुमार, विवेक होरो, रामजीवन, मंगल कुम्हार आदि मौजूद थे।

**अभियान : स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव को बचाने के लिए बच्चों की अपील**

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिख लगा रहे गुहार

**स्वर्णरेखा उत्थान समिति की ओर से पोस्टकार्ड लिखो अभियान का व्यापक समर्थन मिल रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** स्वर्णरेखा नदी के तट पर नागवंशीकालीन 21 शिवलिंगों को बचाने के लिये मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची के एलपी पब्लिक स्कूल के 600 बच्चों ने पोस्टकार्ड लिखकर इस नदी की दुदर्शा और नदियों के प्रदूषण से नष्ट हो रहे इक्कीसो महादेव को बचाने की गुहार लगायी है।

गौरतलब है कि स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा पोस्टकार्ड लिखो अभियान का व्यापक समर्थन मिल रहा है। कई स्कूल इस अभियान में शामिल हो रहे है। इसी क्रम में रांची के किशोरगंज स्थित एल.पी पब्लिक स्कूल से इस अभियान की शुरूआत हुई। जिसमें कक्षा 5 से लेकर 10 तक के 600 बच्चों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिखा।

इस अभियान की शुरूआत करने वाले सुधीर शर्मा ने बताया कि जबतक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय से उक्त विषय पर संज्ञान नहीं लिया जाता तबतक यह अभियान चलेगा। प्रथम चरण में राँची, बुण्डू, मैक्लुस्कीगंज और रामगढ़ में यह अभियान चलाया जायेगा।

समिति का लक्ष्य कम से कम 21 लाख पोस्टकार्ड लिखकर अपील करनी है। झारखंड के प्रत्येक परिवार के सदस्य पोस्टकार्ड के माध्यम से स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव को बचाने की अपील करेंगे तो निश्चित रूप से हमारी बातें सुनी जायेगी। ज्ञात हो कि स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा स्वर्णरेखा को बचाने और इक्कीसो महादेव को संरक्षित करने की मुहिम विगत कई दिनों से चलाई जा रही है।

पिछले 13 अगस्त को समिति के द्वारा लोगों में जनजागरूकता के उद्देश्य से स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल रानीचुआं से इक्कीसो महादेव तक की 21 किलोमीटर की कांवर यात्रा का आयोजन किया गया था। जिसमें 400 से अधिक कांवरियों ने भाग लिया था।

इस अभियान में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र पाठक, सीए नवीन सोनी, छात्र आकाश कुमार के साथ शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

## प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण दल को आम बागवानी का दिया गया प्रशिक्षण

**प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण दल ने बेड़ो प्रखंड में संचालित बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना के संचालन के तरीकों को देखा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के 42 सदस्यीय दल बिरसा हरित ग्राम योजना का सर्ड हेहेल रांची में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रखंड बेड़ो के पंचायत नेहालू कपरिया के ग्राम रोगो गांव में 2023-24 के अंतर्गत कैलाश उरांव के जमीन पर आम बागवानी योजना में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें गड्ढों की भराई,एच टेका, जलकुंड निर्माण व पौधों की उचित गुणवत्ता इत्यादि के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षण दल के सदस्यों को ईंटा पंचायत के ईंटा ग्राम में वित्त वर्ष 2022-23, 2020-21 और उससे पहले की योजनाओं में उनकी गुणवत्ता बढ़ाने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। ईंटा पंचायत के ग्राम चिल्द्री में मनरेगा पार्क का अवलोकन भी किया गया। वहीं प्रशिक्षण में आए हुए सभी प्रशिक्षु को बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने बिरसा हरित ग्राम योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दिया। वहीं कार्यक्रम में विभाग से आए हुए मास्टर ट्रेनर अनुपम भारती,नेहाल, दीपक कुमार,अरविंद आदि ने आम बागवानी व मिश्रित बागवानी के संबंध में होने वाले लाभों के बारे में और पौधों में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। वहीं मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि ये योजना लाभुक किसानों के लिए आर्थिक स्थति मजबूत बनाने में सहायक बनेगा। मौके पर जिला परियोजना पदाधिकारी डा ऋतुराज, बीपीओ सजंय तिर्की, मीखिया वीरेंद्र भगत,बुधराम बाड़ा,उप मुखिया जितिया उरांव, वार्ड सदस्य बबलू लोहरा, ग्राम प्रधान सुरजा मुण्डा, सक्रिय सदस्य राधा देवी, सुशीला खलखो, सरिता खलखो सहायक अभियंता, सभी कनिया अभियंता, रोजगार सेवक वार्ड सदस्य व बागवानी के लाभुक एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## बेड़ो में टाना भगत मुक्ति दिवस राजकीय समारोह का भव्य आयोजन 30 अगस्त को : बीडीओ

**राजकीय समारोह के आयोजन को लेकर बीडीओ ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** टाना भगत मुक्ति दिवस के अवसर पर राजकीय समारोह के आयोजन को लेकर बेड़ो प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ डा प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से टाना भगत मुक्ति दिवस के अवसर पर आगामी 30 अगस्त को बेड़ो प्रखंड में राजकीय समारोह का आयोजन का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम की सफलता को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। जिसके तहत सर्वप्रथम खख्सी टोली में 9.00 बजे 76 टाना भगतों के स्मारक स्थल पर माल्यार्पण , ध्वजारोहण एवं प्रार्थना कार्यक्रम होगा। इसके बाद 11:30 बजे पुराने प्रखंड परिसर में शहीदों के शिलापट्ट पर माल्यार्पण व झंडोत्तोलन सहित अन्य कार्यक्रम के आयोजन करने का निर्णय लिया। इसके बाद 12.30 बजे से बेड़ो स्थित ऐतिहासिक महादानी मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया?। मौके पर बीडीओ ने कहा कि यह राजकीय समारोह का आयोजन हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हर साल की तरह इस वर्ष भी यह भव्य आयोजन टाना भक्तों के बलिदान और जज्बे को समर्पित होगा। इस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए क्षेत्र की जनता प्रशासन और जनप्रतिनिधि पूरी कोशिश करेंगे।

मौके पर पूर्व विधायक गंगा टाना भगत व उप प्रमुख मुदस्सिर हक आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। वहीं मौके पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम,फारूक नदीम, गुमला जिला से बिशनपुर, घाघरा,सिसई, बसिया व कामडारा प्रखंड, लोहरदगा एवं खूंटी जिला और बेड़ो प्रखंड के टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## इटकी में रात्रि पाठशाला की वर्षगांठ मनी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** राजी पड़हा लूरकुड़िया द्वारा गढ़गांव के बिश्नापाट में संचालित रात्रि पाठशाला का मंगलवार को तृतीय वर्षगांठ मनाया गया। मौके पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के सफल सहभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने की। मौके पर विधायक तिर्की ने कहा कि बच्चों में खेल की प्रतिभा को जगाना आवश्यक है। उन्होंने जानकारी दी कि इटकी सियारटोली में चार करोड़ की लागत से खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जायेगा। कार्यक्रम में मुखिया रजनी उरांव,रमेश महली, घोमा सिंह, राजन, आलोक, सुखदेव, अमोल, सबिता, अंकित व सुरेश सहित अन्य लोग शामिल थे।

**परेशानी : पिपरवार के बचरा बस्ती के पास जर्जर सड़क से लोग परेशान**

# सड़क में गड्ढे होने से वाहनों का परिचालन हुआ मुश्किल

**गड्ढों में वाहनों के फंसने से अक्सर सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती के पास जर्जर सड़क इन दिनों आवागमन करने वाले लोगों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार के द्वारा पतरातू से मैक्लुस्कीगंज तक सड़क का निर्माण कराया गया है। इस बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बस्ती के समीप करीब एक किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य मुआवजा लंबित होने का कारण नही कराया गया है। उक्त एक किलोमीटर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण बरसात के इस मौसम में उसमें पानी भर गया है,जबकि उक्त मार्ग पर कई कोल वाहनों का परिचालन होता है। कोल वाहनों के परिचालन के दौरान आए दिन यहां कई कोल वाहन गड्ढे में फंस जाते हैं, जिसके कारण सड़क जाम की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मुआवजा लंबित होने के कारण सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा करीब एक किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण उसने बरसात का पानी जमा हो गया है जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को गड्ढे का अनुमान नहीं हो पा रहा है और आए दिन गड्ढे में वाहनों के फंसने की सूचना मिल रही है। वहीं दो पहिया वाहन चालक यहां गिरकर घायल भी हो रहे हैं। इस संबंध में आवागमन करने वाले लोगों ने जल्द बचे हुए सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## खिजरी विधायक ने हुंडरू-सिंगारी पथ पुनर्निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** आज पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची (ग्रामीण) अन्तर्गत हुंडरू मुख्य पथ ( एम. डी.आर.-023 )से सिंगारी (एम. डी.आर.-020 ) कुल लम्बाई 6.042 किमी पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को विधायक राजेश कच्छप ने किया। विधायक राजेश कच्छप ने अपने सम्बोधन में कहा कि बहुत दिनों से ग्रामीणों के द्वारा इस सड़क का पुनर्निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसे आज शिलान्यास कर लोगों की इच्छा को पूर्ण की गई है। साथ ही विधायक ने खेल के प्रति युवाओं का हौसला बढाने हेतु फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी वितरण किया। मौके पर अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, पंसस कुच्चू जॉन तिग्गा, पंसस नवागढ़ फाल्गुनी शाही, पूर्व मुखिया संगीता देवी, महेश गंझू, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, शिवदास गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि जनवितरण सफिक अंसारी, नायुम अंसारी, बाली महली, निर्मल करमाली, बालेशवर बेदिया, सावना बेदिया, श्रवण मुखियार, मागु बेदिया, अजय करमाली, अजगुत करमाली, नितेश महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

## लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं को प्रसव के बाद घर भेजने की कोई व्यवस्था नहीं




**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग में सुरक्षित प्रशव के लिए महिलाओं को प्रेरित व प्रोत्साहन भत्ता दिया जाता है। इसे भुक्तभोगी महिलाओं ने झूठा साबित कर दिया। रविवार 19 अगस्त को प्रसव के लिए चामिन देवी पति दशरथ लोहरा गांव झिकी के सहिया दीदी बतिया उरांव के मध्य से 108 एम्बुलेंस के द्वारा गांव से लापुंग हॉस्पिटल में लाकर सुरक्षित प्रशव कराया गया। जिसमें जच्चा और बच्चा स्वस्थ हैं। आज 22 अगस्त को जब उन्हें छुट्टी मिली तो सड़क पर निकलकर पति के साथ साइकिल पर जाने के लिए मजबूर दिखी। सहिया दीदी बतिया उरांव और न कोई स्वास्थ्य कर्मी दिखी। बड़ी मशक्कत के बाद निजी टेम्पो के द्वारा अपने घर झिकी पहुंची। यह हाल है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का। लापुंग की प्रभारी डॉ नमिता लकड़ा प्रसव के लिए आयी महिलाओं को सुरक्षित पहुंचाने में लापरवाह दिखी। प्रसव में आयी महिला के पति गरीब है, वह मजदूरी कर अपना व अपने बच्चों का पेट पालता है। स्वास्थ्य कर्मी से पूछने पर पता चला कि लापुंग की 108 एम्बुलेंस देवघर भेजी गयी है।

## केसीए ने गुरुकुल को पराजित कर जीता सेव वाटर क्रिकेट टूर्नामेंट




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में स्थानीय कचहरी मैदान में आयोजित सेव वाटर क्रिकेट टूनार्मेंट का दूसरा मैच मंगलवार को खूंटी क्रिकेट एकेडमी और गुरुकुल के बीच खेला गया, जिसमें खूंटी क्रिकेट एकेडमी ने गुरुकुल को नौ विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुरुकुल की टीम निर्धारित 20 ओवर में 111 रन बना सकी। गुरुकुल की ओर से रमन ने सर्वाधिक 33 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में खूंटी क्रिकेट एकेडमी की ओर से रामाधीश प्रसाद ने तीन महत्वपूर्ण विकेट झटककर गुरुकुल की टीम को बड़े स्कोर बनाने से रोका। इसके अतिरिक्त मीत जैन और ओरियन ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। जवाबी पारी में 112 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी खूंटी क्रिकेट एकेडमी की टीम ने रोहित कुमार के नाबाद 51 रन की अर्थशतकीय पारी से 13.4 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर नौ विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तीन महत्वपूर्ण विकेट लेनेवाले खूंटी क्रिकेट अकादमी के रामाधीश प्रसाद को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अवधेश कश्यप द्वारा प्रदान किया गया।

## जब तक वन हैं, तब तक हम हैं, इसलिए प्रकृति की रक्षा करें: काशीनाथ महतो



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में कर्रा स्थित कस्तूरबा गांधी स्कूल में मंगलवार को 74वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता काशीनाथ महतो ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि वनों पर ही सभी प्राणी का जीवन आध्ध्यारित है। उन्होंने जब तक वन हैं, तब तक हम हैं। जिस दिन प्रकृति का विनाश होगा, उसी दिन हमारा भी अस्तित्व खत्म हो जाएगा। काशीनाथ ने लोगों से अपील की पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करें और उनका संरक्षण करें। मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला परिरूाद की उपाध्यक्ष मुजू देवी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम, कर्रा की प्रमुख अंजनी मिंज, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गंगा प्रसाद सहति कई लोग उपस्थित थे।

# सुजीत सिन्हा गिरोह का एक अपराधी गिरफ्तार

## मध्यप्रदेश के इंदौर से लाखों में खरीदे गये आठ पिस्टल और गोली बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सोमवार को विशेष शाखा के इनपुट पर पलामू पुलिस की विशेष टीम ने रेहला थाना क्षेत्र के तहत रायपुर से डालटनगंज आ रही एक बस से आठ अवैध पिस्टल व 16 जिंदा कारतूस व मिस फायर कारतूस को बरामद किया था। इधर, मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में संवाददाताओं से बात करते हुए एसपी रिष्मा रमेशन ने पूरे घटना क्रम की जानकारी दी है। बताया कि सूचना मिली थी कि सुजित सिन्हा व उसकी पत्नी रिया सिन्हा गिरोह का एक सक्रिय सदस्य भारी मात्रा में हथियार लेकर रायपुर से गढ़वा की तरफ से आने वाली बस में बैठकर डालटनगंज की ओर जा रहा है। इस सूचना पर एक टीम गठित कर रेहला थाना चेक पोस्ट के पास चेकिंग लगाया गया। साथ ही रायुपर से गढ़वा होते आने वाली संदिग्ध बस को रोका गया, इसी दौरान एक यात्री काला बैग लेकर बड़ी तेजी से उतर कर भागने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से घेर कर दबोच लिया गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम मनीष कुमार राम उर्फ मयंक वर्मा निवासी पाटन थाना के नौडीहा गांव बताया। वह रहने वाला है। बैग की तलाशी लेने पर उसके बैग से अलग अलग बोर के 8 अवैध पिस्टल, कई जिंदा व मिस फायर कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने मनीष कुमार राम उर्फ मयंक वर्मा को विधिवत गिरफ्तार किया गया । हथियार के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि यह हथियार सुजित सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा के द्वारा मध्य प्रदेश के इंदौर, मनावर से मगांया गया है। यह हथियार रांची रिया सिन्हा को देने जा रहे थे। पुलिस के समक्ष आरोपित मयंक ने अपने स्वीकारोक्ती बयान में बताया कि इसमें सुजित सिन्हा गिरोह का अन्य सक्रिय सदस्य भी शामिल है। पुलिस इस मामले में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इसके पास से 9 एमएम बोर का 2 पिस्टल, 7.65 एमएम बोर का 5 पिस्टल, 7.62 एमएम बोर का 1 पिस्टल सहित 7.62 एमएम बोर का 5 जिन्दा कारतूस, 9 एमएम बोर का 6 जिंदा गोली, 7.65 एमएम बोर का 5 जिन्दा कारतूस, 9 एमएम बोर का 1 मिस फायर गोली, 7.65 एमएम बोर का 3 मिस फायर कारतूस बरामद किया है।


गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी के बारे में जानकारी देती एसपी और अन्य ।

### छापेमारी टीम में ये थे शामिल

छापामारी दल में रेहला थाना प्रभारी, नेमधारी रजक,पुअनि अलखनाथ चौबे,सअनि रामचन्द्र चौधरी सहित अन्य शामिल थे।

### रांची के तीन थाना क्षेत्र में मयंक वर्मा के नाम दर्ज है चार मामले

पलामू पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए मयंक वर्मा के विरूद्ध रांची के नगड़ी, सुखदेवनगर नगर थाना व कांके थाना में कुल चार मामले दर्ज है। वह पिछले 23 फरवरी को जमानत पर बाहर आया था।

# डीसी की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता व स्थानीय सांसद विष्णु दयाल राम की उपस्थिती में मंगलवार को जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति जून 2023 तिमाही की बैठक हुई। डीडीसी के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी रंजन ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना,डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंक को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है। केसीसी के लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निपटाने को लेकर लगाया जायेगा प्रखंडवार कैंप डीसी ने कई बैंकों द्वारा केसीसी से संबंधित आवेदन पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी बैंकों को केसीसी से संबंधित लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। इसके लिये डीसी ने यंग प्रोफेशनल व कृषि पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर इस कार्य हेतु प्रखंडवार कैंप का आयोजन करने को लेकर तिथि निर्धारित करने हेतु निर्देशित किया।

### सभी बैंकों को सीडी रेश्यो को बढ़ाने के निर्देश

डीसी रंजन ने बैंकवार सीडी रेश्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सीडी रेश्यो के कम प्रतिशत रहने पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए इसमें सुधार लाने की बात कही। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू सुखाड़ग्रस्त इलाका है ऐसे में सीडी रेश्यो कम रहने पर यहां के लोग पलायन करेंगे इससे बचने हेतु सीडी रेश्यो बढ़ाना आवश्यक हो जाता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत एसबीआई बैंक में सुरक्षा के कारण आ रही कैश से संबंधित मामला को रेखांकित किया गया इस पर एसबीआई के प्रतिनिधि ने बताया कि रामगढ़ सुदूरवर्ती इलाका है। ऐसे में वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण समस्या आती है इस पर उपायुक्त ने संबंधित प्रतिनिधि को लिखित में आवेदन करने की बात कही जिसके बाद उपायुक्त ने उन्हें जिला सुरक्षा समिति की बैठक करने के पश्चात पेड आर्म्ड गार्ड उपलब्ध करवाए जाने का आश्वासन दिया। बैठक में उपरोक्त के अलावे जिला कृषि पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड एलडीएम, चतरा सांसद प्रतिनिधि, छतरपुर व हुसैनाबाद के विधायक प्रतिनिधि, समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र का विधायक ने किया उद्घाटन

# सभी क्षेत्रों में बिश्रामपुर को किया जा रहा पूर्ण विकसित : रामचंद्र चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिश्रामपुर(पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा नप मुख्यालय में स्वस्थ व कल्याण केन्द्र खोला गया है। जिसका उद्घाटन मंगलवार को पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज व संचालन सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जिस सपने को लेकर बिश्रामपुर को नगर परिषद का दर्जा दिलवाया था,वह हर सपना अब पूरा होता जा रहा है। बिश्रामपुर नगर परिषद सभी क्षेत्र में पूर्ण विकसित हो रहा है। जिसमे नप अधिकारियों से लेकर आम लोगों तक का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। आने वाले समय में बिश्रामपुर नगर परिषद सभी शहरी सुविधाओं से पूर्णतया लैस होगा और मिनी स्मार्ट सिटी का दर्जा हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि मै कभी भी इधर उधर की बात नहीं करता। हमेशा सिर्फ विकास की बात करता हूं। क्षेत्र को विकसित करना और आम लोगों को हर सुविधा उपलब्ध कराना ही हमारी प्राथमिकता है। सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज ने कहा कि सरकार के हर महत्वाकांक्षी व कल्याणकारी योजनाओं को बगैर किसी भेद भाव के धरातल पर उतारा जा रहा है। यह केंद्र लोगों के स्वास्थ और कल्याण के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा। पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र में अत्याधुनिक सुविधा के साथ चिकित्सक और सक्षम स्वास्थ्य कर्मी भी उपलब्ध रहेंगे। नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम व प्रभात कुमार ने स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं से लोगों को अवगत कराया। मौके पर प्रशिक्षु सहायक नगर आयुक्त प्रमोद उरांव, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, इद्रीस हावरी,कनीय अभियंता अजीत टुडू, विभूति भूषण, मुबारक अंसारी, सोनू दुबे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन विजय कुमार रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## पर्यावरण संतुलन के प्रति सबकी संवेदनशीलता जरूरी: शशि कुमार



**हुसैनाबाद।** मंगलवार को निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार के सौजन्य से माँ शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री मां बाल विकास विद्यालय की होलेया रोड स्थित परिसर में बृक्षारोपण किया गया। परिसर में दर्जनों फलदार, छायादार, पुष्प मसलन पपीता, करंज, आंवला, आम, शीशम सरीफा आदि के पौधे लगाए गए। इसकी शुरूआत निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, निदेशक जितेंद्र प्रसाद, चारधाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से आँवला का पौधा लगाकर की ।कार्यक्रम में शशि कुमार ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति सवेंदनशील रहने की बात कही। कहा कि यदि हम सभी पर्यावरण संतुलन के प्रति गम्भीर नही हुये तो जीवों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। इस लिये पौधरोपण अभियान में सबकी सहभागिता जरूरी है। आप सभी को अपने जन्मदिन या अन्य अवसर पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिये। अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हम सबो को भविष्य के लिये भी इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिये।

## प्रदेश अध्यक्ष को लोगों ने किया सम्मानित



**हुसैनाबाद।** निवासी झामुमो के केंद्रीय सदस्य वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह को झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।इस दौरान उपस्थित लोंगो ने उन्हें बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ0 एजाज आलम ने कहा कि वशिष्ठ सिंह को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष बनने से किसान- मजदूर में हर्ष है इनके कुशल नेतृत्व में संगठन विस्तार के साथ-साथ किसानों की हक की आवाज बुलंद होगी।

# विधायक की अनुशंसा पर हुसैनाबाद, हैदरनगर-हरिहरगंज को मिली एंबुलेंस

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के अस्पतालों में पहले से प्राप्त कुछ एंबुलेंस काफी जर्जर हो गया था। इसे देखते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सरकार को पत्र लिखकर हुसैनाबाद, हैदरनगर, अधौरा, मोहम्मदगंज में एक-एक और हरिहरगंज में दो एंबुलेंस उपलब्ध कराने का काम किया है। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में एंबुलेंस का शुभारंभ विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की एक एक समस्या को लेकर वह गंभीरता से लगे हुए हैं। सड़क, शिक्षा, सिंचाई के साथ साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी एक एक कमी को दूर करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हुसैनाबाद हरिहरगंज में एंबुलेंस की वजह से किसी की जान नहीं जाने दी जायेगी। मौके पर हुसैनाबाद 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस उपलब्ध हो जाने से से गरीब असहाय बीमार को त्वरित रूप से सुविधा का लाभ मिलेगा। अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी दीपक कुमार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, हैदर नगर के 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, राजकुमार ठाकुर, विजय राजवंशी अंजली शर्मा, रमेश प्रजापति, रविंद्र कांस्कार, बीपीएम विभूति गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# मुखिया ने लाभुकों के बीच धोती-साड़ी और लुंगी वितरित की

**मुखिया ने धोती साड़ी की क्वालिटी में सुधार लाने की आवश्यकता बतायी**

आजाद सिपाही संवपाददाता


लाभुकों के बीच धोती साड़ी वितरित करते मुखिया पूनम जायसवाल व उप मुखिया नगीना बीबी

**छतरपुर (पलामू)।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया सह विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान की प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने सोना सोबरन योजना के तहत वहां के पीडीएस डीलर प्रीतम कुमार और गुलाम गौस के कार्डधारकों के बीच धोती साड़ी व लुंगी वितरित किया। मुखिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि झारखंड सरकार की उक्त महत्वाकांक्षी योजना से सूबे की 57 लाख गरीब परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। केंद्र सरकार की कई अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं की तरह झारखंड सरकार की सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि मात्र दस - दस रुपये में गरीबों को धोती -साड़ी और लुंगी उपलब्ध कराकर सरकार उनकी इज्जत बचाई है। क्योंकि आज भी कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें अपनी इज्जत आबरू ढकने के लिए उनके पास पर्याप्त वस्त्र नहीं हैं। इस दौरान उन्होंने एक बात और कहा कि जो धोती साड़ी और लुंगी गरीबों को दिया जा रहा है उसकी क्वालिटी में और सुधार करने की आवश्यकता है ताकि गरीब परिवार के लोग उसका उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि कपड़े की गुणवत्ता काफी निम्नस्तर के होने के कारण उसका उपयोग गरीब परिवार के लोग नहीं कर पाते हैं। ऐसी हालात में उसे वितरित करने का फिर कोई औचित्य ही नहीं रह जाता है।

जिस उद्देश्य को लेकर सरकार इस महत्वकांक्षी योजना की शुरूआत की है उस उद्देश्य की पूर्ति हो सके। इसका भरपूर ख्याल रखना होगा।

ताकि जरूरतमन्दों को इसका सीधा लाभ मिल सके। मौके पर उप मुखिया नगीना बीबी, जुबेर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, सहित सैकड़ों लाभुक उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त पदाधिकारी को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिश्रामपुर/पलामू।** बिश्रामपुर के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामानन्द सिन्हा को सेवानिवृत्ति के बाद मंगलवार को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इसके लिए रेहला स्थित जे बी उच्च विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता नवनियुक्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम नरेश राम व संचालन केतात स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के प्राचार्य मनोज द्विवेदी ने किया। प्रखंड में पदस्थापित शिक्षकों ने सेवानिवृत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामानन्द सिन्हा को सम्मानित किया। रामानंद सिन्हा ने कहा कि बिश्रामपुर में प्रधाध्यापकों और शिक्षको से समन्वय स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने का प्रयास किया। जिससे कुछ सकारात्मक बदलाव भी हुआ। उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर में मिला सम्मान ताजिंदगी याद रखूंगा। जिला पार्षद विजय रविदास ने रामानन्द सिन्हा के कार्यसंस्कृत की तारीफ करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल आने वाले पदाधिकारियों को प्रेरणा देगा। मौके पर पूर्व बीईओ सुनेशवर चौधरी,बीपीओ मनी पांडेय,बीआरपी मनोज पाठक, प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय, अखिलेश दुबे, कामेश्वर सिंह, किशोर दुबे, दिलीप पाठक, संजय कुमार दुबे, मुकेश कुमार तिवारी, अजीत कुमार तिवारी, जेबी स्कूल प्रधानाध्यापक अनील सिंह, लालकृष्ण भारद्वाज, हर्षवर्धन चौबे, गोरख चौवे, रंजीत बक्सराय' गोपाल चंद्र पांडेय सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



ऑस्ट्रेलियाई बैटर स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया है कि वे ऐशेज सीरीज में रिस्ट इंजरी के बावजूद खेल रहे थे। 34 साल के स्मिथ ने फॉक्स क्रिकेट को बताया कि लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान मेरी कलाई में चोट लगी थी।

# इंटरव्यू में खुलासा: चोटिल कलाई के बावजूद ऐशेज टेस्ट खेल रहे थे स्मिथ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान कलाई में सूजन थी, पेनकिलर इंजेक्शन भी लिय थे

**उन्होंने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 110 रन की शतकीय पारी खेली थी।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई बैटर स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया है कि वे ऐशेज सीरीज में रिस्ट इंजरी के बावजूद खेल रहे थे। 34 साल के स्मिथ ने फॉक्स क्रिकेट को बताया कि लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान मेरी कलाई में चोट लगी थी और सूजन भी आ गई थी। उन्होंने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 110 रन की शतकीय पारी खेली थी। स्मिथ ने बताया कि तब मैंने सीराज के दौरान पेनकिलर इंजेक्शन भी लिए। स्वदेश लौटकर मुझे लगा कि मैं अभी ठीक नहीं हूं। अभी भी दिक्कतें आ रही है। मेरा स्कैन हुआ। जिसमें पता लगा कि मेरे हाथ के एक टिशू में घाव है।

### साउथ अफ्रीका दौरे से नाम वापस

स्मिथ और मिचेल स्टार्क ने पिछले हफ्ते शुक्रवार को साउथ अफ्रीका दौरे से अंतिम समय में अपना नाम वापस लिया। एशेज सीरीज के बाद स्टार्क की कमर में कुछ दर्द रह गया है और उन्हें ठीक होने के लिए ज्यादा समय चाहिए। ओवल में आखिरी एशेज टेस्ट में मैदान गिरने के कारण पैट कमिंस की बाईं कलाई में फ्रैक्चर हो गया था। कमिंस साउथ अफ्रीका में वनडे और टी-20 सीरीज में नहीं खेलेंगे लेकिन सेंचुरियन में चौथे वनडे से टीम के साथ शामिल होंगे।

### स्मिथ की जगह लाबुशेन-टर्नर को मौका

साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में स्टीव स्मिथ की जगह मार्नस लाबुशेन को मौका मिला है, हालांकि, उन्हें वनडे वर्ल्ड कप में टीम में जगह नहीं मिली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में स्मिथ की जगह एश्टन टर्नर को जगह मिली है। साउथ अफ्रीका में 3 टी-20 और 5 वनडे खेलेगा ऑस्ट्रेलिया 30 अगस्त से 17 सितंबर के बीच होने जा रहे साउथ अफ्रीका दौरे में कंगारू टीम 3 टी-20 और 5 वनडे खेलेगी।

साउथ अफ्रीका दौरे के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम वर्ल्ड कप से पहले भारत के खिलाफ 3 वनडे खेलेगी।

## भारतीय टीम एशिया कप में सबसे उम्रदराज, 7 खिलाड़ी 30 साल से ऊपर, औसत उम्र 29; पाकिस्तान से 3 साल ज्यादा

**मुंबई।** एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है। भारतीय टीम टूनार्मेंट में सबसे उम्रदराज है। भारतीय खिलाड़ियों की औसम उम्र 29 साल है। कप्तान रोहित शर्मा (36 साल 113 दिन) भारतीय टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। टूनार्मेंट में हिस्सा लेने वाली अन्य टीमों में भी रोहित से ज्यादा उम्रदराज सिर्फ बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन (36 साल 141 दिन) हैं। नेपाल के गुलशन झा 16वें एशिया कप के सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। 22 साल की औसत उम्र के साथ उनकी टीम भी टूनार्मेंट की सबसे युवा टीम है। इस स्टोरी में हम एशिया कप के लिए घोषित हो चुकी 4 टीमों का एज एनालिसिस पढ़ेंगे। यानी सभी टीमों में शामिल खिलाड़ियों की उम्र का लेखा-जोखा। श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीमें सोमवार तक घोषित नहीं हुई थीं। लिहाजा उनके आकड़े इस स्टोरी में शामिल नहीं है।

**1. भारतीय टीम के 7 खिलाड़ी 30 पार**

टीम इंडिया के 7 खिलाड़ी 30 साल की उम्र पार कर चुके हैं। रोहित के अलावा, विराट कोहली (34 साल), रवींद्र जडेजा 34 (साल), सूर्यकुमार यादव (32 साल), मोहम्मद शमी (32 साल), केएल राहुल (31 साल) और शार्दूल ठाकुर (31 साल) 30 से ज्यादा उम्र के खिलाड़ी हैं। टीम में सबसे युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा हैं। वे अभी सिर्फ 20 साल के हैं। टीम की बैटिंग, बॉलिंग और ऑलराउंड तीनों यूनिट में 30 से ज्यादा उम्र के खिलाड़ी हैं।

### उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त की अध्यक्षता में जेआरडीए की 34वीं प्रबंध पार्षद की बैठक संपन्न

# जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य और योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त सह झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अध्यक्ष सुमन कैथरीन किस्पोट्टा की अध्यक्षता में समाहरणालय में जरेडा के 34 वीं प्रबंध पार्षद की बैठक हुई। इसमें जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बेलगड़िया में चल रहे कार्य का डिवीएशन एस्टीमेट, रिवाइज एस्टीमेट, समय अवधि का विस्तार इत्यादि पर चर्चा की गई। वहीं बेलगड़िया में निर्मित चार शॉपिंग सेंटर की 60 दुकानें के एलोटमेंट एवं एक कम्युनिटी सेंटर को समिति बनाकर हैंडओवर करने का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रबंध पर्षद ने 31 जुलाई 2023 तक के फंड यूटिलाइजेशन को स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 के ऑडिट रिपोर्ट को अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में बेलगड़िया के विद्युत विपत्र का भुगतान करने, स्कूल, प्रायमरी हेल्थ सेंटर, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, आंगनबाड़ी सेंटर का निर्माण करने, राइट्स लिमिटेड की समय अवधि विस्तार करने तथा डीपीआर समर्पित करने पर उनके बिल का भुगतान करने, बेलगड़िया में एक पुलिस आउटपोस्ट स्थापित करने, रेवेन्यू बजट, कैपिटल बजट पर चर्चा की गई। बैठक में परिवहन सचिव हजारीबाग रवि राज शर्मा, उपायुक्त वरुण रंजन, डीसीसी शशि प्रकाश सिंह, एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक तकनिकी (ऑपरेशन) उदय अनंत कांवले, झरिया मास्टर प्लान के महाप्रबंधक डी मित्तल, जेआरडीए के प्रभारी कुमार बंधु कच्छप, जेआरडीए के महाप्रबंधक (सिविल) देवेंद्र महापात्रा, बीसीसीएल के महाप्रबंधक पर्यावरण, सीएमपीडीआईएल के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित बीसीसीएल एवं जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## फर्जी आइबी पुलिस बन ट्रकों को लूटने वाले 7 लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**धनबाद।** सोमवार की देर रात धनबाद पुलिस ने एनएच 2 पर निरसा थाना क्षेत्र के गोपालगंज के समीप से फर्जी आईबी पुलिस बनकर ट्रक ड्राइवरों से लूटपाट करने वाले गैंग के सात लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। धनबाद पुलिस ने इस बाबत प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोमवार की रात्रि लगभग 1:30 बजे दो कार संख्या डब्लूबी3डीए/6022 एंव डब्लूबीएबी /1246 पर सवार होकर अपराधकर्मियों द्वारा ट्रक संख्या बीआर44जी/9821 के चालक भोजपुर आरा बिहार निवासी प्रमोद कुमार पासवान से 4 हजार नगद, गाड़ी के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि की लूट की। इसकी सूचना मिलते ही निरसा थानेदार दिलीप यादव दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सभी अपराधियों को भागने से पहले ही मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए अपराधियों में रोहित कुमार सिंह, तुषार प्रीत बर्णवाल, अनुराग बर्णवाल, बॉबी पासवान, अभिषेक सिन्हा, अरिष्तो मंडल सभी साउथ आसनसोल निवासी सहित अंडाल जिला निवासी नितेश श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधियों के पास से पुलिस को 4 हजार 10 रुपये, एक एयर पिस्टल, 10 मोबाइल, सोसल जस्टिस फिर इंटरनेशनल सिविल राइट कॉउंसिल का आईडी कार्ड, दो चाकू, एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का आईडी कार्ड बरामद किया है।

## केंद्र सरकार की जनविरोधी नीति व वर्गीय जन मुद्दे को लेकर वामदलों ने निकाली रैली, प्रदर्शन व सभा

धनबाद। केंद्र सरकार की जन विरोधी नीति और वर्गीय जन मुद्दे को लेकर वाम दलों के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को धनबाद के जिला परिसद मैदान से रैली निकाली गयी जो मुख्य मार्ग होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गयी। जहां वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी। वक्ताओं में एमसीसी से हरिप्रसाद पप्पू, सीपीआई(एम) जिला सचिव संतोष कु घोष, सीपीआई से शोभिक प्रसाद, माले से नागेंद्र कुमार, फारवर्ड ब्लाक से यूनिस अंसारी, एसयूसीआई (सी) से अनिल बाउरी शामिल थे जबकि अध्यक्षता फिरोज रजा कुरैशी ने किया।सभा के बाद वाम दलों के प्रतिनिधियों ने धनबाद उपायुक्त को नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा।


## कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 16/2023-24 PR No- 302408 (District) 23-24D द्वारा निकाली गई ग्रुप संख्या 02 का कैरियर काउंसिलिंग सेन्टर का निर्माण को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 305211 District(23-24)D



पत्रांक–383(ii) प्रपत्र VI 'क' दिनांक–22.08.2023.

### झारखण्ड सरकार समाहरणालय, खूँटी
(जिला भू–अर्जन शाखा)

(शुद्धि पत्र)

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधीन ग्राम गुरमी थाना–मुरहू थाना सं0 274 अंचल मुरहू जिला खूँटी में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना मुरहू तपकरा तोरपा पथ चौड़ीकरण परियोजना मौजा गुरमी हेतु **RCD** के लिए पत्रांक 374(ii) दिनांक 12.08.2023 के द्वारा दैनिक सामाचार पत्र हिन्दुस्तान में प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन दिनांक 19.08.23 को किया गया है, जिसका न0 **PR 304886Land Reforms(23-24).D** है। लिपिकीय भूल के कारण प्रारंभिक अधिसूचना में अंकित पत्रांक 374(ii) दिनांक 12.08.23 किया गया है। जिसे सुधार करते हुए दिनांक को दिनांक 14.08.2023 पढ़ा एवं समझा जाय।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 305207 Land Reforms(23-24)D



## कार्यालय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सोनाहातु (राँची)

### आम इश्तेहार

ज्ञापांक :– दिनांक :–

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, राँची के पत्रांक–423/जि0प0 दिनांक–01/08/2023 द्वारा जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लैक्स, सोनाहातु के खाली पड़े दुकानों के आवंटन के संबंध में प्राप्त निदेश के आलोक में कुल–20 शर्तों के साथ जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लैक्स, सोनाहातु में खाली पड़े दुकानों के आवंटन के संबंध में सभी सर्व साधारण से आवेदन की मांग की जाती है। दुकानों के आवंटन के लिए आवश्यक शर्तें एवं नियम की जानकारी प्रखण्ड कार्यालय ,सोनाहातु के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की गई है। दुकान आवंटन के लिए आवेदन की निर्धारित समय–सीमा आम इश्तेहार प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह की होगी। उपरोक्त शर्तों में संशोधन या परिवर्त्तन करने का अधिकार केवल जिला परिषद, राँची के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
सोनाहातु(राँची)

PR 305200 District(23-24)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
**NH/HAZARIBAGH/2023-24/03**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि :–05.09.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–06.09.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–06.09.2023 को 3:30 बजे अपराह्न
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
(ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, धनबाद
(ग) मुख्य अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, राँची
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–क्रमांक–5 पर अंकित स्थान।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की राशि (₹ में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (₹ में) | अग्रधन की राशि (₹ में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 0.00(P) से कि०मी० 5.00(P) तक में साधारण मरम्मति कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹ 25,00,000 | ₹ 5,000 | ₹ 50,000 | 2 Months |
| 2 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 8.00(P) से कि०मी० 17.00(P) तक में साधारण मरम्मति कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹ 50,00,000 | ₹ 5,000 | ₹ 1,00,000 | 2 Months |
| 3 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 21.00(P) से कि०मी० 26.00(P) तक में साधारण मरम्मति कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹ 50,00,000 | ₹ 5,000 | ₹ 1,00,000 | 2 Months |
| 4 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 28.00(P) से कि०मी० 30.00(P) तक में साधारण मरम्मति कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹ 24,00,000 | ₹ 5,000 | ₹ 48,000 | 2 Months |
| 5 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 31.00(P) से कि०मी० 34.00(P) तक में साधारण मरम्मति कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹ 45,00,000 | ₹ 5,000 | ₹ 90,000 | 2 Months |
| 6 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 35.00(P) से कि०मी० 37.00(P) तक में साधारण मरम्मति कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹ 25,00,000 | ₹ 5,000 | ₹ 50,000 | 2 Months |
| 7 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 39.00(P) से कि०मी० 43.00(P) तक में साधारण मरम्मति कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹ 50,00,000 | ₹ 5,000 | ₹ 1,00,000 | 2 Months |
| 8 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 44.00(P) से कि०मी० 48.00(P) तक में साधारण मरम्मति कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹ 48,00,000 | ₹ 5,000 | ₹ 96,000 | 2 Months |

8. निविदा कागजात क्रमांक–5 पर अंकित कार्यालयों से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य मान्य होगा।
10. बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी को निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
11. निविदाकार को पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के UCAN Portal पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।
12. निविदाकार का पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में एक से अधिक Registration नहीं होना चाहिए।
13. निविदाकार को Hot Mix Plant का व्यवस्था प्रमाण–पत्र निविदा प्रपत्र के साथ समर्पित करना अनिवार्य है।
14. परिमाण विपत्र का मूल्य, जो किसी भी हालत में लौटाया नहीं जाएगा, बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से **Executive Engineer, NH Division, Hazaribagh** के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत हो, अनुमान्य होगा।
15. IT/GST/other deductions related to taxes/cess will be applicable as per existing law.

PR.NO.305248 Road(23-24):D — कार्यपालक अभियंता, रा०उ०पथ प्रमण्डल, हजारीबाग



## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

55वीं औपबंधिक सूची जिला–राँची (पार्ट–01)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– कोतवाली थाना काण्ड संख्या–280/98 में नामित अभियुक्त एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सुनील फकीरा द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 200–250 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–1650<br>2. आवेदक–पप्पू आलम , पिता–स्व० अथर हुसैन<br>3. ग्राम–ग्वाला टोली रोड, पोस्ट–जी0पी0ओ0 थाना–हिन्दपीढ़ी प्रखण्ड–सदर राँची ,<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के बगल में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–1750<br>2. आवेदक–किरण कच्छप , पिता–स्व० बिरबल कच्छप<br>3. ग्राम–पुरानी राँची, पोस्ट–जी0पी0ओ0 थाना–कोतवाली प्रखण्ड–सदर राँची ,<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पांव में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– बेड़ो थाना काण्ड संख्या–90/87 में नामित एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री पंचु उरांव द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 150 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–473/23<br>2. आवेदक–सुकरा उराँव , पिता–स्व0 रूपना उराँव<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–474/23<br>2. आवेदक–बुधुवा उराँव , पिता–स्व0 चरवा उराँव<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–475/23<br>2. आवेदक–बंधना उराँव , पिता–स्व0 बान्दे उराँव<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–488/23<br>2. आवेदक–केदार महतो , पिता–स्व0 चरका महतो<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–507/23<br>2. आवेदक–केदार महतो , पिता–स्व0 चरका महतो<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–काँके थाना काण्ड संख्या–009/91 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री नूर आलम एवं श्री मनौवर हुसैन द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 30–40 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–489/23<br>2. आवेदक–संतोष कुमार मेहता , पिता–शिवलोचन महतो<br>3. ग्राम–झारखण्ड नगर , पोस्ट–हेहल , थाना–पंडरा , प्रखण्ड–सदर राँची<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–490/23<br>2. आवेदक–जितेन्द्र सिंह , पिता–रामजी प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–शुक्ला कॉलोनी, हिनू , पोस्ट–हिनू , थाना–डोरण्डा , प्रखण्ड–सदर राँची<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में मासा | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–तमाड़ थाना काण्ड संख्या–09/91 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जन्मेंजय महतो , गोविन्द महतो , मेघनाथ महतो , मकसुद आलम एवं श्रृष्टिधर महतो द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 200–300 अज्ञात की संख्या के आ धार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–377/23<br>2. आवेदक–कन्हैया लाल कनक , पिता–स्व0 लक्ष्मण साहू<br>3. ग्राम–वीरगाँव , पोस्ट–सारजमडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–1570, 1297<br>2. आवेदक–सोमेश्वर दास , पिता–स्व0 हरि दास<br>3. ग्राम–पुण्डिदिरी , पोस्ट–तमाड़, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–466/23<br>2. आवेदक–खिरन महतो , पिता–स्व0 राधा महतो<br>3. ग्राम–मल्हान भुईयाडीह , पोस्ट–बाबुरामडीह, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–213/23<br>2. आवेदक–मो0 शकुर , पिता–स्व0 राधा महतो<br>3. ग्राम–रड़गाँव , पोस्ट–रड़गाँव , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में मासा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–437/23<br>2. आवेदक–अशोक सेठ , पिता–स्व0 खोगेन्द्र सेठ<br>3. ग्राम–सारजमडीह , पोस्ट–सारजमडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बीच ललाट में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–440/23<br>2. आवेदक–हरेलाल महतो , पिता–स्व0 दलु महतो<br>3. ग्राम–चिरूडीह , पोस्ट–चिरूडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–438/23<br>2. आवेदक–कबीर स्वांशी , पिता–स्व0 गोविन्द स्वांशी<br>3. ग्राम–मरघान , पोस्ट–चिरूडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–283/23<br>2. आवेदक–निवारण रजक , पिता–हाराधन रजक सेठ<br>3. ग्राम–हुरूण्डीह , पोस्ट–रड़गाँव , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ पर जला हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–416/23<br>2. आवेदक–आनंद राम महतो , पिता–स्व0 हेमन्त महतो<br>3. ग्राम–हेठ बुढ़ाडीह , पोस्ट–बुढ़ाडीह , थाना–बुण्डु , प्रखण्ड–बुण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–447/23<br>2. आवेदक–नन्द किशोर महतो , पिता–स्व0 दुर्गा महतो<br>3. ग्राम–खुदीमधुकम , पोस्ट–रेलाडीह , थाना–बुण्डु , प्रखण्ड–बुण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–467/23<br>2. आवेदक–अशोक कुमार , पिता–स्व0 उपेन्द्रनाथ सिंह<br>3. ग्राम–रायडीह , पोस्ट–तमाड़ , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में दायें तरफ तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–282/23<br>2. आवेदक–डॉ0 घनेश्वर मेहता , पिता–स्व0 चुनीलाल मेहता<br>3. ग्राम–उलीलोहार , पोस्ट–उलीलोहार, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–482/23<br>2. आवेदक–विजय सिंह मानकी , पिता–स्व0 राखोहरि सिंह मानकी<br>3. ग्राम–परासी , पोस्ट–परासी, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4 लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–481/23<br>2. आवेदक–खगेन्द्र महतो , पिता–बनवारी महतो<br>3. ग्राम–रागड़ाबाडांग , पोस्ट–बारेडीह, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–494/23<br>2. आवेदक–अरूण कुमार कश्यप , पिता–रामगोपाल कश्यप<br>3. ग्राम–रायडीह , पोस्ट–तमाड़ , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–495/23<br>2. आवेदक–श्याम लाल मुण्डा, पिता–सुखलाल मुण्डा<br>3. ग्राम–रोलाडीह , पोस्ट–उलीडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–496/23<br>2. आवेदक–सोहन मुण्डा, पिता–स्व0 विसल मुण्डा<br>3. ग्राम–जारगो , पोस्ट–जारगो , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 27 | 1. आवेदन क्र0–214/23<br>2. आवेदक–समीम अंसारी, पिता–स्व0 जमील अंसारी<br>3. ग्राम–रड़गाँव , पोस्ट–रड़गाँव , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के सामने तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 28 | 1. आवेदन क्र0–110/23<br>2. आवेदक–कोकिल चन्द्र महतो, पिता–स्व0 देवचाँद महतो<br>3. ग्राम–बाबुरामडीह , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के सामने तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 29 | 1. आवेदन क्र0–108/23<br>2. आवेदक–मो0 तजबील अंसारी , पिता–मो0 इस्लाम अंसारी<br>3. ग्राम–रड़गाँव , पोस्ट–रड़गाँव , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 30 | 1. आवेदन क्र0–109/23<br>2. आवेदक–चन्द्र कान्त महतो, पिता–बिनोद महतो<br>3. ग्राम–पालना , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 31 | 1. आवेदन क्र0–22/23<br>2. आवेदक–राजेन्द्र महतो, पिता–स्व0 रघु महतो<br>3. ग्राम–बाबुरामडीह , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32 | 1. आवेदन क्र0–92/23<br>2. आवेदक–स्वरूप भट्टाचार्य, पिता–स्व0 शांति भट्टाचार्य<br>3. ग्राम–मोदीडीह मोहल्ला , पोस्ट–तमाड़ , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 33 | 1. आवेदन क्र0–506/23<br>2. आवेदक–हरि सिंह मुण्डा , पिता–स्व0 घासीराय सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम–बीरडीह , पोस्ट–हाड़ामलोहार , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 34 | 1. आवेदन क्र0–507/23<br>2. आवेदक–काली चरण महतो , पिता–स्व0 जीतु महतो<br>3. ग्राम–कोठाडीह , पोस्ट–परासी , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 35 | 1. आवेदन क्र0–508/23<br>2. आवेदक–केशव चन्द्र महतो , पिता–सत्यनारायण महतो<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–जाजोहातु , थाना–अड़की , प्रखण्ड–अड़की<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ के अंगुठा में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–509/23<br>2. आवेदक–नन्दकिशोर हजाम , पिता–स्व0 लखीचरण हजाम<br>3. ग्राम–काँची , पोस्ट–काँची , थाना–बुण्डु , प्रखण्ड–बुण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–511/23<br>2. आवेदक–सचिदानन्द गुप्ता , पिता–स्व0 त्रिवेणी राम साहू<br>3. ग्राम–वीरगाँव , पोस्ट–सारजमडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–510/23<br>2. आवेदक–गिरीबाला देवी , पति–दुधेश्वर महतो<br>3. ग्राम–बीरगाँव , पोस्ट–सारजमडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना नाक के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–383/23<br>2. आवेदक–भगत महतो , पिता–रामदयाल महतो<br>3. ग्राम–कुबासाल, जामटोला , पोस्ट–विजयगिरि , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–382/23<br>2. आवेदक–सुकरा महतो , पिता–स्व0 सहदेव महतो<br>3. ग्राम–मल्हान भुईयाडीह , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–468/23<br>2. आवेदक–निरंजन सिंह मुण्डा , पिता–सम्बद सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम–जिलिंग सेरेंग , पोस्ट–जिलिंग सेरेंग , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें भौवे के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–273/23<br>2. आवेदक–ईश्वर दयाल महतो , पिता–राखाल महतो<br>3. ग्राम–बुढाडीह , पोस्ट–विजयगिरी , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–280/23<br>2. आवेदक–विष्णु प्रजापति , पिता–स्व0 चामरा प्रजापति<br>3. ग्राम–पालना , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–279/23<br>2. आवेदक–नेपाल माँझी , पिता–स्व0 मोसरानी माँझी<br>3. ग्राम–पालना , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–288/23<br>2. आवेदक–सम्पूर्ण महतो , पिता–अधनू महतो<br>3. ग्राम–जिलिंग सेरेंग , पोस्ट–जिलिंग सेरेंग , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ के अंगुली में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–289/23<br>2. आवेदक–मोहित महतो , पिता–सुरेन्द्रनाथ महतो<br>3. ग्राम–जिलिंग सेरेंग , पोस्ट–जिलिंग सेरेंग , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR305213 (Home)23-24*D

## न्यूज रील्स

### सीमा हैदर ने मोदी व योगी को राखी भेजी

लखनऊ। पाकिस्तान से भारत आयी सीमा हैदर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और संघ प्रमुख मोहन भागवत को राखी भेजी है।

### 32 हजार करोड़ की योजनाओं से भव्य रूप ले रही अयोध्या

अयोध्या। अयोध्या में 32 हजार करोड़ की योजनाएं आकार ले रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश व सख्ती के बाद विकास योजनाओं की गति बढ़ गयी है। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा से पहले कई योजनाएं मूर्त रूप ले चुकी होंगी। राम मंदिर के उद्घाटन के बाद यहां आने वाले लाखोंभक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिहाज से अयोध्या को तैयार किया जा रहा है। दिसंबर 2023 में गर्भगृह का निर्माण पूरा कर जनवरी 2024 में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी है।

### हिमाचल में इकलौता नागलोक मंदिर बना

सोलन/शिमला। हिमाचल प्रदेश में शक्तिपीठों और प्राचीन एवं भव्य मंदिरों की कड़ी में एक और ऐतिहासिक मंदिर जुड़ने जा रहा है। सोलन जिले के साधुपुल में स्थापित रामलोक मंदिर के परिसर में विश्व का इकलौता नागलोक मंदिर बनकर तैयार है।

# ब्रिक्स समिट में शामिल होने साउथ अफ्रीका पहुंचे मोदी

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 15वीं ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग पहुंच गये हैं। यहां उनका स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। उन्हें रिसीव करने के लिए साउथ अफ्रीका के उपराष्ट्रपति पॉल शिपोकोसा मैशाटाइल वाटरक्लूफ एयरबेस पहुंचे। इस दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची भी वहां मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत साउथ अफ्रीका के ट्रेडिशनल ट्राइबल डांस के साथ किया गया। पीएम ने एयरपोर्ट पर भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी 24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग शहर में रहेंगे। इस दौरान वो इफ्क्रेर के कुछ सदस्य देशों के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे।



इससे पहले पीएम मोदी जुलाई 2018 में साउथ अफ्रीका गये थे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए जोहान्सबर्ग पहुंच चुके हैं। ऐसे में पीएम मोदी की उनसे मुलाकात हो सकती है। ब्रिक्स समूह में भारत के अलावा चीन, रूस, साउथ अफ्रीका और ब्राजील भी शामिल हैं।

## एमसीएल को गुणवत्ता सुधार के लिए मिला पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड लिमिटेड (एमसीएल) ने ग्रीनटेक फाउंडेशन से 'गुणवत्ता सुधार' के लिए प्रतिष्ठित प्रथम पुरस्कार हासिल किया। 21 अगस्त को नयी दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में एमसीएल की ओर से रविकेश कुमार राजू, महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) ने पुरस्कार प्राप्त किया।



एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ओपी सिंह ने कोयले की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयासों और प्रतिबद्धता के लिए टीम एमसीएल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि के लिए गुणवत्ता के उच्चतम मानक बनाये रखने के हमारे प्रयास जारी रहने चाहिए। इससे पहले कंपनी को वित्त वर्ष 2022-23 में गुणवत्ता आश्वासन के लिए कोयला मंत्री का पुरस्कार मिला था।

### महिला होमगार्ड आत्महत्या उद्यम मामला

## आइपीएस बृजेश राय का किया गया तबादला





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महिला होम गार्ड आत्महत्या उद्यम मामला में आइपीएस ब्रिजेश राय का तबादला राज्य पुलिस मुख्यालय कटक में कर दिया गया है। ब्रिजेश राय अंगुल के डीआइजी थे। महिला होम गार्ड को कथित तौर पर ब्रिजेश राय की पत्नी ने लगातार यातना दे रही थी। यातना को सहन करने में असमर्थ महिला गृह रक्षक ने कथित तौर पर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जबकि महिला की जान बच गयी, परंतु उनका दोनों पैर खो दिये। महिला होमगार्ड अंगुल जिले के राणीगुडा की सैरिद्री साहू हैं।

होम गार्ड्स डीजी को लिखे अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि वह अंगुल जिले में पिछले 19 वर्षों से होम गार्ड के रूप में काम कर रहे हैं। उन्हें डीआइजी रैंक के अधिकारी ब्रिजेश कुमार राय के घरेलू काम सौंपा गया था, जो सात महीने पहले अंगुल में आये हुए थे। वह डीआइजी के घर के सभी काम करती थी, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी काम में थोड़ी सी भी गलती होने पर डीआइजी की पत्नी उनके साथ मारपीट करती थी और नौकरी छीन लेने की धमकी देती थी। बता दें कि पिछले 4 तारीख को डीआइजी की पत्नी ने गला दबा कर उसे घर से निकाल दिया। उनका आरोप है कि इस तरह की प्रताड़ना और नौकरी जानेका के डर से उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। उसने रेल लाइन पर सोकर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन वह बच गयी, परंतु उन्होंने अपने दोनों पैर हमेशा के लिए खो दिये।

## मुंबई-रांची इंडिगो फ्लाइट में पैसेंजर की तबीयत बिगड़ी

मुंबई। नागपुर एयरपोर्ट पर मुंबई से रांची जा रहे इंडिगो प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। पैसेंजर देवानंद तिवारी अचानक खून की उल्टियां करने लगा। इसे देखते हुए फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवायी गयी। घटना सोमवार देर शाम की है। पैसेंजर को नागपुर में ही भर्ती करवाया गया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं.: जी.एस.-डी.डी.यू.-एस एंड टी – ओ.टी.-01-23, वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, गति शक्ति/डी.डी.यू. मंडल पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई-निविदा, अनुभवी ठेकेदारों से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमंत्रित करती है। 1. कार्य का नाम एवं स्थान : डिजाईन, मैन्यूफैक्चर, सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ सॉलिड स्टेट इंटरलॉकिंग (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम कंफर्मिंग टू आरडीएसओ/एसपीएन/192/2019 भर्सन 2.0 विथ लेटेस्ट अमेंडमेंटस एट कुदरा, पुसौली, शिव सागर रोड एंड खुर्माबाद स्टेशन्स इन डीडीयू डिविजन ऑफ ई.सी.रेलवे, इनक्लूडिंग ऑल इनडोर एंड आऊटडोर सिंगनलिंग वर्क्स। 2. कार्य का अनुमानित मूल्य : रू. 21,28,54,467.42/– (इक्कीस करोड़ अठाईस लाख चौवन हजार चार सौ सड़सठ रूपये एवं बयालीस पैसे मात्र)। 3. धरोहर राशि : रू. 12,14,300.00 (बारह लाख चौदह हजार तीन सौ रूपये मात्र)। 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.09.2023 को 12:30 बजे तक। 5. वेबसाईट का पता जहाँ से ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।: www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/गति शक्ति
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/0994/डीडीयूजीएस/एस एण्ड टी/टी/23-24/36




## जिंदल स्टेनलेस ने प्रतिष्ठित परियोजना के लिए आयात विकल्प के रूप में स्टेनलेस स्टील प्लेटों की आपूर्ति की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी, जिंदल स्टेनलेस ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए थर्मैक्स बेबकॉक एंड विलकॉक्स एनर्जी सॉल्यूशन्स लिमिटेड (टीबीडब्लूइएस) को आयात विकल्प के रूप में स्टेनलेस स्टील प्लेटों की आपूर्ति की है। थर्मैक्स बेबबॉक एंड विलकॉक्स एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (टीबीडब्लूइएस) के खरीद प्रमुख एसके रायचूर ने जिंदल स्टेनलेस के प्रयासों और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि हमें सर्वश्रेष्ठ स्टेनलेस स्टील प्लेट प्रदान करने के लिए हम जिंदल स्टेनलेस के आभारी हैं। कंपनी के दृष्टिकोण और पहलों के बारे में बात करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं हिसार इकाई के प्रमुख विजय कुमार बिंदलिश ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस वैश्विक कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और उनके स्टेनलेस स्टील सॉल्यूशन्स की जगह लेने की अपनी क्षमता पर गर्व करता है। हमारी कंपनी की स्थापना भारत में घरेलू स्टेनलेस स्टील की खपत बढ़ाने के साथ-साथ आयात कम करने के उद्देश्य से की गयी थी। पिछले पांच दशकों में हमने उस समय के परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखा है, जब इस क्षेत्र में आयात पर 100 प्रतिशत निर्भरता थी। हम भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हिसार इस दिशा में हमारे योगदान का प्रमाण है।









## लावी स्पोर्ट के ब्रांड एम्बेसडर बने रणवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सही प्रोडक्ट्स का चुनाव कर ऐक्टिव लाइफस्टाइल को और भी बेहतर बनाने के नजरिये के साथ, ब्रैंड लावी स्पोर्ट ने हाल ही में बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह को अपना ब्रैंड एम्बेसडर बनाया है। सुपरस्टार रणवीर के साथ यह सहयोग, स्टाइल को लेकर जागरूक आज के दौर के युवाओं की एथलीशर मांगों को पूरा करने की लावी स्पोर्ट की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। साथ ही यह ब्रैंड अपने मौजूदा ग्राहकों के साथ भी उतना ही प्रासंगिक बना हुआ है।

एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने की ब्रैंड की मूल सोच पर निर्मित, लावी स्पोर्ट का लक्ष्य ग्राहकों को ऐसे बैग्स देना है, जो टिकाऊपन, स्टाइल और ज्यादा सुरक्षा की पेशकश कर ग्राहकों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा कर सके।



कंटेंपररी, वर्सेटाइल और नये जमाने के प्रोडक्ट्स की एक विशाल रेंज से लैस, लावी स्पोर्ट ब्रैंड में कई तरह के प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जैसे कि बैगपैक्स, डफल बैग्स, लैपटॉप बैग्स, वॉलेट, इत्यादि। ये प्रोडक्ट्स वीकेंड गेटअवे या वैकेशन, ऑफिस, जिम या फिर जहां भी आप जाना चाहें, उसके लिए बिल्कुल परफेक्ट है। रणवीर, डिजिटल तथा सोशल मीडिया पर मौजूद ढेर सारे विज्ञापनों के जरिए, ब्रैंड के मौजूदा पोर्टफोलियो के साथ-साथ सबसे नये कलेक्शन का भी प्रचार करते नजर आयेंगे।

इस साझेदारी पर अपनी बात रखते हुए सीइओ और फाउंडर, लावी एंड लावी स्पोर्ट, आयुष तैनवाला ने कहा कि लावी स्पोर्ट में हमने हमेशा ही कुछ बेहतरीन करने पर फोकस किया है और हम उच्च उदाहरण स्थापित करना चाहते हैं। हम समझते हैं कि यह बाजार कितना विविधतापूर्ण है और हम ऐसे नये ट्रेंड्स लेकर आना चाहते हैं, जो हमारे ग्राहकों को अपनी तरफ खींच सके।

ब्रैंड के साथ इस साझेदारी के बारे में सुपरस्टार रणवीर सिंह कहते हैं कि लावी स्पोर्ट जैसे ब्रैंड के साथ जुड़ कर मैं बहुत खुश हूं, जिसने हर किसी के स्टाइल और पसंद के अनुसार बड़ी ही सहजता से स्टाइल, फंक्शनेलिटी और आराम को शामिल किया है। उनके प्रोडक्ट्स की विविधता अलग-अलग जरूरतों और मौकों के लिए उन्हें एक जरूरी एसेसरी बनाती है, चाहे ट्रैवल करना हो या फिर हर दिन इस्तेमाल करना हो। उनके मॉडर्न डिजाइन ना केवल आराम, सुरक्षा और मल्टी-फंक्शनेलिटी प्रस्तुत करते हैं, बल्कि बेहद ही आसान इस्तेमाल के विकल्प भी देते हैं, जो इन बैग्स को आज के दौर के युवाओं के सफर का सबसे पसंदीदा बैग बनाता है।




| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |










## मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने स्वतंत्रता सेनानी मकर चरण दास के निधन पर दुख व्यक्त किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने स्वतंत्रता सेनानी मकर चरण दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोक संदेश में कहा कि दिवंगत दास एक महान देशभक्त थे। देशभक्तिपूर्ण सेवा के साथ एक समाज सुधारक के रूप में उन्होंने सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका त्याग का सरल जीवन सभी के लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि स्वर्गीय दास का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाये।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**